वाराणसी, सोमवार 24 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 14, अंक 19, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : अथ भारत-विभाजन कथा



अन्दर : भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कुछ लोग देश-धर्म को कमजोर करने में लगे हैं : पीएम मोदी

## छतरपुर में बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की नींव रखी

**विपक्ष पर हमला**

**दस एकड़ में बनेगा और शुरू में सौ बेड वाला होगा**

**महाकुंभ ने हमारी एकता को और मजबूत किया है**



**भोपाल।** प्रधानमंत्री मोदी ने छतरपुर के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की नींव रखी, एकता व संस्कृति पर जोर दिया, आयुष्मान योजना व सस्ती दवाइयों की बात की और धीरेंद्र शास्त्री की बारात में आने का भी वादा किया। लेकिन अपने भाषण में वे विपक्षी नेताओं पर निशाना साधने से नहीं चूके और कहा कि कुछ नेता विदेशियों से मिलकर देश व धर्म को कमजोर कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम में नरेंद्र मोदी ने बनने वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखी। उन्होंने 35 मिनट जनता को संबोधित किया। इस दौरान विपक्ष पर हमला बोला, धीरेंद्र शास्त्री की तारीफ की और उनकी मां से भी मुलाकात भी की। कहा, कुछ लोग हैं, जो हमारी संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं

पीएम मोदी ने बुंदेलखंडी में बोलकर अपने भाषण की शुरूआत की। मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान दस एकड़ में बनेगा।

पहले चरण में ही 100 बेड की सुविधा होगी। मैं इस काम के लिए धीरेंद्र शास्त्री को बधाई देता हूं। वैसे नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है। और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं।

गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए लोग हमारे मठ, मान्यताओं और मंदिरों पर, संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व, परंपरा और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है उस पर ये कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही उनका मकसद है। मोदी ने कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की जिम्मेदारी। यानी अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। मोदी ने कहा कि साथियों हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम ये एक ओर पूजन और साधना के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चिंतन, सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया, योग का विज्ञान दिया, जिसका परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। अर्थात दूसरों की सेवा ही धर्म है। इसलिए नर में नारायण, जीव मे शिव, इस भाव से जीवमात्र का सेवा, यही हमारी परंपरा रही है।

### महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देगा

मोदी ने कहा, आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। संतों के दर्शन किए हैं। अगर इस महाकुंभ की तरफ नजर करें तो सहज भाव उठ जाता है ये एकता का महाकुंभ है। आने वाली सदियों तक 144 वर्ष के बाद हुआ ये महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देता रहेगा और देश की एकता को मजबूती देने का अमृत परोसता रहेगा। लोग सेवाभाव से लगे हैं, जो भी कुंभ में गया है, एकता के दर्शन तो किए हैं, लेकिन जिन-जिनसे मेरा मिलना हुआ है, दो बातें महाकुंभ में गए हुए हर व्यक्ति के मुंह से हिंदुस्तान के कोने-कोने से सुन रहा हूं। एक स्वच्छता कर्मियों के गुणगान कर रहे हैं। चौबीसों घंटे जिस सेवाभाव में एकता के महाकुंभ में स्वच्छता कार्य को संभाल रहे हैं, मैं उन सभी को आदरपूर्वक नमन करता हूं।



### मेरा संकल्प, इलाज का खर्च कम करूंगा

मोदी बोले, मैं आप सबकी तरह गरीब परिवार से निकला हूं। मैंने तकलीफों को देखा है, इसलिए संकल्प लिया कि मैं इलाज का खर्च कम करूंगा और आपकी जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा बचाऊंगा। पांच लाख तक का इलाज बिना किसी खर्च के किसी बेटे को अपने माता-पिता का नहीं करवाना है। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है। इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है वो जल्दी बनवा लें। दवाओं का खर्च कम करने के लिए 14 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। जो दवाई बाजार में 100 रुपए में मिलती है, जन औषधि केंद्र में वहीं दवाई 15-20 रुपए में मिलती है। बहुत बार खबरें आती है, गांव-गांव किडनी की बीमारी काफी फैल रही है। लगातार डायलिसिस करानी पड़ती है। दूर-दूर जाना पड़ता है। खर्च बहुत बढ़ता है। आपकी ये मुसीबत कम हो इसलिए हमने 700 से ज्यादा जिलों में 1500 से ज्यादा डायलिसिस केंद्र खोले हैं। यहां मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

# इस बार दिल्ली में हुई लैंडिंग

**जगह बदली**

**अमेरिका से अबकी आया सामान्य विमान**

**आए सिर्फ 12 भारतीय चार पंजाब के रहने वाले**



**नई दिल्ली।** अमेरिका से लगातार वहां गैर कानूनी ढंग से रह रहे भारतीयों को रिपोर्ट किया जा रहा है। यह सिलसिला रविवार को भी जारी रहा।

अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 अवैध अप्रवासियों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इमसें चार लोगों पंजाब के हैं। जिनमें से एक बटाला, एक गुरदासपुर, एक जालंधर और एक चंडीगढ़ का है। खास बात यह है कि इस बार इनकों अमेरिका ने खास विमान नहीं बल्कि आम प्लेन से भेजा है। इन सभी से भारतीय सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

### अमेरिका ने अब तक 322 भारतीयों को वापस भेजा

अमेरिका अब तक तीन सैन्य विमानों के जरिए 332 भारतीयों को भारत भेजा है और आम विमान से 12 भारतीयों को भेजा है। इस तरह इनकी संख्या 344 हो गई है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लाने वाली पहली फ्लाइट 5 फरवरी को भारत के अमृतसर में लैंड हुई। तब इसमें 104 लोग सवार थे, जिनमें 30 पंजाबी थे। इसके अलावा 15 फरवरी को 116 और 16 फरवरी को 112 भारतीयों को लेकर भी अमेरिकी सैन्य उड़ानें भारत पहुंची थीं। तो अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय दक्षिण अमेरिकी देश कैसे पहुंचे अमेरिकी मीडिया की पिछले कुछ दिनों की रिपोर्ट्स को देखा जाए तो सामने आता है कि अमेरिका तीन अलग-अलग देशों से एक समझौता कर चुका है। इसके तहत अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को पहले दूसरे देश में रखा जा रहा है, जो कि ट्रांजिट पॉइंट के तौर पर तय किया गया है। यह देश निर्वासित प्रवासियों को अपने यहां रखने का जिम्मा उठा रहे हैं। अमेरिका से आने के कुछ दिन बाद उन्हें अपने-अपने देशों में भेजा जा रहा है। अमेरिका ने जिन देशों में निर्वासित किए गए लोगों को रखने का समझौता किया है, उनमें पनामा, ग्वाटेमाला और कोस्टा रिका शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इन देशों से प्रवासियों को वापस भेजने में मदद देने की भी बात कही है। पनामा में दूसरे देशों के करीब 300 प्रवासियों को अस्थायी तौर पर रखा जा रहा है। इन्हें पनामा के डेरियन जंगलों में एक दूर के शरणार्थियों के लिए तय किए गए होटल में रखा गया है। रिपोट्र्स की मानें तो पनामा ने इन प्रवासियों को डैकेपोलिस नाम के एक होटल में रखा है।

# विस सत्र हंगामेदार होने की संभावना

**सेशन आज से**

**भाजपा-आप ने विधायक दल की बैठक करके तय की रणनीति**

**आतिशी चुनी गईं आम आदमी पार्टी विधायक दल की नेता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है और इसके हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। भले ही यह सत्र केवल तीन दिन का हो, लेकिन जिस प्रकार से कार्यवाही की सूची सामने आई है और दिल्ली सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी आम आदमी पार्टी ने अपनी रणनीति तैयार की है, उससे यह साफ है कि विधानसभा में तीखी नोकझोंक होगी। दोनों पार्टियों ने सत्र के मद्देनजर अपनी रणनीति तय करने के लिए रविवार को अपने-अपने विधायक दल की बैठक की।

सत्र 27 फरवरी तक चलेगा, जिसमें 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर कार्यवाही स्थगित रहेगी। इस बीच आम आदमी पार्टी ने पूर्व सीएम आतिशी मर्लेना को विधायक दल का नेता चुना है और इसका अर्थ यह भी है कि सदन में पक्ष व विपक्ष की बागडोर महिला के हाथ में रहेगी। सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को विधानसभा के सदस्य शपथ लेंगे, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी शामिल होंगे। उनको प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता को स्पीकर पद के लिए चुना जाएगा। बताया जा रहा है कि विपक्षी आम आदमी पार्टी ने अपने किसी विधायक का नाम स्पीकर पद के लिए प्रस्तावित नहीं किया है, जिससे यह तय है कि विजेंद्र गुप्ता निर्विरोध स्पीकर चुन लिए जाएंगे। इसी तरह पहले दिन उपाध्यक्ष पद का भी चुनाव होगा। इस पद के लिए भाजपा ने अपने वरिष्ठ विधायक मोहन सिंह बिष्ट का नाम तय किया है।

25 फरवरी को सत्र का दूसरा दिन होगा और इस दिन सदन में कई महत्वपूर्ण घटनाएं होने की संभावना है। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पहली बार विधानसभा को संबोधित करेंगे।



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# तेलंगाना में श्रमिकों के सुरंग के बाहर निकलने की संभावना क्षीण!

**आशंका**

**बचाव दल का अभियान जारी, कोयलरीज के जीएम ने कहा-उम्मीद नहीं**

**सुरंग में 11 किलोमीटर तक पानी भर चुका है**



**हैदराबाद।** एसएलबीसी परियोजना में सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद पिछले 30 घंटों से फंसे आठ लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर की सुरंग में जारी बचाव अभियान पर सिंगरेनी कोलियरीज के महाप्रबंधक श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, हमने कल और आज घटनास्थल का निरीक्षण किया। पानी 11 किलोमीटर तक भर गया है। अंदर फंसे श्रमिकों के सकुशल बाहर निकाले जाने की संभावना कम है। हालांकि, राहत और बचाव दल सुरंग के नीचे फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय सेना ने चिकित्सा दल और इंजीनियरों को तैनात किया। भारतीय सेना के बाइसन डिवीजन के इंजीनियर टास्क फोर्स (ईटीएफ) को बचाव अभियान में सहायता के लिए तैनात किया गया है। उच्च क्षमता वाले पंपिंग सेट, बख्तरबंद नली, उत्खननकर्ता और बुलडोजर से लैस सेना की चिकित्सा टीमें और इंजीनियर मलबे को हटाने और ढह गई सुरंग से सुरक्षित निकासी की सुविधा के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर परियोजना की सुरंग की छत का एक हिस्सा शनिवार को ढहने के बाद लगभग 14 किलोमीटर अंदर आठ लोगों के फंस जाने के बाद बचाव दल आगे बढ़ा और उस स्थान पर पहुंच गया, जहां घटना के दौरान सुरंग बोरिंग मशीन काम कर रही थी। नगरकुरनूल के जिला कलेक्टर बी संतोष ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, गाद के कारण उस स्थान तक पहुंचने में चुनौती बनी हुई है, जहां लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान की निगरानी कर रहे कलेक्टर ने कहा कि एनडीआरएफ की चार टीमें- एक हैदराबाद से और तीन विजयवाड़ा से, जिनमें 138 सदस्य शामिल हैं, सेना के 24 जवान, एसडीआरएफ के जवान, एससीसीएल के 23 सदस्य उपकरणों के साथ और इंफ्रा फर्म के सदस्य बचाव अभियान में लगे हुए हैं।

### 9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाना बाकी

मंत्री रेड्डी ने आगे कहा कि एसएलबीसी परियोजना को 35 साल पहले मंजूरी दी गई थी। लगभग 30 साल पहले सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि 44 किलोमीटर लंबी सुरंग में से लगभग 9 किलोमीटर की सुरंग बची है, जिस पर काम किया जाना बाकी है।

### मंत्री बोले, हमने उम्मीद अभी छोड़ी नहीं है

मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कल से लापता आठ लोगों के सुरक्षित होने के लिए हम उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि उन्हें शाम तक खोजकर बचा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम लापता हुए आठ लोगों की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं।' मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि मैं हर मिनट निगरानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब सुरंग ढही, तब लगभग 70 लोग सुरंग में काम कर रहे थे। उनमें से अधिकांश बचकर अपनी आंतरिक ट्रेन या लोकोमोटिव से वापस आ गए, लेकिन कल से आठ लोग लापता हैं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जहां आठ जिंदगियां फंसी हुई है। बता दें कि, डोमलपेंटा के पास सुरंग का एक हिस्सा कल ढह गया था, जहां काम करने के लिए गए आठ मजदूर फंस गए हैं।

# नेपाल में केबल कार योजना का विरोध

**नाराजगी**

**पूर्वी नेपाल में हिंसक झड़प प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबल भिड़े, 24 घायल**

**काठमांडू।** नेपाल के तापलेजंग जिले में केबल कार परियोजना का विरोध हो रहा है। पाथिभरा इलाके में केबल कार परियोजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प में 12 सुरक्षाकर्मियों समेत कम के कम 24 लोगों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि 'नो केबल कार' नाम का समूह केबल कार निर्माण का विरोध कर रहा है। विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की दलील है कि इस परियोजना के कारण क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान मिट जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हिंसा में शामिल होने के 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि तनाव पैदा होने के कारण तापलेजंद जिला प्रशासन ने फुंगलिंग बाजार और पाथिभारा क्षेत्र सहित जिले के कई हिस्सों में रविवार सुबह से ही निषेधाज्ञा लगाई गई।

प्रतिबंधित इलाकों में पांच से अधिक लोगों को एक साथ जमा होने, सभा, जुलूस, प्रदर्शन जैसी गतिविधियों में शामिल की अनुमति नहीं होगी।

# आज से शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**आगाज**

**पहले दिन हिन्दी का पेपर होगा, 17 जिले अतिसंवेदनशील, एलआईयू की रहेगी निगरानी**

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। पहले दिन दोनों पालियों में हिंदी का पेपर होगा। प्रदेश भर में 8140 केंद्रों पर 54 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 17 जिलों के संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी।

एसटीएफ, एलआईयू आदि एजेंसियां परीक्षा को देखते हुए सक्रिय हैं। परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की तैयारी माध्यमिक शिक्षा विभाग ने की है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों को भी शारीरिक व मानसिक तौर पर आश्वस्त रखने के उपाय किये गए हैं। अबकी पहली बार केंद्रों पर परीक्षार्थियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श की भी व्यवस्था की गई है। ताकि परीक्षार्थी, परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसके तहत हर परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गई है।





परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में परीक्षार्थियों के लिए मनोचिकित्सा परामर्श सेवा की भी व्यवस्था की है। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर प्रशिक्षित मनोचिकित्सक उपलब्ध होंगे, जो परीक्षार्थियों को तनाव, चिंता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर मार्गदर्शन करेंगे। इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी चिंताओं का समाधान हो सकेगा। इसके साथ ही महिला परीक्षार्थियों के लिए विशेष हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गई है।

### यह की गई है व्यवस्था

- राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी होगी।
- स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है।
- संदिग्ध परीक्षा केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी।
- बिजली विभाग को परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी
- ऑनलाइन वेरिफिकेशन सिस्टम से फर्जी परीक्षार्थियों की पहचान हो सकेगी
- स्ट्रॉन्ग रूम में रखे प्रश्न पत्रों की 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी होगी।
- उत्तर पुस्तिकाओं पर वाटरमार्क और क्यूआर कोड की व्यवस्था

# कोई भी परियोजना फंडिंग चुनाव से नहीं जुड़ी थी

**वित्त मंत्रालय का खंडन**

**कहा-सात परियोजनाओं के लिए मिले थे 75 करोड़ डॉलर**

**वित्त मंत्रालय ने कहा- कोई प्रोजेक्ट चुनाव से जुड़ा नहीं**


**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से बढ़ा था विवाद**

**नई दिल्ली।** पिछले लोकसभा चुनाव में अमेरिकी एजेंसी के फंडिंग करने के विवाद के बीच वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमेरिकी एजेंसी ने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं की फंडिंग की। लेकिन इसमें से कोई भी परियोजना चुनाव या मतदान बढ़ाने से जुड़ी नहीं है। एजेंसी ने कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जल, सफाई एवं स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंडिंग की।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) फंडिंग विवाद के बीच वित्त मंत्रालय ने बड़ा खुलासा किया है। वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमेरिकी एजेंसी ने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं की फंडिंग की। लेकिन इसमें से कोई भी परियोजना चुनाव या मतदान बढ़ाने से जुड़ी नहीं है।

वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि मौजूदा समय में भारत सरकार के साथ साझेदारी के तहत अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) ने सात परियोजनाओं के लिए 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फंडिंग की है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की सात परियोजनाओं के तहत एजेंसी द्वारा कुल 97 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 825 करोड़ रुपये) का दायित्व बनाया गया है।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में परियोजनाओं की जानकारी भी दी है। इसके तहत अमेरिकी एजेंसी ने कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जल, सफाई एवं स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंडिंग की। जबकि मतदान बढ़ाने या चुनाव से जुड़ी कोई फंडिंग नहीं की गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एजेंसी ने वन एवं जलवायु अनुकूल कार्यक्रम और ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी व्यवसायीकरण और नवाचार परियोजना के लिए फंडिंग करने का वादा किया है। 1951 में भारत को अमेरिका से मदद मिलनी शुरू हुई थी। यूएसएआईडी की ओर से अब तक भारत को 555 परियोजनाओं के लिए 1700 करोड़ रुपये की मदद मिल चुकी है।





### ट्रंप के बयान के बाद खड़ा हुआ विवाद

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए...यह चौंकाने वाला है। भारत के पास पहले से ही काफी पैसा है। वे सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देश हैं। हम मुश्किल से उनके बाजार में अपना सामान भेज पा रहे हैं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। मैं भारत और उनके प्रधानमंत्री का सम्मान करता हूं, लेकिन भारत के चुनाव में 2.1 करोड़ की फंडिंग देने का क्या मतलब है? यहां के मतदान प्रतिशत का क्या? इसके बाद भारत में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### सरकारी दक्षता विभाग ने किया था खुलासा

हाल ही में एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने खुलासा किया है कि अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों को फंडिंग देने वाली एजेंसी यूएसएआईडी के जरिए भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया गया। सरकारी दक्षता विभाग ने फिलहाल यूएसएआईडी द्वारा की जाने वाली अधिकतर फंडिंग पर रोक लगा दी है।

### फंडिंग पर भारत की प्रतिक्रिया

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस मामले पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, 'ट्रंप प्रशासन से जो जानकारी सामने आई है, वह चिंताजनक है। सरकार इस पर जांच कर रही है। अगर इसमें कोई सच्चाई है, तो देश को यह जानने का हक है कि इसमें कौन लोग शामिल हैं।' जयशंकर ने यह भी कहा कि यूएसआईडी को भारत में अच्छे कामों के लिए अनुमति दी गई थी, लेकिन अगर इसमें कोई गलत गतिविधि हो रही है, तो इसकी जांच जरूरी है।

**कांग्रेस ने लगाए आरोप**

यूएसएड फंडिंग विवाद के बीच, कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने भाजपा पर 'अमेरिका से झूठी खबरें' फैलाने और 'राष्ट्र-विरोधी कार्य' करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह बताना चाहिए कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क बार-बार भारत का 'अपमान' कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है? हालांकि, भाजपा ने कांग्रेस के सभी आरोपों को खारिज कर दिया।

# टूरिस्ट बस की चपेट में आकर युवक की मौत

**दूसरा घायल**

**बस को ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा**

**वाराणसी।** सारनाथ गोला (सिंहपुर) में टूरिस्ट बस की चपेट में आने से रविवार को एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार पाराडीह, थाना सिंधौरा निवासी करन राजभर (18) अपनी बुआ के लड़के जाटी, थाना सिंधौरा निवासी विशाल राजभर के साथ सारनाथ से मुर्गा लेकर जा रहा था। गोला में टूरिस्ट बस को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर बस के पिछले चक्के के नीचे आ गया। जिससे करन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विशाल को हल्की चोट लगी।

करन की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां गीता देवी ने बताया कि करन जब सारनाथ जा रहा था तो मैने बड़े भाई की सास से मिलने को कहा था, लेकिन करन अपने भाई के ससुराल नहीं गया। करन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई राजन का ससुराल सारनाथ के गंज मुहल्ले में हैं। करन हाइस्कूल की परीक्षा देने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कार-बाइक की टक्कर में तीन घायल

**रामनगर।** स्थानीय थानांतर्गत रामबाग दुर्गा मन्दिर के समीप एक कार ने बाइक और साइकिल को धक्का मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग सवा बारह बजे बाइक सवार संजय कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी हिंदवारी,थाना अलीनगर, जनपद चंदौली अपनी पत्नी आशा देवी व बेटी अनुजा कुमारी के साथ जा रहे थे कि सामने से आ रही एक पुलिस लिखी कार ने सामने से बाइक में धक्का मार दिया। मोटरसाइकिल सवार संजय कुमार उनकी पत्नी आशा देवी व उनकी बेटी अनुजा कुमारी घायल हो गए। मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायलों को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर पहुंचाया गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है। कार ने एक साइकिल सवार वृद्ध को भी धक्का मार दिया। लेकिन संयोग अच्छा रहा कि साइकिल सवार को चोट नही लगी। कार किसी हेड कॉन्स्टेबल की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है। उसी के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

## आभूषण की दुकान पर उचक्कागिरी

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के गौराकला बाजार स्थित धरम सेठ के आभूषण की दुकान में बीते शनिवार शाम को आभूषण खरीदने पहुंचे दो अज्ञात व्यक्ति पांच लाख रुपये से अधिक के गहने लेकर फरार हो गये। सीसीटीवी कैमरे में दोनों की फोटो दिख रही है। चौबेपुर पुलिस ने गौराकला से लगायत चंद्रा चौराहे तक लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा। लेकिन कैमरे में दिख रहे संदिग्धों की पहचान अभी तक पुलिस नहीं कर पायी है। इस बाबत थाना प्रभारी चौबेपुर जगदीश कुशवाहा ने बताया कि उक्त मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आभूषण की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद फोटो की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा दुकानदार की मां मालती के अनुसार उचक्के आभूषण लेकर चंद्रा की तरफ बाइक से फरार हुए थे। पुलिस पांच किलोमीटर की परिधि में तिराहा चौराहा और बाजार में लगे कैमरों की पड़ताल कर रही है। बहुत जल्द ही उचक्के पुलिस की गिरफ्त में होगें।

# तीन महिला चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**वाराणसी।** विश्वनाथ धाम व काल भैरव के दर्शन करने आये श्रद्धालुओं के चेन व पैसा चोरी करने वाली तीन महिला चोरों को चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चौक थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस आयुक्त के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहेअभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन काशी के आदेश के क्रम में अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में की जा रही चेकिंग के क्रम में श्रद्धालु की बैग चोरी करने वाली तीन शातिर महिला चोर को तीन चेन पीली धातु, दो अंगूठी सफेद धातु एक बाली पीली धातु व आठ सौ रुपये के साथ ठठेरी बाजार मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया। बताया कि बीते दिनों विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने आयी महिला भक्तों की चेन व अन्य सामान चोरी के संदर्भ में चौक थाने में शिकायत की गयी थी जिसके स्वरूप महिला चोरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा टीम का गठन किया गया था।

## संक्षेप

### मारपीट के मामले में पुलिस ने लिखा मुकदमा

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के गांगकला गांव में चारदीवारी छज्जा गिराने के विरोध में मारपीट के मामले में बड़ागांव पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। गांव निवासी गणेश गुप्ता के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस के सेवालाल, मेवालाल, दुधनाथ व सेवालाल की पत्नी मेरे घर का चारदीवारी, छज्जा, शौचालय तोड़ने लगे जो क्षतिग्रस्त हो गया, और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया है।

### एसी का पाइप व तार ले गए चोर

**वाराणसी।** सारनाथ के आशापुर चौराहे से गाजीपुर मार्ग पर स्थित तिलमापुर में चोरों ने बीती रात को ए सी का पाइप व पंखा तोड़ ले गए। इसके पूर्व भी चोरों ने दो जगहों से एसी का पाइप व पंखा चोरी कर चुके हैं। बताया जाता हैं कि आशापुर के योगेश पांडेय की गाजीपुर मार्ग तिलमापुर लंबे सड़क पर अमूल पार्लर की दुकान हैं। ये रात में लगभग 9 बजे दुकान बंद कर चले गए। रात में चोरों ने छत पर लगा ए सी का पाइप, तार व पंखा तोड़ कर ले गए। जब सुबह 8 बजे योगेश दुकान पहुचे तो ए सी चलाने पर नही चली छत पर देखे तो सब गायब था। स्थानीय थाने पर तहरीर दी। इसके तीन दिन पूर्व लंबे सड़क पर डा ए के उपाध्याय, व राम प्रवेश मिश्रा के दुकान के छत पर लगा ए सी पाइप व पंखा चोरी हो चुका है।

### पिकअप व कार की टक्कर में आठ घायल



**मिर्जामुराद।** शिवरामपुर चट्टी के पास हाईवे पर रविवार की सुबह खराब होकर खड़ी श्रद्धालुओं की मालवाहक पिकअप के पिछले हिस्से में तेज रफ्तार कार जा भिड़ी। हादसे में पिकअप में बैठे गाजीपुर के नेवादा (करीमुद्दीनपुर) निवासी राजकुमार, संतोष, जमनती देवी, गिरिजा, सुरसत्ती व सुमन घायल हो गयी। एंबुलेंस की मदद से घायलो को बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजा गया। पिकअप सवार महाकुंभ से वापस लौट रहे थे। टक्कर से बरेली के रामपुर निवासी कार चालक जमीर व कार में सवार पांडेयपुर निवासिनी मीरा विश्वकर्मा चोटिल हो गयी। कार सवार कानपुर से वाराणसी आ रहे थे।

### गंगा में डूब रहे दो को एनडीआरएफ ने बचाया

**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट पर नहाते समय दो लोग डूबने लगे। लोगों ने डूबते देखा तो शोर मचाया। जिसके बाद एनडीआरएफ ने पानी में कूदकर उन्हें बचाया। एक की पहचान नरसिंहा राजू (40) और दूसरे की निहार बाला (13) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों स्नान कर रहे थे एनडीआरएफ द्वारा लगातार लोगों को मना किया जा रहा था कि वाराणसी से आगे जाकर ना स्नान करें पानी कम होने की वजह से वह आगे गए और गहरे पानी में डूबने लगे। दो श्रद्धालुओं को बचाने के लिए एनडीआरएफ के बहादुर बचावकर्मी चंदन कुमार ने बिना समय गंवाए नदी के तेज बहाव में छलांग लगा दी और दोनों श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला।एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी के सभी प्रमुख गंगा घाट पर टीम तैनात की गई है। काशी तमिल संगमम का कार्यक्रम चल रहा है। इसलिए जिन घाटों पर दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के भीड़ अधिक है वहां टीम को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा लगातार श्रद्धालुओं को यह चेतावनी दी जा रही है कि वह बेरिकेडिंग के आगे ना जाए। प्रमुख घाटों पर बैरिकेटिंग भी मजबूत की गई है।

## शव मिलने से सनसनी

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कपसेठी बड़ागांव मुख्य मार्ग चिलबिला गांव के पास ग्रामीणों को सड़क किनारे एक क्षतिग्रस्त बाइक दिखाई पड़ी जब पास में गये तो देखा पटरी के नीचे गड्ढे में खुन से लथपथ एक युवक पड़ा था जिसमें ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन प्रारंभ किया तो पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कराते हुए पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान इसी थानाक्षेत्र के रमईपट्टी गांव निवासी मंगरू बनवासी के पुत्र विकास वनवासी के रूप में हुई है । परिजनों के अनुसार मृतक कल घर से बगैर हेलमेट पहने अपनी बाइक से शनिवार को कपसेठी के लिए निकला था रात में घर वापस लौटते समय संभवतः बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पटरी पर गड़े बिजली के खंभे से टकरा गई और सर मुंह पर गंभीर चोटें लगी है घटना स्थल पर अधिक रक्त स्राव होने से युवक की मौत हो गयी। वहीं ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त किया है की किसी अज्ञात वाहन के धक्का मारने से उसकी बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। अविवाहित है इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। लोगों का कहना है कि युवक हेलमेट पहना होता तो शायद जान बच जाती।

# लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विनय



**रामनगर।** रामनगर दी लायर्स एसोसिएशन का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। विनय सिंह पिस्टल रामनगर लायर्स एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए। रविवार को सम्पन्न हुए एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अगम को हराकर जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी लक्ष्मेश्वर शर्मा की देख रेख में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए खड़े विनय सिंह पिस्टल को 132 और अगम कुमार को 52 वोट मिले। इस तरह पिस्टल ने 80 वोटों से एकतरफा जीत हासिल की। महामंत्री पद के लिए अरुण जायसवाल और अविनाश चौहान को 66, 66 वोट मिले। अंततः निर्णय लिया गया कि दोनों को संयुक्त रूप से आगामी सत्र के लिए महामंत्री घोषित कर दिया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए कलामुद्दीन और अजय रावत के बीच कांटें की टक्कर देखने को मिली। कलामुद्दीन को 68 जबकि अजय रावत को 64 वोट मिले। इस तरह कलामुद्दीन चार वोटों के अंतर से उपाध्यक्ष चुने गए। अजीत कुमार कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव के दौरान उमेश पाठक, प्रशांत सिंह, विष्णु श्रीवास्तव, अखिलेश, आजम सिद्दीकी, सुरेन्द्र यादव, संतोष राम, दिनेश कुमार यादव, राजेश रंजन आदि थे।

# सड़क पर बह रहा पोखरी का पानी

**बढ़ी परेशानी**

**आने-जाने वाले लोगों को झेलनी पड़ रहीं दुश्वारियां**

**लोगों ने ग्रामसभा की जमीन पर कर लिया है कब्जा**



**पिंडरा।** स्थनीय तहसील के सिसवां (बाबतपुर) गांव में नवीन परती के जमीन पर वर्षों से कब्जा जमाये लोगों को बेदखली का आदेश हुआ, लेकिन अभी तक जमीन खाली नहीं हुई। ऐसे में पोखरी का पानी सड़क पर बहने से आने-जाने वाले लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है।

बताया जा रहा है कि सिसवां गांव के संजय दुबे ने गांव के नवीन परती आराजी नंबर 356 पर गांव के कई लोगों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत तहसीलदार से की थी। तहसीलदार न्यायालय से आरसी प्रपत्र 20 तामिला के पश्चात भी कोई कब्जेदार हाजिर नहीं हुए। जब तहसीलदार न्यायालय से आदेश हुआ कि प्रतिवादियों को विवादित आराजी से बेदखल कर उनसे क्षति स्वरूप निर्धारित राशि वसूल की जाए और गांव सभा की जमीन को कब्जा से मुक्त कराया जाए। आदेश की प्रति संबंधित राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध करा दी गई है। महीनों बीत जाने के बाद भी अभी तक राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने इस बाबत कोई कार्रवाई नहीं की। इसी गांव में पोखरी के नाम से दर्ज आराजी नंबर 357 रकबा 0.97 लगभग 8 बिस्वा पोखरी, जो ग्राम सभा के नाम से दर्ज है, पर कुछ लोग ने कब्जा कर निर्माण करा लिया है। शेष बची जमीन पर गंदा पानी बहाते हैं, जो सड़क पर बहता रहता है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। कब्जेदारों को हटाने का भी आदेश जारी हो चुका है, लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं किया गया है।


जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 1267371 का प्रमाणपत्र व अंकपत्र तथा इंटरमीडिएट वर्ष 1999 अनुक्रमांक 0752306 का अंकपत्र खो गया है। ब्रह्मानंद सिंह पुत्र हरिशंकर सिंह, ग्राम-तिलौली, पोस्ट-बघुड़ी, जिला-बलिया, उप्र।

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद शमसुद्दीन पता चिकान गंज, गोपीगंज, भदोही अंकित है। जिसे बदलकर मैंने समसुद्दीन पुत्र अजीमुल्ला निवासी वार्ड नं0-25, चिकान गली, जामा मस्जिद गोपीगंज, भदोही कर लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय गहनी, आयर, वाराणसी सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत शिक्षा संकाय में बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं (शिक्षा के आधार/परिप्रेक्ष्य, भाषा, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान एन0 सी0 टी0 ई0/यू0 जी0 सी0/उ0 प्र0 शासन के मानक के अनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर दो फोटो एवं प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ आवेदन करें।
प्रबन्धक-वीरेन्द्र सिंह
मो0-8299207141
mail:naveen5000singh@gmail.com

**आवश्यकता है**

गौरा देवी धनई प्रसाद महिला महाविद्यालय (सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) लखनसेनपुर, बनकट, सेवापुरी वाराणसी को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत अतिरिक्त शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी एवं भूगोल विषय तथा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत बी.कॉम पाठ्यक्रम विषयों हेतु प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी/विश्वविद्यालय परीनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति महाविद्यालय के पते पर 15 दिन के अंदर प्रेषित करें।
प्रबंधक - 9935367218


# कचरा संग्रह पर पुरस्कृत हुए क्षेत्रवासी

**संदेश**

**छावनी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा**

**वाराणसी।** छावनी परिषद द्वारा रविवार को तक पलोग्थॉन 2.0 का आयोजन किया गया। छावनी स्थित नेहरू पार्क व उसके आसपास दो किलोमीटर के क्षेत्र में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं सहित लगभग तीन सौ लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनीर्वान दत्ता, मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन और डीसीपी प्रमोद कुमार के अभिभाषण से हुआ। प्रतिभागियों को दो किलोमीटर की निर्धारित परिधि में प्लास्टिक और अन्य कचरा एकत्रित करना था, जिसमें सबसे अधिक कचरा इकट्ठा करने वालों को नगद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।



### इनको मिला पुरस्कार

प्रथम पुरस्कार-प्रिंस (5.6 किग्रा कचरा संग्रह)
द्वितीय पुरस्कार-मन्नत (5.1 किग्रा कचरा संग्रह)
तृतीय पुरस्कार-अनुराग (4.5 किग्रा कचरा संग्रह)

इसके अतिरिक्त, छावनी परिषद चिकित्सालय द्वारा एक मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों, गणमान्य नागरिकों, महिला-पुरुषों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को एक नई दिशा मिली।

## नाइट मार्केट बंद होने से दुकानदारों में हाहाकार

**अपील**

**कांग्रेस नेता व छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लगाई हस्तक्षेप की गुहार**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में कैंट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे स्थापित नाइट मार्केट को बंद करने के प्रशासनिक निर्णय ने छोटे व्यापारियों के बीच भारी चिंता और आक्रोश उत्पन्न कर दिया है। इस निर्णय के खिलाफ छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है।

श्री सिंह ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह नाइट मार्केट शुरू किया गया था, जिससे सैकड़ों गरीब व मध्यमवर्गीय दुकानदारों को रोजगार मिला था। इस बाजार में कई छोटे व्यापारियों ने अपने व्यवसाय को स्थापित किया, जिनमें उनके पुत्र आदर्श सिंह भी शामिल थे। उन्होंने 'चाय सियासत' नामक ठेले से शुरूआत कर आगे चलकर दुकान स्थापित की थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन ने नाइट मार्केट को बंद करने का फैसला लिया और इसके संचालनकर्ता कंपनी का लाइसेंस रद कर दिया गया। इस फैसले के चलते वहां के सभी दुकानदारों को बाजार छोड़ने का आदेश दिया गया, जिससे वे बेरोजगारी की कगार पर आ गए हैं। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया कि यदि संचालक कंपनी ने किसी प्रकार की अनियमितता की है, तो उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन निर्दोष और मेहनतकश दुकानदारों को उनके रोजगार से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि स्थानीय प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का निर्देश दें। यदि कंपनी की गलती के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है, तो दुकानदारों को किसी वैकल्पिक योजना के तहत राहत दें।

साथ ही नाइट मार्केट को पुनः व्यवस्थित रूप से संचालित करने का प्रभावी समाधान निकाला जाए, जिससे छोटे व्यापारियों की जीविका प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि अब देखना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी या नहीं।

### रोपवे के नाम पर भाजपा सरकार ने की धोखाधड़ी

**वाराणसी।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने रविवार को एक बयान में कहा कि रोपवे के नाम पर काशी की जनता से भाजपा सरकार ने धोखाधड़ी करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार का अमानवीय, असंवेदनशील रवैया बहुत ही निंदनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हों, वहा पर आमजनों को रोजी-रोटी देने की बजाय उनकी बसी-बसाई रोजी-रोटी को छीनकर उन्हें सड़क पर लाने का कार्य भाजपा की इस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि रोपवे के नाम पर लगातार दुकानदारों की क्षति, रोपवे के नाम पर ध्वस्तीकरण करना यह सरकार की क्रूरता को दर्शाता है। सिर्फ मार्केटिंग के खातिर काशी के लोगों से छलावा किया है। घनी आबादी वाले पुरातन शहर काशी में रोपवे बनाना ही हास्यास्पद है। रोपवे पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों के लिए कारगर है।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती की मनी जयन्ती

**वाराणसी।** महर्षि दयानंद सरस्वती की रविवार को जयंती मनायी गयी इस दौरान सभी ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

पाणिनि कन्या महाविद्यालय तथा मातृ मंदिर कन्या गुरुकुल रामापुरा सहित समस्त आर्य समाजों-भोजूवीर, लल्लापुरा, कोनिया, चिरईगाँव, दुर्गाकुंड, रामनगर, खोजवाँ, भोगाबीर, जैतपुरा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, चितईपुर आदि की आर्य समाजों में यज्ञ ऋषि चर्चा के साथ प्रसाद वितरण हुआ। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा तथा सार्वदेशिक आर्य वीर दल द्वारा महानगर के विभिन्न चौराहों-सिगरा, भोजूवीर, दुर्गाकुंड, खोजवाँ आदि स्थानों पर महर्षि की ह्लसंक्षिप्त जीवनी तथा ह्यविश्व के महापुरुषों एवं विचारकों के महर्षि दयानन्द सरस्वती के प्रति व्यक्त विचारह्व का पत्रक एवं संक्षिप्त पुस्तिका भारतीय संस्कृति के तीन प्रतीक का वितरण ह७आ।

भारत ऋषि-मुनियों की पावन धरा है, इसी पुण्य धरा पर गुजरात प्रान्त में राजकोट जनपद के टंकारा ग्राम में सन1825 में दयानन्द सरस्वती का जन्म हुआ। शाश्वत सत्या सत्य व सच्चे शिव की प्राप्ति हेतु सन् 1846 ई. में 21 वर्ष की आयु में समृद्ध घर-परिवार से मोह-ममता के बंधनों को त्याग कर संन्यासी जीवन की ओर बढ़ गयें । सभी आयोजन जिलासभा के प्रधान प्रमोद आर्य की अध्यक्षता तथा मंत्री रवि प्रकाश आर्य एवं सार्वदेशिक आर्यवीर दल के प्रमुख दिनेश आर्य के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में अखिलेश, चन्द्रदीप, चन्द्रपाल, गौरव आर्य, ज्ञानरतन, उद?य आर्य, आर्य रवि प्रकाश बरनवाल, सी.ए. विष्णु प्रसाद, डॉक्टर अनिल मित्रा, नागेन्द्र, हेमन्त, वेद प्रकाश आर्य, सुशील सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**वाराणसी।** स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर रविवार को नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड और भूमिहार ब्राह्मण समाज की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। जिसमे 49 लोगों ने काउंसिलिंग कराया और 27 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान उपनियंत्रक जितेंद्र देव सिंह, अरुण सिंह, संजय राय, डॉ. अखिलेश सिंह, विवेक कुमार, अरविन्द विश्वकर्मा, मो. वसीम खां, अंजनी सिंह, निजामुद्दीन, मनीष गुप्ता, डॉ. सदानंद राय, राहुल प्रकाश आदि थे।

# पीडीए चर्चा से घबरा गयी है वर्तमान सरकार





**पीडीए जनचौपाल**

**समाजवादी पार्टी की तरफ से जिले में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी की तरफ से जिले में जगह-जगह आयोजित पीडीए जनचौपाल में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार पीडीए चर्चा से घबरा गयी है।

महानगर इकाई की तरफ से शहर दक्षिणी विधानसीाा के बलुआबीर व विशेश्वर हड़हा के विभिन्न सेक्टरों में आयोजित चर्चा में अध्यक्ष दिलीप डे ने कहा कि वर्तमान सरकार पीडीए चच्रा से घबरा गयी है, क्योंकि बहुत ही तेजी से पीडीए के लोग पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं। महासचिव योगेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है, ताकि लोग बढ़ती हुई बेरोजगारी, मंहगाई, चिकित्सा, शिक्षा आदि के सवाल पर आवाज न उठा सके। चच्रा में वली मोहम्मद, गुफरान अंसारी, मनोज यादव, श्यामजी, रविकांत विश्वकर्मा, सूरज जायसवाल, दिलशाद अहमद, किशन दीक्षित, विष्णु शर्मा, इमरान अहमद बबलू, राजेश केशरी, इम्तियाज गामा आदि ने विचार व्यक्त किये।

पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, स्थानीय विधानसभा के छताव व पिंडरा बाजार में आयोजित पीडीए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि बाबा साहेब के सम्मान के लिए हम समाजवादियों के साथ पीडीए को एक होकर भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि संविधान के रहने से ही गरीबों व शोषितों को उनका हक व अधिकार मिल सकता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, मनोज यादव, नौशाद खां, कमलेश पटेल, राजेश यादव, सिकंदर मिश्रा, फूलचंद यादव, डॉ. वंशलाल पटेल, डॉ. विनोद भाष्कर, अवधेश पटेल आदि थे। सिंधोरा प्रतिनिधि के अनुसार, सिंधोरा बाजार में आयोजित पीडीए चर्चा में सांसद प्रिया सरोज ने प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पीडीए समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुजीत यादव, धर्मेंद्र यादव, विजय यादव, डॉ. संतोष यादव, छेदी मौर्य, चंद्रजीत, दिलीप मौर्य आदि थे।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
89300/inc.GST


चांदी (99.50)
98500/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# बाबाधाम में 3 दिन तक प्रोटोकॉल दर्शन पर रोक

## नागा साधुओं के दर्शन-पूजन के दृष्टिगत मंदिर न्यास ने लिया निर्णय

**महाशिवरात्रि**

### महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में लाखों श्रद्धालुओं के निरंतर आगमन और महापर्व महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पधारने की संभावना तथा पूज्य साधु- संतों एवं नागा साधुओं के दर्शन पूजन के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक प्रोटोकॉल दर्शन-पूजन पर रोक लगा दी है। महाकुम्भ-2025 के श्रद्धालुओं के पलट प्रवाह होने के कारण श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस वर्ष महाकुम्भ पर्व के साथ महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को होने के कारण देश के विभिन्न प्रांतों से दर्शनार्थियों के साथ ही विभिन्न अखाड़ों से साधु-संतों एवं नागा साधुओं द्वारा अत्यधिक संख्या में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया जायेगा।

नागा अखाड़ों द्वारा शोभायात्रा निकाल कर दर्शन किया जायेगा, जिसमें लगभग 5 से 6 घंटे तक द्वार संख्या -4 (गोदौलिया द्वार) से सामान्य जन का प्रवेश बाधित रहेगा। इस कारण से सामान्य दर्शन में ही पंक्तिबद्ध व्यक्तियों की सामान्य प्रतीक्षा अवधि 16 से 18 घंटे या अधिक तक होनी सम्भावित है।

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं/ दर्शनार्थियों के अधिक संख्या का दबाव होने के कारण महाशिवरात्रि पर्व पर 25 से 27 फरवरी तक सभी प्रकार के प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था को पूरी तरह से बन्द किये जाने का निर्णय लिया गया है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी श्रद्धालुओं से बनाई गई व्यवस्था में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मंदिर न्यास श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रहा है। मंदिर में दर्शन पूजन की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने और आम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महापर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत तीन दिनों तक प्रोटोकॉल दर्शन की व्यवस्था पर रोक लगाई गई है।


चौक-गोदौलिया मार्ग पर लगी लाइन


गोदौलिया पर लगी लंबी भीड़

# मंदिर में चारों प्रहर की होगी आरती

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि पर्व पर पूजा-आरती के लिए समय सारिणी निर्धारित कर दी है। मंदिर के सीईओ विश्व भूषण ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रातः 3:15 बजे मंगला आरती समाप्त होने के बाद प्रातः 3:30 बजे से मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुल जाएगा। महाशिवरात्रि पर रात्रि में होने वाली चारों पहर की आरती के दौरान भी श्री काशी विश्वनाथ महादेव का झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाली पूजा आरती का समय- निम्न है। 1. मंगला आरतीः प्रातः 2:15 बजे पूजा आरम्भ होगी। प्रातः 3:15 बजे आरती समाप्त होगी। प्रातः 3:30 बजे मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुलेगा। 2-मध्याहन भोग आरतीः प्रातः 11:40 बजे पूजा आरम्भ होगी। मध्यान्ह 12:20 बजे पूजा समाप्त होगी। 3- चारों प्रहर की आरतीः

**प्रथम प्रहर-** रात्रि 9:30 बजे शंख बजेगा एवं पूजा की तैयारी होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। रात्रि 10:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 12:30 बजे समाप्त होगी।

**द्वितीय प्रहर-** रात्रि 01:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 02:30 बजे समाप्त होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। तृतीय प्रहर- प्रातः 03:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 04:30 बजे समाप्त होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। चतुर्थ प्रहर- प्रातः 05:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 06:15 बजे समाप्त होगी तथा झाँकी दर्शन सतत चलता रहेगा।

**व्यवस्था**

### 3.30 बजे से मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुल जाएगा

### काशी विश्वनाथ महादेव का झांकी दर्शन चलता रहेगा



# भारी भीड़ के चलते अब 27 को निकलेगी शिव बारात




जनसंदेश न्यूज

**परिवर्तन**

### नगर आयुक्त ने किया अनुरोध राजी हुए आयोजकगण

### कुंभ के अमृत कलश से कुंभ के जल की वर्षा की जायेगी

### बारात दारानगर से उठ कर दशाश्वमेध जाकर होगी समाप्त

**वाराणसी।** देवाधिदेव महादेव के त्रिशूल पर बसी अविनाशी काशी में बाबा भोलेनाथ के भूत, पिशाच, ताल, बेताल सभी देवी-देवताओं संग निकलने वाली दुनिया की पहली विश्व प्रसिद्ध शिवबारात अब 27 फरवरी गुरुवार को निकलेगी। पहले यह बारात 26 फरवरी बुधवार को निकलने वाली थी। यह जानकारी रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान संयोजक दिलीप सिंह ने दी।

बारात सायंकाल 7 बजे महामृत्युंजय मंदिर से उठेगी। जो दारानगर, मैदागिन, बुलानाला, चौक, बाबा धाम गोदौलिया होते हुए चितरंजन पार्क जाकर समाप्त होगी। यहां पर वधू पक्ष भांग ठंडई से बरातियों की आगवानी करेगी। नगर में निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध शिव बारात 43वें वर्ष में प्रवेश कर स्वर्ण जयंती की ओर अग्रसर है। बारात में सर्जिकल स्ट्राइक, जी-20 की झांकी की लोकप्रियता के बाद इस वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा मेला महाकुंभ पर बनी झांकी को दिखाया जायेगा। जो लोग प्रयागराज नहीं जा सकें हैं उनके लिए कुंभ के अमृत कलश से कुंभ के जल की वर्षा की जायेगी। इस बार बारात में होली के समीप होने के चलते बारात होलियाना अंदाज में निकलेगी। इस बार भी मसाने की होली आकर्षण का केन्द्र होगी। पत्रकारवार्ता में आरके चौधरी, दीपक बजाज, गौरव अग्रवाल, महेश माहेश्वरी, कमल सिंह, पवन खन्ना, विवेक मेहरोत्रा आदि शामिल थे।

### 25 फरवरी तक स्कूल बंद, शिक्षक आएंगे

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निर्देश के क्रम में काशी में महाकुंभ के पलट प्रवाह व महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ तथा आवागमन की असुविधा को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर शहरी क्षेत्र के एक से कक्षा आठ तक के स्कूल 25 फरवरी तक बंद कर दिए गए हैं। इस आदेश के तहत नगर क्षेत्र के कक्षा एक से आठ तक के परिषदीय, सहायता प्राप्त निजी एवं मान्यता प्राप्त सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के सभी विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य 25 फरवरी तक ऑनलाइन जारी रहेगा। बीएसए अरविंद कुमार पाठक के अनुसार, आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का अवकाश रहेगा। 27 फरवरी से विद्यालय सुचारू रूप से भौतिक रूप में प्रारंभ होंगे, जिसमें छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित होंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल में आते रहेंगे।

# विधायक सौरभ ने रामनगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**लिखा पत्र**

### पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई को कहा

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** रामनगर थाने के साहित्यनाका क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस संचालक के पुत्र को चार युवकों द्वारा पीटे जाने और दो बार पीड़ित से तहरीर बदलवाने को लेकर कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव खासे नाराज है। वे इस गंभीर प्रकरण को रामनगर पुलिस की तरफ से हल्के में लिए जाने से विधायक बेहद खफा है। विधायक ने रामनगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल को पत्र लिखकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

बता दें कि चार दिन पूर्व सीहाबीर क्षेत्र गेस्ट हाउस में आए श्रद्धालुओं से घर के बाहर कार खड़ी करने को लेकर कुछ युवकों द्वारा बदसलूकी की गई थी। जिसका विरोध गेस्ट हाउस संचालक के पुत्र अभिषेक जायसवाल ने किया तो कुछ ही देर बाद चार युवकों ने अभिषेक जायसवाल को रास्ते में पकड़ कर अधमरा कर दिया। सिर पर ईंट से कई बार प्रहार किया। पुलिस गाड़ी का सायरन सुन कर घायलावस्था में छोड़ कर चारों भाग निकले। पीड़ित ने रामनगर थाने में तहरीर दी। पीड़ित के पिता अशोक कुमार गुप्ता का आरोप है कि दो बार रामनगर थाने में तहरीर बदलवाई गई, उसके बाद एनसीआर लिखा गया। मारपीट का सीसीटीवी फूटेज देखने के बाद कैंट के भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख एनसीआर की जगह एफआईआर दर्ज करने को कहा है। साथ ही रामनगर थाने की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तहरीर बदलने वाले पुलिस कर्मियो के खिलाफ कार्रवाई भी करने को कहा है।

### विधायक सौरभ ने किया विदेश मंत्री का स्वागत

**वाराणसी।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं कैंट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने रविवार को बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर राष्ट्रीय एयरपोर्ट के विमान तल पर केंद्रीय विदेश मंत्री ए एस जयशंकर का गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया।



# विकसित भारत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजट

जनसंदेश न्यूज

**प्रेसवार्ता**

### बजट में मध्यम वर्ग को अपेक्षा से अधिक मिला है : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प रखा है, उसको पूरा करने के लिए 2025-26 का केंद्रीय बजट मील का पत्थर साबित होगा। वह गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर मध्यम वर्ग को इस बजट में अपेक्षा से अधिक मिला है। 12 लाख तक की आय वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। किसानों के लिए ऐसे 100 जिलों का चयन किया गया है, जहां पर उत्पादन कम होता है। इसका 1.70 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।



किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दी गयी है। 2047 तक न्यूक्लियर एनर्जी के जरिए 100 गिगा वाट के प्रोडक्शन का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा की दृष्टि से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एग्रीकल्चर, हेल्थ और एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट, पावर, माइनिंग, टेक्सेशन, रिफार्म और फाइनेंशियल सेक्टर को प्रमुखता दी गयी है। शहरी विकास के लिए लगभग एक लाख करोड़ की व्यवस्था की गयी है। मूलभूत सुविधाओं के लिए 15 लाख करोड़ का प्रावधान है, जिसमें सड़क, रेल बंदरगाह, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। भारत के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सेंकेडरी स्कूलों को ब्राड बैंड से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कैंसर जैसी बीमारी में काम आने वाली 36 दवाइयों से इम्पोर्ट ड्यूटी हटाई गयी है। बैंकों में जमा धन पर एक लाख तक के ब्याज पर अब टीडीएस नहीं कटेगा। किराए से होने वाली आय पर टीडीएस की कटौती 2.40 लाख की जगह छह लाख कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास को ध्यान में रखकर इस बजट को प्रतिपादित किया गया है।

### विश्वनाथ कॉरिडोर से बढ़े पर्यटक

काशी में बढ़ते पर्यटन और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि पर पूछे गये सवाल पर डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर 2021 में बना। इसके पूर्व काशी में आने वाले पर्यटकों की संख्या 30.78 लाख थी और दिसम्बर 2021 से 2024 तक काशी में आने वाले पर्यटकों की संख्या 11 करोड़ हो गयी है। आजादी के बाद से 2023 तक देश में आने वाले सर्वाधिक पर्यटक आगरा में ताजमहल देखने जाते थे। लेकिन अब अयोध्या में भगवान श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर को देखने के लिए आते हैं।

# बिजली कंपनियों के अंक बढ़े, लेकिन रेटिंग नहीं

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने देश की सरकारी और निजी बिजली कंपनियों की जारी की रेटिंग

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय देश भर की बिजली कंपनियों के कामकाज का आंकलन कर रेटिंग जारी करता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के उपक्रम आरईसी की तरफ से जारी रेटिंग के आधार पर यह बात सामने आयी है कि बिजली कंपनियों के अंक तो बढ़े हैं, परंतु उनकी रेटिंग नहीं। सुखद पहलू यह है कि प्रस्तावित निजीकरण की जद में आ रहे पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के नंबर में इजाफा हुआ है। विभागीय सूत्रों की माने तो बावजूद इसके तमाम कवायद के बावजूद बिजली कंपनियों के कामकाज में सुधार नहीं हो रहा है। इन कंपनियों के कामकाज की गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इसके लिए फील्ड के अभियंता और कर्मचारी अधिक दोषी बताए जाते हैं।

दरअसल, भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के उपक्रम आरईसी की तरफ से 2020-21 से बिजली कंपनियों के कामकाज में सुधार की प्रवृत्ति बढ़ाने और उनके बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए हर साल रेटिंग जारी किया जाता है। रेटिंग का प्रमुख पैमाना बेहतर उपभोक्ता सेवा होता है। रेटिंग का आधार बिजली कंपनियों के कामकाज यानी बेहतर उपभोक्ता सेवा, विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली, लाइनलॉस में कमी, उपकरणों के बेहतर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति के घंटे, नये कनेक्शन जारी करने में सहूलियत, उपभोक्ता को समय पर सही बिल उपलब्ध कराने, ट्रांसफॉर्मर के लोड के आधार पर संबंधित घरों की मॉनीटरिंग करने, उपभोक्ताओं के घरों में लोड अधिक होने पर भार बढ़ाने या फिर लोड कम होने पर घटाने, बिल वसूली के लिए उपभोक्ताओं को समय देने, बगैर ट्रिपिंग के विद्युत आपूर्ति करने, खराब मीटर बदलने, किसी प्रकार की बिजली की खराबी को समय रहते दूर करने आदि बिंदु होते हैं।

विभागीय सूत्रों की माने तो कई मानकों को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की तरफ से बिजली कंपनियों को रेटिंग जारी की जाती है। रेटिंग जारी करने के पीछे बिजली कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाने का प्रयास होता है तो कि कंपनियों के कामकाज और बेहतर और पारदर्शी हो। आरईसी की तरफ से जारी वित्तीय वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा रेटिंग में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के नंबर तो बढ़े हैं, लेकिन रेटिंग में सुधार नहीं हुआ है। जबकि इन दोनों निगमों के निजीकरण की कवायद बड़ी तेजी से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की तरफ से की जा रही है। बता दें कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने देश की सरकारी और निजी 52 बिजली कंपनियों की रेटिंग जारी की है। जारी रेटिंग में पहले पायदान पर महाराष्ट्र की बिजली कंपनी है। दूसरे नंबर पर गुजरात, तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश की निजी कंपनी नोएडा पावर कंपनी है। जबकि चौथे व पांचवें नंबर पर गुजरात और छठे नंबर पर हरियाणा की बिजली कंपनी है। उत्तर प्रदेश की निजी कंपनी नोयडा पावर कंपनी को ए प्लस श्रेणी मिला है।

विद्युत मजदूर संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय और विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेता अंकुर पांडेय ने जारी रेटिंग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के आरईसी की तरफ से जारी रेटिंग इस बात को प्रमाणित करती है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के कामकाज और उपभोक्ता सेवा में सुधार हुआ तभी तो इनके अंक बढ़े हैं। खुद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा भी स्वीकार करते हैं कि प्रदेश की बिजली कंपनियों खासकर पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की कार्यशैली में काफी बदलाव आया है और उपभोक्ता सेवा बेहतर हुई है। बावजूद इसके पावर कॉरपोरेशन प्रबंधक पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण करने पर अमादा है, जिसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दूसरी तरफ, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की हालत खराब है। लेकिन खुशी की बात यह है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के नंबर बढ़े हैं। फिर भी इन दोनों कंपनियों को निजी घरानों को सौंपने पर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन अमादा है। उनका कहना है कि कानपुर की केस्को का नंबर घटा है। पहले उसके 42 नंबर थे, उसे अब 35.6 नंबर मिले हैं।

**हालत चिंताजनक**

### सुखद पहलू यह कि निजीकरण की जद में आ रहे दो कंपनियों के नंबर में हुआ इजाफा

### तमाम कवायद के बावजूद नहीं सुधर रही बिजली कंपनियों के कामकाज, हालत खराब

### रेटिंग का होता है यह पैमाना

विभागीय सूत्रों की माने तो देश की जिस बिजली कंपनी को 85 से 100 नंबर मिलेंगे, उसे 'ए प्लस' रेटिंग मिलती है। जबकि जिस बिजली कंपनी को 65 से 85 नंबर मिलेंगे, वह 'ए' ग्रेड में होगी। जिस बिजली कंपनी को 50 से 65 नंबर मिलेंगे, वह 'बी' श्रेणी में होगी। जिस कंपनी को 35 से 50 नंबर मिलेंगे वह 'बी माइनस' श्रेणी वाली मानी जाएगी। इसी प्रकार, 15 से 35 नंबर पाने वाली कंपनियां 'सी' और शून्य से 15 नंबर पाने वाली कंपनी 'सी माइनस' ग्रेड में होगी।

### उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों का हाल

| बिजली कंपनियां | ग्रेड | नंबर |
|---|---|---|
| पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम | सी माइनस | 18.8 |
| दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम | सी माइनस | 11.2 |
| मध्यांचल विद्युत वितरण निगम | सी माइनस | 14.4 |
| पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 57.5 |
| कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कम्पनी | बी माइनस | 35.6 |

# जैपुरिया स्कूल में माता-पिता और गुरु का किया पूजन



**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल पड़ाव कैंपस में रविवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी व मातृ-पितृ पूजन का आयोजन किया गया। शास्त्रों में कहा गया है कि जिसने माता-पिता तथा गुरु का आदर कर लिया, उसके द्वारा संपूर्ण लोगों का आदर हो गया। बच्चों के कोरे मन पर इसी संस्कृति का बीजारोपण करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विशिष्ट अतिथि संजय शास्त्री के स्वागत के साथ हुआ। इसके उपरांत मां शारदा व तुलसी वेदी के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि माता सर्वतीर्थ मयी और पिता संपूर्ण देवताओं का स्वरूप है इसलिए यत्नपूर्वक माता-पिता का पूजन करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मंजिल पर पहुंचने से पहले का रास्ता थकाने और हिम्मत तोड़ने वाला होता है। ऐसे में कोई भी हारकर बैठ सकता है लेकिन याद रखिए जो अपने जज्बे को बनाए रखते हैं, स्वर्णिम भविष्य ऊन्हीं को प्राप्त होता है। विशिष्ट अतिथि संजय शास्त्री ने कहा कि जो पुत्र नित्य माता-पिता और गुरुजनों को प्रणाम और उनकी सेवा करता है, उसकी आयु, विद्या, यश और बल चारों में निरंतर वृद्धि होती है। इस दौरान श्लोक वाचन, समूह गीत आदि की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर श्यामसुंदर बजाज, मंजू बुधिया, गौरांग बजाज, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना व समस्त शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हर देशवासी के लिए सांस्कृतिक शक्ति है काशी: जयशंकर

**काशी तमिल संगमम 3.0**

### बीएचयू में बौद्धिक सत्र में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व 45 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

### विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा, विश्व को भारत से मिल रही समरसता तथा सह-अस्तित्व की सीख



**वाराणसी।** भारत ने दुनिया को सह-अस्तित्व और समरसता का मार्ग दिखाया है। खासतौर से ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर क्षेत्रीय हितों के टकराव के कारण संघर्ष हो रहे हैं। काशी-तमिल संगमम 3.0 के अंतर्गत बीएचयू के पंडित ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में आयोजित विशेष बौद्धिक सत्र के दौरान यह विचार उभरकर सामने आया। इस सत्र में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और विभिन्न देशों के 45 राजदूतों ने तमिल प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया।

सत्र के मुख्य अतिथि डा. एस. जयशंकर ने काशी को पूरे भारत के लिए एक सांस्कृतिक केंद्र बताया, जिससे देश के हर कोने का व्यक्ति गहराई से जुड़ा महसूस करता है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का काशी के प्रति विशेष लगाव है और काशी-तमिल संगमम इस अनूठे संबंध का उत्सव है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत विविधताओं की भूमि है और यह अक्सर लोगों को आश्चर्यचकित करता है कि इतनी विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और विश्वासों के बावजूद यह देश एक सूत्र में कैसे बंधा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस विविधता में निहित एकता ही भारत को एक राष्ट्र के रूप में जोड़ती है। उन्होंने राजदूतों को बताया कि काशी-तमिल संगमम विविधता में एकता के उत्सव का एक आदर्श उदाहरण है।

डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत की गौरवशाली विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए इसका उत्सव मनाना जरूरी है। साथ ही दुनिया को भारत के स्वर्णिम इतिहास और इसकी जड़ों के बारे में इससे पता चलता है। यह विचार उन्होंने तमिल प्रतिनिधि राजगोपालन के एक प्रश्न के उत्तर में साझा किए, जिन्होंने पूछा कि इस विशेष उत्सव के दौरान मंत्री किन प्रमुख पहलुओं को उजागर करना चाहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय विश्वविद्यालय ड्रोन तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने यह उम्मीद जताया कि भविष्य में इन संस्थानों से और अधिक प्रगतिशील पहल सामने आएगी। यह विचार उन्होंने तमिल प्रतिनिधि रुद्रन के प्रश्न के उत्तर में साझा किए। एक अन्य तमिल प्रतिनिधि राजेश कुमार ने भारत की वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया और पूछा कि इतनी भाषाई, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद दुनिया भर के राजदूत भारत को कैसे देखते हैं। इस पर सोमालिया के राजदूत ने उत्तर दिया कि समरूपता कोई समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक अरब से अधिक लोग अलग-अलग मान्यताओं और विचारधाराओं के साथ मिलकर सौहार्दपूर्वक रह सकते हैं।

एरट्रिया के राजनयिक ने काशी की यात्रा और दो महान संस्कृतियों के समागम को देखने के विशेष अवसर की सराहना की।

उन्होंने अपने भारतीय शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि वे भारत के लोगों, संस्कृति और विरासत के बारे में बताया करते थे। रवांडा के उप उच्चायुक्त ने भी इस चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीयों के बीच जो एकजुटता और समरसता है, वह पूरी दुनिया के लिए एक सीख है। इसी क्रम में आइसलैंड के राजदूत ने कहा कि भारत की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो इसके साझा मूल्यों और संस्कृति में परिलक्षित होती है। जमैका के उच्चायुक्त ने इस बात का उल्लेख किया कि इस वर्ष जमैका में भारतीयों के आगमन के 108 वर्ष पूरे होने पर उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने भारत में कैरेबियन अध्ययन केंद्र स्थापित करने का भी सुझाव दिया। तमिल प्रतिनिधि मीनाक्षी ने सुझाव दिया कि तमिलनाडु में और अधिक प्रयास किए जाएं ताकि लोगों को खास तौर पर ग्रामीण महिलाओं को भारत सरकार की नवाचार और स्टार्टअप को समर्थन देने वाली पहलों के बारे में जागरूक किया जा सके। अतिथियों का स्वागत कार्यवाहक कुलपति प्रो. संजय कुमार ने व सत्र का संचालन आईआईटी-बीएचयू के प्रोफेसर वी. रामनाथन ने किया।

## विदेश मंत्री के साथ राजदूतों ने बुद्ध जीवन को समझा



**वाराणसी।** सारनाथ विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ विभिन्न देशों के 45 राजदूतों ने रविवार की शाम को भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ के स्मारकों के इतिहास से बुद्ध के जीवन से रूबरू हुए। राजदूतों का दल सारनाथ पहुच कर सबसे पहले पुरातात्विक खण्डहर परिसर पहुचे जहा संरक्षण सहायक जे राजू ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री एस जयशंकर ने सभी राजदूतों को लेकर धमेख स्तूप पहुच कर उसके इतिहास की जानकारी दी। इसके बाद प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेष की जानकारी राजदूतों की दी। वही अशोक लाट पहुचे जहा पर गाइड संजय सिंह ने उसके व उत्तखनन परिसर के इतिहास की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा, उप निदेशक पर्यटन आर के रावत, ए के मोर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत में एआई की ताकत के प्रयोग की क्षमता

**बोले विदेश मंत्री**

### आईआईटी बीएचयू के विद्यार्थियों के साथ डा.एस जयशंकर ने किया संवाद विभिन्न देशों के 45 प्रतिनिधि भी शामिल



**वाराणसी।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ताकत का भरपूर इस्तेमाल करने की अपार क्षमता है। वह रविवार को बीएचयू के पं. ओंकारनाथ ठाकुर ऑडिटोरियम में आईआईटी-बीएचयू के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेरिस शिखर सम्मेलन में दिए गए बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत एआई से जुड़े सांस्कृतिक पूर्वाग्रह के मुद्दे का प्रभावी रूप से हल कर सकता है।

विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि प्रौद्योगिकी विकासशील देशों को पारंपरिक विकास मॉडल को छोड़कर तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल सार्वजनिक संरचना, कल्याणकारी योजनाएं और स्वास्थ्य सेवा पहल यह दर्शाती है कि जब नवाचार को आत्मविश्वास और एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि के साथ जोड़ा जाता है, तो यह परिवर्तनकारी शक्ति बन जाता है। सुझाव दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत और ग्लोबल साउथ के लिए अगली क्रांतिकारी शक्ति बन सकता है, जो समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देगा।विदेश मंत्री ने दुनिया भर के 45 राजदूतों के साथ मिलकर छात्रों के विभिन्न सवालों का जवाब दिया। भारत के ऐतिहासिक वैश्विक जुड़ाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से वैश्विक आदान-प्रदान, संवाद और प्रभावों के लिए खुला रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐतिहासिक चुनौतियों को पार करने के बाद, भारत अब वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत स्थिति फिर से स्थापित कर रहा है, जिससे विश्वभर में सकारात्मक और उत्पादक संबंधों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परंपरा और तकनीक के समावेशी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत की तकनीकी प्रगति इसकी समृद्ध परंपराओं से गहराई से प्रभावित है। यह भी बताया कि डिजिटल तकनीक को भारत द्वारा तेजी से अपनाया जाना इस गहरी सांस्कृतिक अनुकूलनशीलता का प्रमाण है।उन्होंने छात्रों से विदेश नीति के दैनिक जीवन में महत्व को समझने का आग्रह किया। 'विश्व से संवाद, विश्व बंधु' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका पर गहन चर्चा की, जिसमें विचारों का आदान-प्रदान और सार्थक संवाद हुआ। आईआईटी-बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने भारत की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ करने में डा. जयशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि आईआईटी-बीएचयू सहित अन्य आईआईटी संस्थान वैश्विक प्रतिभा निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और सुंदर पिचाई तथा डा. जय चौधरी जैसे प्रतिष्ठित नेता इसी परंपरा का हिस्सा हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. वी. रामनाथन ने किया।

# पीएम के प्रेरणादायक विचारों को भाजपाजनों ने किया आत्मसात





**मन की बात**

### जिले भर में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शांत भाव से सुनी बात

**वाराणसी।** भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को पीएम मोदी के मन की बात को शांत भाव से सुना और उनके प्रेरणादायक विचारों को आत्मसात किया। पीएम ने इस दौरान बोर्ड परीक्षार्थियों का भी हौसला बढ़ाया। रविदास मंडल के बूथ संख्या 132 पर क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, कैंट विधानसभा के बूथ संख्या 64 पर महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, कर्दमेश्वर मंडल के शक्ति केंद्र कंचनपुर के बूथ संख्या 185 पर जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, गुरुधाम स्थित बूथ संख्या 327 क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी एवं बिंदु माध्यव वार्ड के बूथ संख्या 57 पर सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलारपुरकर ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शिवपुर स्थित रामलीला मैदान में पीएम के मन की बात सुनी। मन की बात सुनने के बाद वक्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी अपने मन की बात के हर एपिसोड में कुछ न कुछ प्रेरणादायी बात करते हैं, जो हम कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाता है। इस दौरान उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, सोमनाथ विश्वकर्मा, विवेक पांडेय, ओमप्रकाश यादव, आदित्य गोयनका, श्रीप्रकाश शुक्ला, अतुलेश उपाध्याय, शंकर जायसवाल आदि थे।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, कोदोपुर में जहां शैलेन्द्र किशोर पांडेय, राजकुमार सिंह, रितेश पाल गौतम, विनोद पटेल, भैय्यालाल सोनकर, शुभम बारी, अन्नु श्रीवास्तव विक्की आदि ने पीएम के मन बात को आत्मसात किया। वहीं, भाजयुमो के महानगर मंत्री सृजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में अयोध्या मैदान के समीप कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान कुलदीप सेठ, जय सिंह चौहान, ऋषभ सिन्हा, आनंद चौहान, गोविंद मौर्य, त्रिशाल पाठक, प्यारेलाल सोनकर, शमशाद आदि थे। हरहुआ प्रतिनिधि के अनुसार, हरहुआ मंडल के हथियार शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात सुनी। तत्पश्चात वक्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी मन की बात के जरिए न सिर्फ हम कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हैं, बल्कि देशवासियों की सुरक्षा और विकास की बात करना नहीं भूलते। इस बार उन्होंने बोर्ड के परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाया। मन की बात सुनने वालों में अवधेश सिंह सारथी, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, धनंजय सरोज, कैलाश राय, बृजेश सिंह, अरुणेद्र सिंह, प्रमोद कुमार, पंकज मौर्य, हिमांशु पांडेय, वासुदेव पांडेय, काशीनाथ गोंड, राजकुमार, सुमित, लक्ष्मी, दीपक आदि शामिल थे।

## श्रेयांस व पीहू साइकिल दौड़ में प्रथम

**वाराणसी।** श्रेयांस ने रविवार को बाबू आरएन सिंह खेल मेला के अंतर्गत आयोजित पांच किलोमीटर की साइकिल रेस में सब को पीछे छोड़ते हुए बालक वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। प्रियांस सेठ दूसरे और अंकित यादव तीसरे स्थान पर रहे। यह रेस परमानंदपुर मिनी स्टेडियम से शुरू होकर लालपुर स्टेडियम होकर पुनः परमानंदपुर मिनी स्टेडियम पर खत्म हुई। इस रेस में तीन सौ विद्यार्थी ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग के जूनियर वर्ग की दो किलोमीटर की साइकिल दौड़ मे पीहू पाल प्रथम, दीपा यादव दितीय व अंजली तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग में प्राची पहले, दिव्या सिंह और अंशिका तीसरे स्थान पर रहीं। इसमें दो सौ बालिकाओं ने हिस्सा लिया। बालिकाओं के सीनियर वर्ग की दो सौ मीटर दौड़ में काजल प्रथम, रेशमा द्विवतीय और कोमल तृतीय रहीं। जूनियर बालिका वर्ग में पायल पहले, छाया दूसरे और नैना तीसरे स्थान पर रही। इस स्पर्धा में दो सौ बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

## वेटरनरी साइंस के 15 कोर्स में दाखिले शुरू

**वाराणसी।** बीएचयू के बरकछा में राजीव गांधी साउथ कैंपस में वेटरनरी साइंस के 15 पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मास्टर ऑफ वेटरनरी साइंस (एमवी.एससी) में प्रवेश के लिए नौ मार्च तक आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। अगले एक महीने में 45 सीटों पर प्रवेश पूरा हो जाएगा। 10 से 19 मार्च तक काउंसिलिंग और 21 मार्च को रिजल्ट जारी होगा। 22 से 23 मार्च तक मॉपअप राउंड और 27 मार्च को विभाग में नव प्रवेशार्थियों की रिपोर्टिंग होनी है।12 कोर्स में एनिमल जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग, एनिमल न्यूट्रिशन, लाइव स्टॉक प्रोडक्शन मैनेजमेंट, लाइव स्टॉक प्रोडक्ट्स टेक्नोलॉजी, वेटनरी एनाटॉमी, वेटनरी पैथोलॉजी, वेटनरी पब्लिक हेल्थ, वेटरनरी पैरीसेटोलॉजी, वेटनरी फॉमेकोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी, वेटनरी मेडिसीन, वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी, वेटनरी गायनकोलॉजी और वेटनरी एक्सटेंशन कोर्स शामिल हैं।

**ओजीपीए 10 में से छह प्वाइंट हो:** रेगुलर कोर्स के तहत एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों की प्रति सेमेस्टर में फीस 25 हजार रुपये होगी। वहीं पेड सीट की फीस 75 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर तय की गई है। योग्यता में यूजी में 55 प्रतिशत अंक हो। वहीं ओवरऑल ग्रेड प्वाइंट एवरेज (ओजीपीए) जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 में से 6 हो। वहीं एससी और एसटी के लिए 5.50 तय किया गया है। आवेदन करने का लिंक और डिटेल जानकारी बीएचयू की वेबसाइट पर अपलोड भी कर दी गई है।

## 20 नए युवा वैज्ञानिकों की होगी भर्ती

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में अगले दो महीने में 20 से ज्यादा युवा वैज्ञानिकों की भर्तियां होंगी। ये युवा वैज्ञानिक स्मार्ट रिवर लैब, वरुणा नदी पुनरुद्धार, आईसीएमआर, डीआरडीओ और लॉन्ग रेंज कम्युनिकेशन के क्षेत्र में काम करेंगे। अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की अंतिम तिथि भी तय कर दी गई है। साइंस स्ट्रीम वाले छात्र-छात्राओं के लिए आईआईटी बीएचयू के हाईटेक लैब और वैज्ञानिकों के साथ में काम करने का ये बेहतर मौका है। बीटेक, एमटेक, बीएससी, एमएससी और पीएचडी योग्यता तय की गई है। वेतन 80 हजार रुपये तक होगा। सबसे ज्यादा 11 भर्तियां सिविल इंजीनियरिंग विभाग में क्लीन रिवर्स के लिए स्मार्ट लैब में होंगी।

# 128 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा आज से

**शुरूआत**

### पूरे जिले में 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती; हर सेंटर के सीसीटीवी फुटेज-डीवीआर की होगी मॉनिटरिंग

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रही है। जिले के 128 परीक्षा केंद्रों पर 98 परीक्षार्थी 10वीं और 12वीं की परीक्षा देंगे। नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर कुल छह जोन और 12 सेक्टर बनाए गए हैं। यहां पर जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती होगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास एलआईयू और एसटीएफ के जवान भी एलर्ट मोड में रहेंगे। परीक्षा नौ मार्च तक चलेगी। मुख्य परीक्षा को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। बोर्ड परीक्षा में इस बार 98 हजार से ज्यादा छात्र और छात्राएं परीक्षा देंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग की बैठक भी हुई, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

डीआईओएस अवध किशोर सिंह ने बताया कि हर सेंटर को सीसीटीवी से लैस किया गया है। ये सारे सीसीटीवी इंटरनेट से कनेक्ट होंगे, जिसकी मॉनिटरिंग लहुराबीर स्थित राजकीय क्वींस कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम और सीधे लखनऊ से भी हो सकेगी। बच्चों को परीक्षा का प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिया गया है। यूपी बोर्ड के मानक के तहत, कड़ाई के साथ चेकिंग होगी। पेन, जरूरी सामान और एडमिट कार्ड के अलावा कुछ भी परीक्षा कक्ष में लेकर जाने की अनुमति विद्यार्थियों को नहीं रहेगी। डीआईओएस अवध किशोर सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने क्वींस कॉलेज में बैठक कर बोर्ड परीक्षा की तैयारियां का जायजा लिया। सीसीटीवी और डीवीआर की सूचना अपलोड कराने को लेकर उन्होंने खाका तैयार कर लिया है। हर बार की तरह ही इस बार भी परीक्षा के दौरान एसटीएफ और एलआईयू की टीम भी अलर्ट मोड में रहेगी। फ्लाइंग स्क्वैड और प्रवर्तन दल की टीम भी लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा करेगी।

## राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय पहलवानों का रहा दबदबा

**रामेश्वर।** ओलंपियन लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन गुरु की स्मृति में कुश्ती दंगल का आयोजन रविवार को उनके पैतृक गांव कोइरीपुर रामेश्वर में किया गया। इसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने अपने दांव-पेच का बेहतर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा व विशिष्ट अतिथि पिंडरा के ब्लॉक प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पहलवान काशी की परंपरा के शान रहे हैं, जिन्होंने विदेशों में परचम लहराया। चिक्कन पहलवान उसी विभूतियों में से एक रहे। आज के पहलवानों को उनके आदर्शों, भावनाओं और माटी की कीमत को समझने व अपनाने की जरूरत है। वरुणा नदी के कछार में बड़ी ऊर्जा रही है, जो आज बालिका वर्ग उप्र कशिश (डीएलडब्ल्यू)ने अपने नाम किया। 75 वर्षीय श्रीधर मिश्र ने तीस बार जोड़ी व गदा फेरकर दर्शकों को अचंभित कर दिया। दंगल में डेढ़ लाख की कुश्ती सचिन गिरी तेंदुई व अभिषेक नागर दिल्ली के बीच हुई, काफी रोमांच के बाद बराबरी पर छूटी। कुश्ती दंगल में कुल 123 जोड़ी पहलवानों की भागीदारी रही। कुश्ती दंगल में कुल 385 पहलवानों को अंगवस्त्रम व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल में पूर्वांचल के 16 जिलों से पहलवान प्रतिभाग किए थे। महिला वर्ग में सृष्टि,दीक्षा,शिल्पा,कशिश की कुश्तियां बराबरी पर रही। कुश्ती दंगल में आदित्य रुदौली, अर्जुन कोरऊत, आकाश दिल्ली, वसीम दिल्ली, दीपक जगापट्टी, बबलू रुदौली, आदर्श वाराणसी, धीरज मुगलसराय, आर्यन महनाज, विकास बनियापुर, सतपाल रुदौली, संजय मुगलसराय, लक्ष्य हरियाणा, शक्ति महनाज, अजय रुदौली, मनोज ककरिया, मृत्युंजय मुगलसराय व बहादुर दिल्ली सहित तमाम दिग्गज पहलवानों ने अपने दमखम दिखाए। विजेता पहलवानों व अतिथियों को संयोजक कपिल नारायन पाण्डेय की ओर से अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। संचालन रामसेवक यादव, प्रेमशंकर तिवारी, राजेश यादव, क्षमा पहलवान, लालजी यादव उर्फ झगडु तथा निर्णायक की भूमिका राजेश,विनोद कुमार,कुंवर प्रसाद,पवन कुमार,कर्मवीर सिंह व अशोक यादव ने निभाई। इस मौके पर पिंडरा के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, रवि शंकर सिंह, राम प्रकाश दुबे, धर्मेंद्र सिंह पप्पू, राघवेंद्र सिंह रघुवंशी, घनश्याम सिंह यादव, प्रेमकुमार मिश्र,अर्जुन यादव (कोच), कैलाश यादव सहित आदि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

# बाबा को पहली बार नागा साधु लगाएंगे मेवाड़ की हल्दी

**ले आई गई**

### काशी में लगाएंगे 56 भोग मंगलगीत भी गाए जाएंगे

**वाराणसी।** फाल्गुन मास की कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पर यानी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इससे पहले शिव-पार्वती के विवाह का उत्सव 24 फरवरी को शुरू?हो जाएगा।टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत के आवास पर बाबा की पंचबदन प्रतिमा को मेवाड़ से आई हल्दी लगाई जाएगी। पहली बार नागा साधु इस हल्दी की रस्म में शामिल होंगे। ये हल्दी श्री निरंजनी पंचायती अखाड़ा के नागा साधु महाराणा प्रताप की धरती मेवाड़ से खुद लेकर आए हैं। काशी लाने से पहले उन्होंने महाकुंभ प्रयागराज में इस हल्दी को पूजित किया। ये नागा साधु बाबा को हल्दी चढ़ाएंगे। इस दौरान बाबा को 56 भोग भी लगेगा। बाबा के रजत विग्रह के समक्ष हल्दी तेल का लोकाचार नागा साधु निभाएंगे। अखाड़े के दिगंबर खुशाल भारती ने बताया कि मेवाड़ से हल्दी मंगाकर कुंभ में इसका विधिवत पूजन हुआ। फिर ये हल्दी काशी लाई गई है। 24 फरवरी को आराध्या एकनाथ लिंग महाराज के नेतृत्व में नागा साधु पूर्व महंत के आवास पहुंचकर संध्याबेला में बाबा को हल्दी अर्पण कर भोग लगाएंगे। वसंत पंचमी पर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ की प्रतिमा के समक्ष तिलकोत्सव की परंपरा का निर्वाह किया गया था। अब 24 फरवरी को हल्दी की रस्म के लिए गवनहिरयों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पर जमा होगी। एक तरफ मंगल गीतों का गान के बीच बाबा को हल्दी लगाई जाएगी।

यह रस्म विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी के गोलोकवास होने के बाद पहली बार उनकी पत्नी मोहिनी देवी के सानिध्य में वंश परंपरानुसार उनके पुत्र पं. वाचस्पति तिवारी निभाएंगे। हल्दी के पारंपरिक शिव गीतों में दूल्हे की खूबियों का बखान होगा। शिवाजंली के संयोजक संजीव रत्न मिश्र ने बताया कि निरंजनी अखाड़े के नागा साधु मेवाड़ से हल्दी लाए हैं, जिसे महाकुंभ में विधिवत पूजा की गई है। 10 मार्च को रंगभरी एकादशी काशीवासियों द्वारा बाबा की पालकी (गौना यात्रा) तक अनवरत चलती रहेगी।

**महाशिवरात्रि से पहले शिवपुराण की बढ़ी मांग :** महाशिवरात्रि में शिवपुराण पढ़ने का विशेष महत्व होता है। इन दिनों गीता प्रेस में शिवपुराण की खूब खरीदारी हो रही है। जहां आम दिनों में रामचरितमानस और महाभारत ज्यादा लोकप्रिय होता है, वहीं इस महीने 100 से ज्यादा शिवपुराण के ऑर्डर आ चुके हैं। विदेश में रहने वाले भारतीय ऑनलाइन खरीद रहे हैं। शिवपुराण का दाम 1500 रुपये है, विदेशी ग्राहक 3000 रुपये से ज्यादा शिपिंग चार्ज देकर शिवपुराण मंगा रहे हैं। गीता प्रेस के मैनेजर विजय शर्मा ने बताया कि इन दिनों शिवपुराण की विशेष मांग है। इसमें कुछ दक्षिण भारतीय भी तमिल भाषा में शिवपुराण को खरीद रहे हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यू जर्सी, न्यूजीलैंड, यूएसए, यूके से भी ऑनलाइन ऑर्डर आ रहे हैं।

**सीईओ ने लिया धाम की तैयारियों का जायजा :** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाली पूजा और आरती की तैयारी के साथ ही धाम को भव्य रूप से सजाने का काम तेज गति से जारी है। मंदिर प्रांगण में चल रही तैयारियों की न्यास के अधिकारी सतत निगरानी कर रहे हैं। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने शनिवार को गेट नंबर- 4 से गंगा द्वार तक तैयारियों का जायजा लिया।

## संक्षेप

### भस्म भभूत सोहे अर्ध मोहिनी रूप...



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए- बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केरला की कलाकार सुश्री शिखा रमेश ने कथक की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का आरंभ शिव भगवान की स्तुति से किया ' जिसके बोल थे- भस्म भभूत सोहे अर्ध मोहिनी रूप उसके बाद सरगम की प्रस्तुति की और अंत में ठुमरी- डगर चलत देखो श्याम जो बिंदादिन महाराज जी द्वारा रचित है से कार्यक्रम का समापन किया ' कार्यक्रम का समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा का एवं कार्यक्रम का संचालन प्रेम नारायण मिश्र ने किया । इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल द्वारा किया गया ।अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया।

### नागालैंड के राज्यपाल ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन



**वाराणसी।** नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन ने रविवार को ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 3.0 में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए अद्भुत संग्रह बताया। उन्होंने ऋषि अगस्त्य एवं तमिलनाडु के संत कवि, लेखक, पत्रकार सुब्रमण्यम भारती आदि के प्रदर्शित चित्र और उनके जीवन के बारे में संक्षिप्त शब्दों में दी गयी जानकारी की सरहाना की। उन्होंने विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाली योजनाओं की जानकारी देने वाली सूचनाओं के संग्रह को उत्कृष्ट बताया। स्वागत करते हुए सहायक निदेशक डॉ. लालजी ने राज्यपाल को प्रदर्शित चित्रों एवं सूचनाओं के बारे में जानकारी दी।

### डॉ. आशुतोष अध्यक्ष और वीरेंद्र सचिव चुने गये



**वाराणसी।** रोटरी क्लब वाराणसी मिडटाउन ने रोटरी का 120वां साल सेलिब्रेट किया। एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष वीडी गुजराती ने रोटरी के कार्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात हुए चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ. आशुतोष चतर्वेदी अध्यक्ष, वीरेंद्र कपूर सचिव, शिवानन्द सिंह कोषाध्यक्ष और आशुतोष द्विवेदी क्लब ट्रेनर चुने गए। संचालन क्लब के सचिव राजेश कुमार गुप्ता ने किया। धन्यवाद पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुमार आशीष ने दिया। कार्यक्रम में राजू राय, डॉ. केवीपी सिंह, डॉ. केसी गुप्ता, प्रमोद कुमार, व्योमकेश, राकेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

### संत गाडगे के व्यक्तित्व से समाज सीख लेः पुष्पलता

**चौबेपुर।** चौबेपुर स्थित संत गाडगे धर्मशाला चौबेपुर में बाबा संत गाडगे की जयंती प्रकाश उत्सव के रूप मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पुष्पलता ने कहा कि संत गाडगे भारत के महान संत थे। उन्होंने समाज में फैली अंधविश्वास सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन आंदोलन स्वच्छता अभियान को लेकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना की और सबको संगठित होकर चलने के लिए प्रेरित भी किया। उनके जन्म दिवस के अवसर पर हम सभी उनके मार्ग का अनुसरण करें । धर्मशाला के कोषाध्यक्ष राजकुमार कन्नौजिया ने कहा कि गाडगे स्वच्छता के जनक बाबा भीम राव अंबेडकर के सामाजिक गुरु थे । जब की अंबेडकर को भारत रत्न से नवाजा गया । धोबी समाज को भारत सरकार से मांग है की गाडगे को भारतरत्न से नवाजा जाए। अध्यक्षता सेचूलाल कनौजिया व मंच संचालन दयाराम ने किया। इस मौके पर डॉक्टर नंदलाल , संतलाल मुन्नालाल राजकुमार कनौजिया ,शैलेंद्र विनोद आदि लोग उपस्थित रहे धन्यवाद ज्ञापन सोनू कनौजिया ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण किया।

### अखंड रामायण आज व भंडारे का 25 को आयोजन

**चौबेपुर।** स्थानीय बाजार के सपई के ताल में स्थित विघ्न हरण हनुमान मंदिर में सोमवार को अखंड रामायण व मंगलवार को भंडारे का आयोजन चौबेपुर के व्यापारियों द्वारा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी खुशहाल सेठ लालचंद्र सेठ महेश सेठ संतोष जायसवाल व पुजारी शंकर बाबा ने दी है।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 144 लोगों की जांच

**चौबेपुर।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट एवं आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन रविवार को भन्दहा कला, कैथी केंद्र पर किया गया। शिविर में कुल 144 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमे से चिन्हित 42 मोतियाबिंद के मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन, लेंस और चश्मा की सुविधा दी जायेगी। अस्पताल में आवश्यक जांच के उपरान्त सोमवार को ऑपरेशन किया जाएगा । सभी मरीजों को वापस मंगलवार को अस्पताल की बस द्वारा वापस आशा केंद्र पर पहुंचा दिया जाएगा ।

### परीक्षण शिविर में कई नेत्र विशेषज्ञ शामिल

**वाराणसी।** नेत्र परीक्षण शिविर में आर जे अस्पताल की टीम में युगल चन्द्र के नेतृत्व में नेत्र विशेषज्ञ सोनाली एवं जयेंद्र, नेत्र सहायक नैंसी, अंजली, सतीश एवं श्याम शामिल रहे । आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति, आर. जे. शंकरा आई अस्पताल और आशा ट्रस्ट के सौजन्य से ऐसे शिविर भविष्य में भी लगाये जायेंगे जिससे क्षेत्र के सभी जरूरतमंद और गरीब लोगों को मोतियाबिंद से निजात मिल सके । इस केंद्र पर अगला शिविर 26 मार्च को लगेगा । शिविर के आयोजन में प्रदीप सिंह, दीन दयाल सिंह, सर्वेश तिवारी, अरुण कुमार पाण्डेय, चन्दन गोस्वामी, ज्योति सिंह, सरोज सिंह, नर नाहर पाण्डेय, रमेश प्रसाद, सूरज पाण्डेय,आनंद निषाद, राजकुमार पटेल, सौरभ चन्द्र आदि का विशेष सहयोग रहा ।

### विद्यार्थियों ने लिखीं कहानियां और बनाये पोस्टर

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के दौरान नमो घाट पर केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी पंडाल में रविवार को विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच कहानी लेखन, पोस्टर पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने दिये गये विषयों पर जहां कहानियां लिखी, वहीं पोस्टर भी बनाया। क्षेत्रीय पुरातत्व व सांस्कृतिक अधिकारी डॉ. रामनरेश पाल ने कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विद्यार्थियों के साथ संवाद का सशक्त माध्यम है। प्रश्नोत्तरी की प्रभावशाली विधि से सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत पर लगागी गयी चित्र प्रदर्शनी में तमिलनाडु के सामाजिक सुधारक, कवि, लेखक और वैज्ञानिक लोगों के बारे में जानकारी मिल रही है। उन्होंने सवालों का सही जबाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

### विश्वविद्यालय की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प



**वाराणसी।** आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक के रूप में पाली विभाग के प्रकांड विद्वान एवं विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश प्रसाद ने रविवार को आईक्यूएसी कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने आईक्यूएसी के पूर्व समन्वयक प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी से कार्यभार ग्रहण किया। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पाली विभाग के आचार्य प्रो. रमेश प्रसाद ने बताया कि विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत गत दिनों कुलसचिव के द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार उन्होंने आईक्यूएसी के समन्वयक के रूप में शाम चार बजे अपना कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल में आईक्यूएसी के कार्यों को और भी प्रभावी बनाने के लिए काम करेंगे। प्रो रमेश प्रसाद ने कहा कि आईक्यूएसी का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम करेंगे।इस दौरान तत्कालीन समन्वयक प्रो हरिप्रसाद अधिकारी, डा. विशाखा शुक्ला, डा मधुसूदन मिश्र, डा विजय कुमार शर्मा, डा. रघुनाथ पाल ने दोनों आचार्यों का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया।

# विद्यालय में वसूली का वीडियो वायरल

## परीक्षा व प्रैक्टिकल के नाम पर की जा रही धनउगाही

**मनियर।** क्षेत्र के मानिकपुर में स्थित श्री पशुपतिनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ-साफ सुना जा सकता है कि कक्षा नौवीं व 10वीं की तिमाही, छमाही एवं बोर्ड परीक्षा के लिए दो-दो सौ रुपए लिए जा रहे हैं। अर्थात सालाना 600 रुपए वसूले जा रहे हैं। प्रेक्टिकल के नाम पर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से 1000 रुपए की अवैध धनउगाही की जा रही है।

पैसा वसूली का यह वीडियो शासन के जीरो टालरेंस और भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के दावों की सच्चाई बताता नजर आ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अधिकारियों को इस अवैध धनउगाही के बारे में जानकारी नहीं है। अथवा अधिकारी भी इसमें संलिप्त हैं। इस संबंध में जब विद्यालय के प्रबंधक श्रीभगवान पर्वत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। आप विकास पर्वत से बात कर लीजिए। जब वीडियो में दिख रहे सख्श विकास पर्वत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि परीक्षा फीस 600 रुपया सालाना लगता है तथा प्रैक्टिकल के लिए 1000 रुपया लगता है। इस संबंध में जब जिला विद्यालय निरीक्षक से बात की गई तो पहले तो उन्होंने वायरल वीडियो की मांग की। जब उन्हें वीडियो उनके सीयूजी नंबर से संचालित व्हाट्सएप पर भेज दी गई तो उन्होंने बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया। कहा कि हम शासनादेश देखेंगे। फिर बात करेंगे। उसके पहले कोई भी बातचीत या जानकारी नहीं दें पाएंगे।

## बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने की तैयारी

**सख्ती**

**कक्ष निरीक्षकों को ऑनलाइन लगानी होगी हाजिरी**

**बैरिया।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार नकल एवं पर्चा आउट करने की कवायद मुश्किल ही नहीं, बल्कि असंभव होगी। एआई तकनीक, सीसीटीवी मॉनीटरिंग और रात्रिकालीन दस्ता को भेजना तो दूर, प्रयास भी नकल विरोधी अधिनियम के दायरे में पहुंचाने का कार्य करेगा। यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू होगी, जिसमें सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम होगा। 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाले इस परीक्षा में रात्रिकालीन उड़नदस्ता भी सक्रिय होगा। यह दस्ता केवल कागज में ही नहीं, बल्कि धरातल पर भी दिखेगा। प्रतिदिन सभी परीक्षा केंद्रों पर रात्रिकालीन निगरानी की रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को देना होगा और जिला विद्यालय निरीक्षक उसे आनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजेंगे। इसमें समय की अनिवार्यता लागू होगी। इसके अलावा कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने वालों को आनलाइन हाजिरी लगानी होगी, तभी उपस्थित मानी जाएगी और उन्हें पारिश्रमिक मिलेगा। उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में जांचे जाएंगे ओएमआरशीट। परीक्षा समाप्ति के बाद उसे बिना फटे और बिना मोड़े पैकेट में सील कर संकलन केंद्रों पर अन्य उत्तर पुस्तिकाओं के साथ जमा करना होगा। 12 मार्च को परीक्षा के आखिरी दिन संकलित कर सभी ओएमआर शीट को वाराणसी के क्षेत्रीय कार्यालय में भेजा जाएगा, जहां इसकी जांच होगी।

## बहेरा नाला के किनारे मिला युवक का शव

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के एक युवक का शव मनियर परशुराम स्थान के पीछे अंत्येष्टि स्थल के पास बहेरा नाले के किनारे रविवार की सुबह करीब 10 बजे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि श्यामा चौहान (38) पुत्र छोटेलाल चौहान वार्ड नंबर सात मनियर का रहने वाला है। किसी कार्य वश शमशान घाट के पास गया हुआ था। शमशान घाट के पीछे नाला है। उस नाले के पास उसका शव मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि शमशान घाट के पास स्थित हैंडपंप पर स्नान करने गया हुआ था, जहां फिसलने के बाद वह नीचे गिर गया होगा या दिल का दौरा पड़ने की वजह से उसकी मौत हुई है। मौत की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## संक्षेप

### पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा



**चितबड़ागांव।** स्थानीय पुलिस को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। रविवार को थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह मय हमराह उप निरीक्षक मयंक कुमार, हेड कां. ओमकार सिंह मौर्या, कां. सुनील यादव व महिला कां. सरिता पटेल क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त मिट्ठू सिंह उर्फ श्याम सिंह पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ छोटू सिंह निवासी वार्ड नंबर छह ब्राह्मी बाबा नगर, थाना चितबड़ागांव को नरही मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार मिट्ठू सिंह उर्फ श्याम सिंह धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर अधिनियम के की विवेचना थाना नरही द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। ऐसे में थाना नरही को अवगत कराते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर पुलिस ने चालान न्यायालय किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



**रसड़ा।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम बलिया की बैठक रसड़ा क्षेत्र के रेखहां चट्टी पर जिलाध्यक्ष अंश राव विश की अध्यक्षता में हुई। इसमें पार्टी को सशक्त एवं गतिशील बनाए जाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए तीन पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश चंद को जिला प्रभारी, रामबाबू एवं पिंटू राव को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के दिशा-निर्देशानुसार बलिया जनपद में भी पार्टी की गतिशीलता को पूरे युद्ध स्तर पर सशक्त बनाने का कार्य जारी है। साथ ही पीड़ित एवं जरूरतमंदों की समस्याओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ता उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करें। मनोनित जिला प्रभारी सतीश चंद ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का विश्वास दिलाया। मौके पर डा. गुड्डु, ओमनारायण एलबर्ट, राय कुंवर, सुधीर, श्रीनिवास राम, दीनानाथ राम, रामजी सहाय, प्रेमशंकर, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### एसीएमओ ने अस्पताल को किया सील




**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम कुण्डैल नियामत अली में संचालित पूजा अस्पताल को शनिवार की देर रात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पद्मावती गौतम ने सील कर दिया। साथ ही पांच बिन्दुओं की नोटिस अस्पताल भवन पर चस्पा कर आवश्यक प्रपत्रों के साथ जवाब तलब किया है। ज्ञातव्य है कि उभांव थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी एक महिला का दूसरा बच्चा होने वाला था। परिजन उसे शुक्रवार की शाम को बहोरवा मार्ग स्थित पूजा हास्पिटल ले गए थे, जहां उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाबत कोई शिकायत प्रशासनिक स्तर पर नहीं दर्ज कराई गई और न परिजन इस घटना के बाबत कुछ भी बोलने को तैयार हैं। अस्पताल भी पंजीकृत है। फिर अस्पताल को सील किए जाने को लेकर जनता में तरह-तरह की अटकल लगाए जाने लगी है। अस्पताल को सील करने में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पद्मावती गौतम के अलावा सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा. राकेश सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### नवीन पीएचसी में चोरी का असफल प्रयास

**बैरिया।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करणछपरा का शनिवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़ने एवं चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। घटना के संबंध में फार्मासिस्ट आत्मानंद सिंह ने दोकटी थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दे कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करणछपरा वर्षों से फार्मासिस्ट एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के सहारे चल रहा है। इस समय एक फार्मासिस्ट तैनात हैं, जो रोज अस्पताल का समय खत्म होने पर अस्पताल में ताला बंद कर अपने घर चले जाते हैं। शनिवार को भी यही हुआ। शाम को ताला बंद करने के बाद फार्मासिस्ट अपने घर चले गए। वहीं, रात में अज्ञात चोर अस्पताल का ताला तोड़ रहे थे, किंतु पड़ोस के लोग जाग गए। उन्होंने आवाज लगाई, जिसके बाद चोर भाग खड़े हुए। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के अवसर पर फार्मासिस्ट जब अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल का ताला क्षतिग्रस्त देखा। पड़ोसियों ने पूरी घटना बताई। इसके आधार पर उन्होंने दोकटी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों के जग जाने के कारण कर मौके से चोर भाग खड़े हुए।

### सपा के प्रदेश सचिव की भाभी के निधन पर शोक

**बेल्थरारोड।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आद्याशंकर यादव एडवोकेट की बड़ी भाभी सुभावती देवी (65) का इलाज के दौरान पीजीआई में शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए शुभेच्छुओं का आना-जाना शुरू हो गया। उनकी शवयात्रा शनिवार को उनके गृह ग्राम टंगुनिया से शिव स्थान गुलौरा मठिया के लिए प्रस्थान की। घाघरा नदी के तट उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पति प्रेमशंकर यादव ने दिया। इस मौके पर सांसद रामाशंकर विद्यार्थी, पूर्व विधायक गोरख पासवान, सपा नेता राजेश पासवान, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, दूधनाथ यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय शंकर यादव, चंद्रमणि यादव गुड्डू, रामायण, रुद्र प्रताप, उमाशंकर राम, संतोष राम, राजन, भाजपा नेता अशोक कुशवाहा, गेना लाल, बीरबल राम, राजेंद्र, शमशाद बांसपारी, इरफान अहमद, ओम प्रकाश मौजूद रहे।

# उप्र-बिहार सीमा पर खुलेआम हो रही अवैध वसूली

**मनमानी**

**सबकुछ जानकर भी अंजान बने हुए हैं जिम्मेदार**

**बैरिया।** एक तरफ जहां योगी सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टालरेंस की नीति पर जोर देने का दावा कर रही है, वही दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर स्थित जयप्रभा सेतु इन दिनों विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की अवैध वसूली का केंद्र बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के छोर पर ही नहीं, बल्कि बिहार छोर पर भी सामान लेकर आने-जाने वाले वाहनों से अवैध वसूली विभिन्न प्रकार के जांचों के नाम पर खुलेआम की जा रही है। यह जांच सरकार का खजाना भरने के लिए नही होता है, बल्कि अपना जेब भरने के लिए होता है। इस संदर्भ में जिम्मेदार सबकुछ जानकार भी अंजान बने हुए हैं। इस बाबत जिला पंचायत सदस्य गीता सिंह ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि वाहनों से अवैध वसूली ना हो। यूपी के छोर पर वाणिज्य कर, खनिज कर, संभागीय परिवहन विभाग एवं जीएसटी के कतिपय अधिकारी-कर्मचारी खुलेआम अवैध वसूली कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी वाणिज्य कर एवं जीएसटी वालों से है।

वह कोई ना कोई किंतु-परंतु लगाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इसी तरह बिहार छोर पर भी बिहार की पुलिस एवं अन्य विभागों के नुमाइंदे खुलेआम वसूली करते देखे जा रहे हैं। श्रीमती सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस चाह रखते हैं, किंतु कतिपय सरकारी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के असहयोग के चलते भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस बाबत उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## दुकान में लगी आग से नगदी समेत लाखों का सामान राख

**मझौवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 स्थित दयाछपरा ढाला पर शनिवार की रात्रि बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में कुशवाहा हार्डवेयर की दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार दयाछपरा ढाला पर पशु चिकित्सा डा. दिलीप वर्मा के कटरा में बड़का बुधनचक निवासी अवध किशोर वर्मा उर्फ बबलू कुशवाहा की हार्डवेयर की दुकान है। शनिवार की शाम प्रतिदिन की भांति वह दुकान बंद करके घर चले गए। इसी बीच बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में दुकान में रखा पाइप के साथ ही प्लास्टिक का सामान जलने लगा। गंध मिलने से कटरा मालिक डा. दिलीप वर्मा की नींद खुल गई। इसके बाद दुकान संचालक अवध किशोर वर्मा को फोन किया। ताला खुला तो दुकान के अंदर का सारा सामान जल रहा था। ग्रामीणों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। अवध किशोर वर्मा ने बताया कि आग में 27000 हजार रुपए नगद समेत लाखों रुपये का सामान जल गया है।

# सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर लगेगा जुर्माना

**बलिया।** सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वाले लोगों, प्रतिष्ठानों एवं दुकानदारों पर नगर पालिका परिषद ने अब नकेल कसने का मन बना लिया है। नगर पालिका ने शहर में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए टीम बनाई है। कूड़ा फेंकने पर 100 से 1000 रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना न देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत रिहायशी भवन के रहने वाले, दुकानदारों, हलवाई, चाट-पकौड़ी, फास्ट फूड, आइसक्रीम, जूस, सब्जी समेत अन्य ठेला व्यवसायियों से 100-100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही ट्रैक्टर-ट्राली से बजरी, कचरा, मलबा, निर्माण सामग्री, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर 1000 रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा।




दुकानदारों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर, साइकिल, बाइक की रिपेयरिंग कर गंदगी करने पर भी 1000 रुपये, घरों का पानी सड़क पर गिराने, शादी-विवाह स्थलों के बाहर कचरा डालने पर 5000 रुपये और औद्योगिक प्रतिष्ठान का कचरा डालने पर 10,000 रुपये का जुर्माना प्रतिदिन वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त नर्सिंग होम, अस्पताल, क्लीनिकोलाजी, एक्स-रे आदि से गंदगी फैलने पर 2000 देने होंगे।

## बायोमेडिकल वेस्ट मिलने पर 10 हजार का जुर्माना

**बलिया।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित नर्सिंग होम, अस्पताल, क्लीनिक, पैथोलाजी, एक्स-रे आदि से बायोमेडिकल वेस्ट फैलाने पर 10,000 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं, आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा चलाने वालों पर 1000 रुपये जुर्माना देने होगा। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के ईओ सुभाष कुमार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में अगर कोई कूड़ा-कचरा फैलाता हैं तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा। चाहे वह आम नागरिक हो या फिर कोई बड़ा कारोबारी ही क्यों न हो।

# भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व से लेनी चाहिए सीख



द होराइजन स्कूल में डॉ. गणेश पाठक एवं प्रो. हरिकेश सिंह को बुके देकर स्वागत करते प्रिंसिपल संजय सिंह



रामचरित मानस की प्रस्तुति करती छात्राएं

**बोले प्रो. हरिकेश सिंह**

**मर्यादा व अनुशासन में रहकर बन सकते है अच्छा इंसान**

**द होराइजन स्कूल में बच्चों ने किया रामचरितमानस का गायन**

**बलिया।** द होराइजन स्कूल त्रिकालपुर, गड़वार में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम रामचरितमानस गायन की बहुत सुंदर प्रस्तुति छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ तुलसी पूजन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस प्रस्तुति में बाल कांड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, किष्किंधा कांड, सुंदर कांड, लंका कांड, उत्तर काण्ड आदि के साथ-साथ भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि द होराइजन स्कूल जनपद का ऐसा विद्यालय है, जो शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान की भी जानकारी दे रहा है। इसे देखकर मैं अभिभूत हूं। भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व हमें मर्यादा, दया, करुणा और अनुशासन की महत्ता सिखाता है। हमें उनके जीवन से यह सीखने को मिलता है कि मर्यादा और अनुशासन में रहकर हम अच्छे इंसान बन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. गणेश पाठक ने कहा कि यह देखकर हमें वाकई शिक्षा निकेतन की याद आ गई। मन प्रसन्न हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का विनम्र आचरण और सभी के प्रति सम्मान का भाव हमें सिखाता है कि हमें पद, उम्र आदि के भेदभाव के बावजूद सबसे समान व्यवहार करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ ही भूतपूर्व सैनिक तथा वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य पियूष श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

यह कार्यक्रम प्रभाकर तिवारी, रोशनी सिंह, मीनू के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसमें नीलम, अभय, जितेंद्र, अभिषेक, सुखनंदन, एलबी रावत, निशांत, शशिनाथ, मेनका, आकांक्षा आदि का योगदान सराहनीय रहा। संचालन सुहाना यादव एवं तृप्ति सिंह ने किया।

# बलिया की टीम ने जीता फाइनल मैच

**मझौवां।** श्री गांजाहवा बाबा शार्ट बाउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता पुराना बाजार दया छपरा द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को माझिल इलेवन बलिया एवं रेवती इलेवन रेवती के बीच खेला गया। इसके मुख्य अतिथि विधायक जय प्रकाश अंचल रहे। सर्वप्रथम रेवती की टीम ने टास जीतकर बल्लेबाजी करने के लिए बलिया टीम को बुलाया। इसमें बलिया की टीम विजेता घोषित की गई। मैन आफ द मैच एवं मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार रोशन साह को दिया गया। विजेता टीम के कैप्टन अमितेश को शिल्ड के साथ 10000 का नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। वही, उप विजेता टीम के कैप्टन अरविंद को शिल्ड के साथ 5000 का धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजय कुमार तिवारी, अवनीश कुमार कुशवाहा, पिंटू, अमर, अमर गुप्ता, किशन, धर्मेंद्र , शशि प्रकाश, रमेश कुमार, मनोरंजन राव, गुड्डू, अजय, कमलेश नारायण, अंजनी, कौशल उपस्थित रहे।



# आत्म जागरण का पर्व है महाशिवरात्रि : उमा दीदी



शिव जयंती रैली को हरी झंडी दिखाते पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल व उमा दीदी

**आयोजन**

**शहर में धूमधाम से निकली शिव जयंती रैली**

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र के सौजन्य से शहर में शिव जयंती रैली बड़े ही धूमधाम से निकाली गयी। इसका शुभारम्भ पूर्व मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ल एवं ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र की इंचार्ज उमा दीदी ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इसमें सैकड़ों ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी अपने हाथों में झण्डा एवं स्लोगन पोस्टर लेकर शामिल हुए।

उमा दीदी जी ने कहा कि पर्वों में महापर्व है महाशिवरात्रि, जो परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार पर्व है। भारत सहित पूरी दुनिया में इस पर्व को मनाया जाता है। ये पर्व आत्म जागरण का भी पर्व है।

क्योंकि जब अपने को आत्मा समझ परमपिता परमात्मा शिव को याद करते हैं तो इससे आत्मा की शुद्धि एवं कल्याण होता है। इस पर्व से सदा ही आध्यात्मिक संदेश मिलता है। समाज में सदा ही शांति, सद्भावना बनी रहे, इसकी प्रेरणा यह पर्व देता है। अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के उजाले में आना एवं समस्त बुराईयों को छोड़ जीवन सुखी एवं खुशहाल बनाने वाले सद्गुणों को धारण करने की प्रेरणा देने वाला पर्व है महाशिवरात्रि। इसी प्रेरणा को जन-जन में जागृति लाने हेतु यह रैली निकाली गई है।

रैली शहर के एनसीसी तिराहा के समीप सेठ कालोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा से निकाली। यह शहर में भ्रमण करते हुए बहादुरपुर, कालिन्दी नगर में स्थित ब्रह्माकुमारीज पाठशाला पर पहुंची और वहां शिव ध्वजारोहण करने के पश्चात् रैली का समापन हो गया। इस अवसर पर सुमन बहन, कुसुम, सुरेश भाई, पूजा बहन, वंदना बहन, कमलाकर पाण्डेय, जागृति, वर्तिका, नीलम, श्रीनाथ वर्मा, अभय सिंह, ददन यादव, तारकेश्वर सिंह, गजाधर प्रसाद, दयाशंकर, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप साहनी, अरूण गुप्ता, अभिषेक, विनित, उमेश वर्मा, रामेश्वर वर्मा, कलेक्टर गिरी, शंकर दयाल, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से शिव बारात निकालने का निर्णय



**बलिया।** नगर के कैलाश धाम रोड स्थित कैलाश धाम (ठाकुर जी मंदिर) परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर के संयोजक शंभू सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 26 फरवरी, बुधवार को मंदिर परिसर से सांस्कृतिक एवं पारंपरिक तरीके से पूर्व निर्धारित मार्ग से हाथी, घोड़ा, ऊंट, पखाउज के साथ शिव बारात निकाली जायेगी। श्रद्धालुजन से अपील किया गया कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाले शिव बारात में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें। रात्रि में मंदिर परिसर में शिव विवाह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर संतोष कुमार शुक्ल, पारस ठाकुर, अरूण कुमार सिंह बबलू, राजू तिवारी, नंदलाल सर्राफ, मंत्री, राजेन्द्र पांडेय, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

## मंदिरों पर तैनात रहेगी पुलिस

**सिकंदरपुर।** पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित विभिन्न मंदिरों के पुजारियो ने एक स्वर में बताया कि महाशिवरात्रि के दिन मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की काफी भीड़ तीन बजे भोर से ही लगनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की तैनाती की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने हर मंदिरों पर फोर्स की तैनाती की बात कही।

## बेतरतीब तरीके से खड़ा न करें वाहन

**सिकंदरपुर।** लोगों ने बताया कि कस्बे में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन एवं ई-रिक्शा के कारण आये दिन कस्बे में जाम की स्थिति बन जा रही है। शिव बारात के दिन मार्गों पर खड़े वाहनों को हटा दिया जाए। इस पर नगर अध्यक्ष के साथ-साथ प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि माइक से शहर में प्रचार-प्रसार करा दिया जाएगा कि आप लोग सड़क पर अपना वाहन बेतरतीब तरीके से न लगाएं। फिर भी न माने तो चालान एवं सीज की कार्यवाही की जाएगी।

## परंपरागत मार्गों से निकलेगी शिव बारात


**सिकंदरपुर।** महाशिवरात्रि और होली त्योहार को लेकर रविवार को कस्बा स्थित पुलिस चौकी के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक हुई। नायब तहसीलदार सीपी यादव एवं प्रभारी निरीक्षक विकास चंद पांडेय ने बैठक का नेतृत्व किया। प्रभारी निरीक्षक विकास चंद पांडेय ने स्पष्ट किया कि त्योहारों में कोई नई परंपरा नहीं जोड़ी जाएगी। उन्होंने कस्बे के बाबा अदभुत नाथ और चतुर्भुज नाथ मंदिर से निकलने वाली शिव बारात के बारे में जानकारी ली। कहा कि शिव बारात अपने परंपरागत मार्ग से ही निकलेगी। प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखेगा। उन्होंनें होलिका दहन स्थलों को भी चिह्नित करने का निर्देश दिया। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में लोगों ने बिजली, पानी, साफ-सफाई के बारे में बताया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने सभी समस्याओं को समय से हल कर लेने की बात कही। आयोजनकर्ता ने बताया कि शिव बारात 26 फरवरी, बुधवार की शाम चार बजे से अपने-अपने मंदिरों से झांकी, ढोल-नगाड़ों के साथ लेकर निकलेगी। इस अवसर पर क्राइम इस्पेक्टर नरेश मलिक, चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल, प्रयाग चौहान, मनोज मोदनवाल, डा. उमेश चन्द, लालबचन प्रजापति, जावेद भाई, गुड्डु मलिक, फैजी अंसारी, राकेश सिंह, नजरुल बारी, संतोष गुप्ता, अजय चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



# छात्र-छात्राओं ने यूजीसी परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन





**सिकन्दरपुर।** कठिन परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीण अंचल में स्थित श्री बजरंग महाविद्यालय दादर आश्रम सिकंदरपुर के छात्रों ने यूजीसी जेआरएफ/नेट परीक्षा में अनवरत शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को फिर से सिद्ध कर दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उदय पासवान ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार, डॉ. उमाकांत यादव, डॉ. एसएन मिश्र सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं समस्त कर्मचारियों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की उम्मीद जताई। भूगोल विभाग से जितेश यादव एवं धनु यादव ने जेआरएफ तथा शिखा तिवारी, रानी यादव, ब्यूटी यादव, रंजन यादव एवं हर्ष पासवान और समाजशास्त्र विभाग से नीरज यादव ने नेट के लिए क्वालिफाई किया है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## जनसंपादकीय

# महाकुंभ का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

**निर्मल रानी**



भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ ' है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टी वी,समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माध्यमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गये थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां,बसें,विमान आदि भी चलाये गये। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकठ्ठा होना तो स्वभाविक था ही।

परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक , 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आये ? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहाँ तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहाँ भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गयी। महाकुंभ में न आने वालों को देशद्रोही बताने वाले बागेश्वर के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगदड़ में मरने वालों को लेकर यह विवादित बयान दे दिया कि -'जो कोई गंगा किनारे मरेगा वह मरेगा नहीं बल्कि मोक्ष प्राप्त करेगा'। इसतरह सरकार को खुश करने के लिये अनेक साधु संतों द्वारा तरह तरह की भ्रामक बातें की गयीं जबकि इन हादसों के लिये सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने वालों को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी,कांग्रेसी,नकारात्मक सोच रखने वाला कहा जाने लगा। हद तो यह है कि भगदड़ पर सवाल उठाने वाले शंकराचार्य के विरोध में तो सारा संत समाज ही इकठ्ठा हो गया ? शंकराचार्य ने भगदड़ में मृतकों के प्रति हमदर्दी व सरकार की लापरवाही पर ऊँगली क्या उठा दी कि उनके पद को ही चुनौती दी जाने लगी ?

ऐसे में यह सवाल उठना तो लाजिमी है कि जब राज्य से लेकर केंद्र सरकार के मुखिया तक महाकुंभ के आयोजन की चर्चा कर रहे हों,लोगों को स्वयं व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हों। '144 वर्ष बाद हो रहे आयोजन का' अप्रमाणित हौव्वा खड़ा किया गया हो,अतिथियों के लिये प्रोटोकाल के अनुसार मंत्री स्तर के लोग उन्हें स्नान कराने के लिये तैनात हों,टी वी अखबार महाकुंभ के गुणगान व प्रचार से पटे पड़े हों, ऐसे में भारत जैसे विशाल एवं धर्म प्रधान देश में करोड़ों लोगों का पहुंचना तो स्वभाविक ही था। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसबार का आयोजन पिछले कुंभ आयोजन की तुलना में अधिक भव्य रहा। परन्तु सवाल यह भी है कि कि चाहे वह सरकार हो या राजनेता,जो भी इस महाआयोजन का श्रेय लेगा निश्चित रूप से इस मेले में हुये कुप्रबंधन तथा असामयिक मौतों की जिम्मेदारी भी उसी को लेनी पड़ेगी।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

(युद्ध हेतु ब्रिटिश-सरकार द्वारा समस्त अनाज को गोदामों में भर लेने से देश में अकाल पड़ा। लोग भूखों मरने लगे। विश्वयुद्ध समाप्त होने पर 15 जून 1945 ई० को जवाहरलाल नेहरू रिहा हुए। नवम्बर 1945 ई० में आजाद हिन्द फौज के सैनिकों पर मुकदमा शुरू हुआ। सारा देश उनके बारे में जाना। मौके का लाभ उठाने हेतु कांग्रेस और मुस्लिम-लीग दोनों कूद पड़े। कैलाशनाथ काटजू, जवाहरलाल नेहरू, भूलाभाई देसाई, तेजबहादुर सप्रू, आसिफ अली आदि ने सैनिकों के पक्ष में वकालत की। गांधीजी के आशंकानुसार 1939 ई० से कांग्रेस के अलग रहने पर मुस्लिम-लीग अपनी जड़ें जमा चुकी थी। अमेरिका तथा सोवियत-संघ ब्रिटेन पर उपनिवेशों की समाप्ति हेतु दबाव डालने लगे। आजाद हिन्द फौज से प्रभावित होकर भारतीय सेना में खलबली मची। ब्रिटिश घबराने लगे। आजादी निकट थी। पाकिस्तान की मांग जोर पकड़ लिया। इस परिस्थिति में दिसंबर 1945 ई० में आम-चुनाव हुआ।)

# अथ भारत-विभाजन कथा

## प्रसंगवश

**मिहिर रायचौधरी**



द्वितीय विश्वयुद्ध में वाइसरॉय द्वारा भारत को मित्रपक्ष में योगदान की घोषणा का गांधीजी तथा कांग्रेस ने विरोध किया, परन्तु गांधीजी ने कहा कि मैं ब्रिटेन की राख पर स्वतंत्रता नहीं चाहता हूं। अक्टूबर 1939 में कांग्रेस के निदेर्शानुसार कांग्रेसी मंत्रियों ने इस्तीफा दिया। गांधीजी नाखुश थे। उनके अनुसार इससे मुस्लिम लीग लाभान्वित होगा एवं ब्रिटिश सरकार को भी परोक्षरूप में सहयोग मिलेगा। मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा प्रसन्न थे। मुस्लिम लीग ने 22 दिसम्बर को कांग्रेस मुक्ति-दिवस मनाने का निर्णय किया। अम्बेडकर ने मुस्लिम लीग का साथ देकर भाषण दिया। 1940 ई० में लाहौर बैठक में मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान का दावा प्रस्तुत किया। उनके अनुसार पाकिस्तान का अर्थ पंजाब, अपपगान, कश्मीर, ईरान, सिंध और बलूचिस्तान था। बंगाल का विचार बाद में आया।

कांग्रेस ने ब्रिटिश सरकार को युद्ध में सशर्त समर्थन करने का प्रस्ताव 'युद्धोपरांत ब्रिटिश भारत छोड़ें' दिया, जिसे ब्रिटिश सरकार ने नहीं माना क्योंकि उन्हे भारतीय रजवाड़ों, मुस्लिम-लीग तथा हिन्दू-महासभा का समर्थन प्राप्त था। फरवरी 1942 ई० में सिंगापुर के पतनोपरान्त जापानी बर्मा-आक्रमण हेतु उद्यत हुए तथा अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने ब्रिटेन से शीघ्रातिशीघ्र औपनिवेशिक शासन की समाप्ति हेतु भारतीयों के जायज मांग पर ध्यान देने को कहा, वो दबाव में आ गए। पर ब्रिटिश सरकार ने मार्च 1942 ई० में स्टैफोर्ड क्रिप्स को भारत भेजा। गांधीजी को अंग्रेजों पर विश्वास नहीं था, परन्तु नेहरू, पटेल, राजागोपालाचारी एवं मौलाना आजाद वातार्लाप हेतु इच्छुक थे। क्रिप्स के प्रस्तावानुसार युद्धोपरांत भारत को डॉमिनियन स्टेटस सहित स्वराज देना था। प्रान्तों एवं रजवाड़ों को भारतीय यूनियन में योगदान न करने की छूट थी। मुस्लिम-लीग तथा हिन्दू-महासभा राजी थे परन्तु गांधीजी ने इसको 'दिवालिया बैंक का पोस्टडेटेड चेक' कहा एवं अगस्त 1942 ई० के वार्धा-सम्मेलन में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन की घोषणा की। कांग्रेस ने प्रथम बार स्वतंत्रता-आन्दोलन शुरू किया। अगले दिन समस्त कांग्रेसी नेता जेल भेजे गए। नेता-विहीन आन्दोलन कई जगह स्वतःस्फूर्त रूप से उभरा, पर कुचल दिया गया। सावरकर, जो हुकूमत से माफी मांगकर वापस आए थे, ने अपील की कि स्वतंत्रता-आन्दोलन में भाग न लेकर अपना कार्य करो। कांग्रेस के हटने पर श्यामाप्रसाद मुखर्जी, जो फजलूल हक मंत्रीसभा में मंत्री थे, ने आन्दोलन को कुचलने के लिए आदेश दिया; हालांकि आन्दोलन को दबाने हेतु ब्रिटिश-अत्याचार से व्यथित होकर उन्होंने मंत्री-मंडल से त्यागपत्र दे दिया। पुलिस, सिविल-सर्विस तथा सेना ने भी आन्दोलन का विरोध किया। व्यवसायी युद्ध से मालामाल हो रहे थे, उनको आन्दोलन में रुचि नहीं थी। फलस्वरूप आन्दोलन विफल हो गया। अन्तिम आशा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस थे। 1943 ई० में नेताजी ने आजाद हिन्द फौज लेकर युद्ध प्रारम्भ कर दिया। 29 दिसम्बर 1943 ई० को नेताजी पोर्ट ब्लेयर पहुंचे एवं 'Provisional Government of free India' का गठन किया।

युद्ध हेतु ब्रिटिश-सरकार द्वारा समस्त अनाज को गोदामों में भर लेने से देश में अकाल पड़ा। लोग भूखों मरने लगे। विश्वयुद्ध समाप्त होने पर 15 जून 1945 ई० को जवाहरलाल नेहरू रिहा हुए। नवम्बर 1945 ई० में आजाद हिन्द फौज के सैनिकों पर मुकदमा शुरू हुआ। सारा देश उनके बारे में जाना। मौके का लाभ उठाने हेतु कांग्रेस और मुस्लिम-लीग दोनों कूद पड़े। कैलाशनाथ काटजू, जवाहरलाल नेहरू, भूलाभाई देसाई, तेजबहादुर सप्रू, आसिफ अली आदि ने सैनिकों के पक्ष में वकालत की। गांधीजी के आशंकानुसार 1939 ई० से कांग्रेस के अलग रहने पर मुस्लिम-लीग अपनी जड़ें जमा चुकी थी। अमेरिका तथा सोवियत-संघ ब्रिटेन पर उपनिवेशों की समाप्ति हेतु दबाव डालने लगे। आजाद हिन्द फौज से प्रभावित होकर भारतीय सेना में खलबली मची। ब्रिटिश घबराने लगे। आजादी निकट थी। पाकिस्तान की मांग जोर पकड़ लिया। इस परिस्थिति में दिसंबर 1945 ई० में आम-चुनाव हुआ। मुस्लिम-लीग ने सभी मुस्लिम सीटों को जीता परन्तु बहुमत कांग्रेस को मिला। प्रांतीय-चुनाव में पंजाब, सिंध एवं बंगाल में मुस्लिम-लीग को बहुमत मिला जबकि अन्य सभी प्रान्तों तथा नार्थ वेस्ट फ्रंटियर में कांग्रेस को बहुमत मिला। बलुचिस्तान में चुनाव नहीं हुआ। फरवरी 1946 ई० में नौसेना विद्रोह हो गया। कम्युनिस्ट पार्टी के अलावा राजनैतिक दलों ने इसका समर्थन नहीं किया, क्योंकि सबको सत्ता दिखाई दे रहा था। पटेल स्वयं विद्रोहियों को शान्त करने गए। विद्रोह समाप्त हुआ परन्तु विद्रोहियों को सजा हुई जो स्वतंत्रतोपरान्त भी कायम रहा। सत्ता-हस्तांतरण हेतु 24 मार्च 1946 ई० को कैबिनेट-मिशन आया। उसने एक रूपरेखा प्रस्तुत किया जिसमें भारत को एक 3-टियर देश बनाने का प्रस्ताव था। अर्थात उत्तर-पश्चिम तथा पूर्वी भारत के मुस्लिम-बहुल इलाकों के दो ग्रुप तथा मध्य-भारत के हिन्दू-बहुल इलाके का एक ग्रुप होगा। रजवाड़ों द्वारा शासित राज्यों में अपना शासन होगा। केन्द्र सरकार में केवल रक्षा, विदेश आदि विभाग होंगे जिसमें हिन्दू, मुस्लिम दोनों ग्रुपों का प्रतिनिधित्व होगा। मुस्लिम-लीग ने इस प्रस्ताव को मान लिया। गांधीजी ने कहा कि अंग्रेज भारत छोड़ें, देश-निर्माण भारतवासी स्वयं करेंगे। तत्कालीन वायसराय वावेल ने गांधीजी के बारे में कहा कि गांधी ब्रिटिश सासन को हटाने के अपने एकमात्र उद्देश्य पर कायम रहते हैं। उसने गांधी जी को एक दुराग्रही राजनीतिक कहा। जवाहरलाल नेहरू ने 10 जुलाई 1946 ई० को अपने भाषण में कहा कि प्रान्तों को किसी विशेष ग्रुप में शामिल होने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। इससे जिन्ना के बड़े पाकिस्तान की योजना असफल हो रही थी, अतः जिन्ना ने भी 29 जुलाई को इसे रद्द करते हुए 16 अगस्त 1946 ई० को 'Direct action day' घोषित किया। इसे गांधीजी के सविनय-अवज्ञा आन्दोलन जैसा ही होना था परन्तु बंगाल के प्रधानमंत्री सुहरावर्दी ने छुट्टी घोषित कर पुलिस को आन्दोलनकारियों के कार्य में हस्तक्षेप न करने को कहा। कोलकाता में सशस्त्र-आंदोलनकारी निकल पड़े तथा हिन्दुओं की हत्या करने लगे। हजारों असहाय हिन्दू मारे गए। एक अराजनैतिक व्यक्ति गोपालचन्द्र मुखोपाध्याय (गोपाल पाठा) ने हिन्दुओं की रक्षा हेतु 'भारत जातीय वाहिनी' बनाया और नारा दिया कि ₹एक के बदले दस को मारेंगे₹। हिन्दू भी दंगाइयों से भिड़ गए और मजबूरन 17 अगस्त को सेना बुलानी पड़ी। मुस्लिम लीग के अजमीरी और मुजिबुर्रहमान (बांग्लादेश के संस्थापक) ने गोपाल से शांति की अपील की, फलस्वरूप कोलकाता में दंगा समाप्त हुआ परन्तु अन्य जगहों में फैल चुका था। श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम शासन में हिन्दुओं को असुरक्षित कहकर बंगाल के विभाजन को आवश्यक बताया। इन घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में वावेल ने जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में 2 सितंबर 1946 ई० को अंतरिम-सरकार की स्थापना की। जिन्ना ने इसमें सम्मिलित न होकर लियाकत अली खान को अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा। लियाकत कांग्रेसी मंत्रियों के कार्य में जानबूझकर अड़ंगा लगाने लगे। ब्रिटिश सरकार ने कैबिनेट-मिशन के प्रस्तावों को पुनर्जीवित करने हेतु नेहरू, जिन्ना और वावेल को एटली से मिलने हेतु बुलाया, पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला। परिस्थिति बिगड़ने पर वावेल ने एक ब्रेकडाउन प्लान दिया जिसके अनुसार ब्रिटिशों को चरणबद्ध तरीके से भारत से निकलना था। ब्रिटिश सरकार ने इसे अस्वीकार कर 21 फरवरी 1947 ई० को लार्ड माउंटबैटन को 30 जून 1948 ई० तक सत्ता-हस्तांतरण हेतु भेजा। धर्म के आधार पर भारत-विभाजन अवश्यंभावी था। वावेल के अनुसार जब वो गांधीजी से मिले थे तो गांधी जी ने कहा था कि अगर भारत को रक्तपात चाहिए तो अहिंसा के बावजूद इसे रोका नहीं जा सकेगा। 3 जून 1947 ई० को माउंटबैटन ने भारत-विभाजन का प्रस्ताव रखा। गांधीजी के विरोध के बावजूद नेहरू, मौलाना आजाद (कांग्रेस), जिन्ना (मुस्लिम-लीग), अम्बेडकर (अछूत-प्रतिनिधि) और ताराचंद (सिख-प्रतिनिधि) ने विभाजन-पत्रक पर हस्ताक्षर किए। पंजाब और बंगाल को भी धर्म के आधार पर विभाजित करना था। इस हेतु रैडक्लिफ लाइन बनते ही दंगे शुरू हो गए। भारतीय इतिहास का सबसे वीभत्स गणहत्या हुआ। लाखों मरे और करोड़ों बेघर हुए। अन्ततः 14-15 अगस्त 1947 ई० को भारत और पाकिस्तान दो डॉमिनियन बने। माउंटबैटन जून 1948 ई० तक भारत के गवर्नर-जनरल रहे जिसके बाद राजागोपालाचारी गवर्नर-जनरल बने, जबकि जिन्ना पाकिस्तान के प्रथम गवर्नर-जनरल बने। 30 जनवरी 1948 ई० को प्रार्थना-सभा में एक अतिहिन्दुवादी ने गांधीजी को गोलियां मारी। इसप्रकार अंग्रेजों के अनुसार हिन्दूराज के समर्थक, धूर्ततम एवं दुर्बोध्य राजनीतिक का अंत एक हिन्दू के हाथ हो गया। अपनी सफाई में हत्यारे ने गांधीजी पर मुस्लिम-पक्षपात का आरोप लगाया।

गांधी-हत्या से व्यथित होकर श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने हिन्दू-महासभा को भंग कर तदुपरान्त जनसंघ की स्थापना की। जिन्ना, जो लाशों के पहाड़ पर भी पाकिस्तान चाहते थे, की मृत्यु 11 सितंबर 1948 ई० को हुई। उनकी एकमात्र पुत्री दीना पाकिस्तान छोड़कर एक पारसी व्यवसायी से विवाह कर भारत में रहने लगी। जिन्ना के नाती-पोते भारत में बाम्बे-डाईंग, ब्रिटानिया, किंग्स इलेवन पंजाब क्रिकेट-टीम तथा अन्य उद्योगों के मालिकाना के साथ चैन से हैं।

मुस्लिम लीग के अजमीरी और मुजिबुर्रहमान (बांग्लादेश के संस्थापक) ने गोपाल से शांति की अपील की, फलस्वरूप कोलकाता में दंगा समाप्त हुआ परन्तु अन्य जगहों में फैल चुका था। श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम शासन में हिन्दुओं को असुरक्षित कहकर बंगाल के विभाजन को आवश्यक बताया। इन घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में वावेल ने जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में 2 सितंबर 1946 ई० को अंतरिम-सरकार की स्थापना की।

**( लेखक गोरखपुर विवि के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष रहे हैं, संपर्क 96749 07435)**

# मंडल आयोग की कई सिफारिशें आज भी ठंडे बस्ते में

## सामयिकी

**प्रभात किशोर**



भारत का संविधान अपने नागरिकों को समानता का अधिकार सुनिश्चित करता है, परन्तु सामाजिक भेदभाव के कारण, समाज के एक बड़े वर्ग का सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में अल्प प्रतिनिधित्व है। सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति का आकलन करने के लिए जनता पार्टी सरकार के द्वारा 1 जनवरी 1979 को श्री बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना की गई थी। आयोग ने 31 दिसंबर 1980 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, परन्तु यह कांग्रेस शासन के पूरे एक दशक तक ठंढे बस्ते में पड़ी रही। सन 1989 में जब जनता दल सरकार सत्ता में आई, तो 13 अगस्त 1990 को केंद्र सरकार और उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सेवाओं में पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की अधिसूचना जारी की गई।

रिपोर्ट से उल्लिखित है कि ह्रहिंदू और गैर-हिंदू दोनों श्रेणी के पिछडे वर्ग की जनसंख्या भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 52 प्रतिशत है। तदनुसार, केंद्र सरकार के तहत सभी पदों में से 52 प्रतिशत का यथानुपात आरक्षण उनके लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। परन्तु यह प्रावधान उच्चतम न्यायालय के उन निर्णयों के विरूद्ध होगा, जिसमें कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के तहत आरक्षण की कुल मात्रा 50 प्रतिशत से कम होनी चाहिए। इसे देखते हुए, पिछडे वर्गों के लिए प्रस्तावित आरक्षण की सीमा इस प्रकार निर्धारित की जाय कि अनु0 जाति एवं जनजाति के लिए प्रावधानित आरक्षण 22.5 प्रतिशत में जोड़ने पर वह 50 प्रतिशत से नीचे रहे। इन कानूनी बाधाओं को देखते हुए, आयोग ने केवल 27 प्रतिशत आरक्षण की अनुशंसा की, भले ही उनकी जनसंख्या प्रावधानित अनुशंसा से दोगुनी हो। जिन राज्यों ने पहले ही ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत से अधिक आरक्षण लागू कर दिया है, वे इस अनुशंसा से अप्रभावित रहेंगे।

न्यायालय के द्वारा 50 प्रतिशत सीलिंग की कानूनी बाध्यता के कारण आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग के लिए मात्र 27 प्रतिशत आरक्षण की अनुशंसा की गई है, अन्यथा यह अनुशंसा जनसंख्या अनुपात के अनुसार यानी 52 प्रतिशत होती। अगड़ी जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के लिए वर्ष 2019 में, 103वें संविधान संशोधन के माध्यम से सीमा को बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। यही प्रक्रिया पिछड़े वर्गों को भी महज 27 प्रतिशत के स्थान पर 52 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए की जानी चाहिए थी, लेकिन खंडित दबे-कुचले तबके कभी भी सरकारों की प्राथमिकता सूची में नहीं रहे ।

जनता दल एवं बाद की अन्य दलों की केंद्र सरकारों ने मंडल आयोग की सभी अनुशंसाओं को लागू नहीं किया । आयोग की अनुशंसायें केवल सरकारी सेवाओं (जो जनसंख्या के 1 प्रतिशत से अधिक नहीं हैं) के लिए नहीं हैं बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए है, ताकि एक निश्चित अवधि के बाद सभी नागरिक एक ही बेंच मार्क पर खड़े हो सकें। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा निम्नलिखित योजनाओं की अनुशंसा की गई है, जिनका क्रियान्वयन अभी प्रतीक्षित है:-

(1) एक खुली प्रतियोगिता में गुणागुण आधार पर नियोजित पिछडे वर्ग के उम्मीदवारों को उनके 27 प्रतिशत आरक्षण कोटा में समायोजित नहीं किया जाना चाहिए।

(2) उपरोक्त आरक्षण को सभी स्तरों पर पदोन्नति में भी लागू किया जाना चाहिए।

(3) आरक्षित कोटा जो भरा नहीं गया है उसे तीन साल की अवधि के लिए आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उसके बाद अनारक्षित किया जाना चाहिए।

(4) सीधी भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट ओबीसी के उम्मीदवारों को उसी तरह दी जानी चाहिए जैसे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में दी जाती है।

(5) संबंधित प्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक श्रेणी के पदों के लिए रोस्टर प्रणाली उसी प्रकार से अपनाई जानी चाहिए जैसे वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के संबंध में अपनाई जाती है।

(6) आरक्षण की उपरोक्त योजना केंद्र और राज्य सरकारों के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए भी सभी भर्तियों पर लागू होनी चाहिए।

(7) सभी निजी क्षेत्र के उपक्रम जिन्हें सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, उन्हें उपरोक्त आधार पर कर्मियों की भर्ती करनी चाहिए।

(8) सभी विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालयों को भी उपरोक्त आरक्षण योजना के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए।

चयनात्मक आधार पर शुरू किया गया प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम और आवासीय विद्यालय पूरे समुदाय की चेतना के बढ़ते बिंदुओं के रूप में कार्य करेंगे।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित सभी वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यवसायिक संस्थानों में पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। वे राज्य, जिन्होंने पहले ही इनके लिए 27 प्रतिशत से अधिक सीटें आरक्षित कर रखी हैं, वे इन अनुशंसाओं से अप्रभावित रहेंगे।

हमारे तकनीकी और पेशेवर संस्थानों में ऐसे सभी छात्रों के लिए विशेष कोचिंग सुविधाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि ये युवा निराश और अपमानित महसूस न करें और साथ ही देश में अकुशल और घटिया इंजीनियरों, डॉक्टरों और अन्य पेशेवरों के साथ देश न उतरे।

व्यवसायिक समुदायों (जैसे ग्रामीण कुम्हार, तेल कोल्हू, लोहार, बढ़ई आदि) के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थान स्थापित किए जाने चाहिए।

सभी राज्य सरकारों को प्रगतिशील भूमि कानून बनाने और लागू करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण इलाकों में मौजूदा उत्पादन संबंधों में बुनियादी संरचनात्मक परिवर्तन किए जा सकें।

वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को अधिशेष भूमि आवंटित की जा रही है। भूमि हदबंदी कानूनों आदि के लागू होने के परिणामस्वरूप भविष्य में उपलब्ध होने वाली अतिरिक्त भूमि का एक हिस्सा भी अन्य पिछड़ा वर्ग के भूमिहीन श्रमिकों को आवंटित किया जाना चाहिए।

व्यावसायिक समुदायों के कुछ वर्ग जैसे मछुआरे, बंजारे, खटवे, बाँसफोर आदि, जो अभी भी अस्पृश्यता से पीड़ित हैं, को अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जा सकता है। पिछड़ा वर्ग विकास निगमों को उनकी उन्नति के लिए विभिन्न सामाजिक-शैक्षिक और आर्थिक उपायों को लागू करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर स्थापित किया जाना चाहिए। पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र और राज्यों में एक अलग मंत्रालय बनाया जाना चाहिए। अत्यंत पिछड़े वर्गों यथा- हिमाचल प्रदेश में गद्दी, महाराष्ट्र में नव-बौद्ध, तटीय क्षेत्रों में मछुआरे, जम्मू एवं कश्मीर में गुर्जरों को बेहतर प्रतिनिधित्व देने के लिए, परिसीमन के दौरान उनकी सघनता वाले क्षेत्रों को अलग निर्वाचन क्षेत्र बनाया जाना चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा सभी विकास कार्यक्रमों, विशेष रूप से पिछड़े वर्गों के लिए, केंद्र सरकार द्वारा उसी तरह और उसी सीमा तक वित्तपोषित किया जाना चाहिए जैसा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में किया जाता है। पूरी योजना को केवल बीस साल (यानी एक पीढ़ी की अवधि) के बाद संशोधित किया जाना चाहिए। कम अंतराल पर कोई समीक्षा पिछडे वर्ग की वर्तमान स्थिति और जीवन शैली पर अनुशंसाओं के प्रभाव का उचित आकलन संभव नहीं होगा।

आयोग की रिपोर्ट 1931 की पिछली जनगणना के यथानुपात आधारित थी। 2021 के बाद की आगामी जनगणना में जातिवार सर्वेक्षण और पिछडे वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की लंबे समय से जनता की प्रबल मांग है। इससे न केवल कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से और कुशलता से तैयार करने में मदद मिलेगी, बल्कि समाज में असमानता को तेजी से दूर करने में भी मदद मिलेगी।

**(लेखक अभियंता और शिक्षाविद हैं)**

## व्यंग्य

# लिटफेस्टलीला

**यशवन्त कोठारी**



कभी रासलीला कृष्णलीला और रामलीलाए होती थी मगर समय बदला और पिछले दिनों शानदार, मालदार, चमकदार लिटफेस्टलीला देखने को मिली।

ईटीवी ने इस लीला में चुम्बन हस्य दिखाये। अखबारों ने इस लीला में जाम छलकते दिखाये। गान्धीवादी राज्य सरकार ने गान्धीजी की पुण्यतिथि से कुछ दिनों पूर्व हुई इस लीला में शराब की नदी बहाने के लिए दस लाख रुपये दिये। तन-मन-धन से पूरी सरकार इस लीला में मगरुर हो कर छा गई ये बात अलग है कि सरकारी अकादमियों में लेखक-कलाकार मामूली पारिश्रमिक-पुरस्कार सहयोग राशि के लिए भी तड़प रहे है। आनन्द ही आनन्द ! कौन कहता है राजस्थान पिछड़ा प्रदेश है बीमारु राज्य है रेडलाइट से लेकर रेडवाइन वोदका व्हिस्की बीयर पानी की तरह बह रही है। गीतो के घाट पर शराब की नदिया बही,कुछ ने केवल आचमन किया। कुछ ने खूब पी और मटके भरकर घर पर भी ले गये। कौन जानता है कि इस कार्यक्रम के असली प्रायोजको के तार कामन वेल्थ गेम्स तक जूडे हुए है। हिन्दी राजस्थानी के नाम से कुछ लेखक बुलाये गये। एक भूतपूर्व कवि-नौकरशाह अपने ठसके से हर जगह पहुच जाते है। हास्यस्पद रस के एक कवि ने एक नेता की कविताओं का ऐसा अनुवाद सुनाया कि कविता शरमा गई।

वास्तव में यह एक मेला था। दिखावा था। मनोरंजन था। आनन्द-उत्सव था। इसमें शब्दों अक्षरों की बाजीगरी थी मगर असली लेखक-पत्रकार साहित्य हाशिये पर चले गये थे। हिन्दी की महफिल में अंग्रेजी अंग्रेजी के डिनर पर वनार्कुलर भापाए। कुल मिलाकर एक साथी का वेद वाक्य-ये हिन्दी का खाते है और भोंकते अंग्रेजी में हैं। महफिल में छलकते जाम और गान्धी प्रदेश। भई वाह! पुरानी प्रेमकथाओं को जोड़ जोड़ कर परोसा जाता रहा और लिटफेस्टलीला चलती रही ।

हिन्दी की पुस्तक खरीदना ढूढना एक ख्वाब ही रह गया। प्रेम कविताओं के नाम पर अश्लीलता परोसी जाती रही। शब्दों की खुशबुओं को सूंघने गये आम जन देख देख कर हैरान होते रहे। हिन्दी का रोना रोते रहे और रोते रहे। हिन्दी वाले बेचारे करे तो क्या करे वे सब तो हीन भावना के मारे है। यहां जैसा आनन्द न कभी देखा न सुना। इतने बड़े बड़े नोवल पुरस्कार विजेताओं के बीच में बोनी हिन्दी और बौने हिन्दी वाले बस मुफ्त का पास या खाना या किट मिल जाये तो लीला सफल हो जाये। बसन्त आए। होली आये। इसके पहले लिटफेस्ट लीला का जुगाड़ जम जाये। एक क्षेत्रीय निदेशक अपने चमचों की जमात लेकर चले गये बेचारे बड़े बेआबरु हुए।

बाजारवाद की मारी है लिटफेस्टलीला या यों कहे कि बाजारु है लिटफेस्टलीला। सब कुछ बाजार के अधीन। अंग्रेजी का साम्राज्यवाद जारी है। राजस्थान से कुल दो आग्ंल उपन्यास छपे मगर कहीं कोई चर्चा नहीं। कोई इन उपन्यासकारों के नाम तक नहीं जानता। यह साहित्य नहीं पर्यटन उधोग की लीला है। मंत्री से लेकर संत्री तक सब तैयार है इस लीला के लिये। हिन्दी के लिए भी अंग्रेजी आना जरुरी है अंग्रेजी का बाजार भी हिन्दी पर आश्रित है। गुलजार हो या शीन काफ निजाम या जावेद अख्तर अन्त में रायल्टी का राग अलापने लग जाता है बहुत मिल गया मगर और चाहिये क्योंकि यह लिटफेस्टलीला है। यहॉ पर जो मांगेगे वो मिल सकता हैं। गुलाबी नगर में साहित्य की खिड़की है मगर मै विनम्रता पूर्वक कहना चाहता हू कि दुनिया को खिड़की से नहीं छत से देखो पूरा मंजर एक साथ सामने आ जाता है। खिड़की के अक्स तो हमेशा अधूरे होते हैं। स्कूलों के बच्चें लड़कियां इन्हें साहित्य की तरफ खीचना अच्छा है मगर क्या ये सब स्वतः स्फूर्त है। क्या वे हिन्दी से दूर नहीं हो रहे है मगर लीला में यह सब होगा। महोत्सव है उत्सव धर्मिता है अच्छी बात है मगर जामाधर्मिता चुम्बन धर्मिता देह धर्मिता हमारी मानसिक विकृति को ही दशार्ता हैं।

सैकड़ों आये। हजारो ने देखा। लाखो करोड़ो ने टीवी पर देखा। विदेशी मीडिया में आया। मगर हुआ क्या क्या कोई पुस्तक का अनुबंध हुआ। क्या कोई अनुवाद का अनुबन्ध हुआ। क्या एक एकान्त में होने वाला सृजन हुआ। हां कुछ काम जरुर हुए। कपड़े बिके। हस्तशिल्प बिका। शराब की खाली बोतलो के कारण कबाडियों को फायदा हुआ। लोग-बाग सेक्स की शब्दावली को लेकर परेशान है। क्या यह सब अजीब घाल-मेल नहीं है आयोजक खुश है। प्रायोजक खुश है। नई पीढ़ी के बच्चें खुश है। मुफ्त के पास पाकर मीडिया खुश है। सब सफलता की खुशी में आनन्द में मगन है मगर सरकारी संस्थाओं का क्या होगा।

साहित्य की लिटफेस्टलीला जारी है अगले वर्प भी जारी रहेगी तब तक के लिए सायोनारा... ...सायोनारा।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 94144612 07)**

# पैदल जा रहे मजदूरों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, तीन की मौत

**हादसा**

### गश्त पर निकले उपनिरीक्षक की क्षत विक्षत शव पर पड़ी नजर

जनसंदेश न्यूज



मृतक संदीप, शिवपूजन व विकास की फाइल फोटो

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर पर पथरीरा उसरापर के पास शनिवार रविवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे तीन मजदूर को रौंदते हुए फरार हो गया। तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव पूजन पुत्र राज कुमार 22 वर्ष व विकास पुत्र मिठाई 20 वर्ष निवासी मुसेपुर थाना अदलहाट व एक अज्ञात व्यक्ति तीनों साथ में मजदूरी करके पैदल अपने घर जा रहे थे। जैसे ही पथरीरा उसरापर के पास पहुंचे की अहरौरा के तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पटरी पर चल रहे तीनों मजदूरो को रौदते हुए फरार हो गया। जिससे तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। रात में उपनिरीक्षक अभय नारायण सिंह अपने हमराहियों के साथ गश्त पर थे। उसी दौरान इनकी नजर सड़क के किनारे पड़े क्षत विक्षत शव पर पड़ा, पास जाकर देखा तो तीनों मृत पड़े थे। जिसमे दो का पहचान क्षेत्र के मुसेपूर ग्राम निवासी शिव पूजन पुत्र राज कुमार व विकास पुत्र मिठाई के रूप में हुई तीसरे की पहचान संदीप उर्फ नन्हे निवासी भभौरा जमालपुर के रूप में हुई। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया।

### सीओ ने पेट्रोलिंग कर्मचारियों को लगाई फटकार

**अदलहाट।** क्षेत्र के पथरीरा मिल ऊसरापर पर हुए तीन युवकों की मौत के बाद घटना स्थल पर पहुंची क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने उत्तर प्रदेश स्टेट अथार्टी (उपजा) के पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारियों को फटकार लगाया। आए दिन स्टेट हाइवे पर वाहन के बिगड़ने से दो से तीन दिन तक वाहन सड़क पर ही खड़े रहने के चलते हो रही सड़क दुर्घटनाओं की शिकायत के बाद भी पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारी अनदेखा करते रहे हैं। जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार पेट्रोलिंग वाहन सड़क पर खड़ी ट्रक को हटवाने में नाकाम रहे है। शर्मा मोड़ पर दो दिनों से खड़ी ट्रक को अभी तक नहीं हटवाया गया।

## सियार के हमले से चार घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी 85 वर्षीय जनार्दन सिंह, 50 वर्षीय चंद्रमणी सिंह, 35 वर्षीय सावित्री सिंह एवं 20 वर्षीय फुट्टन कोल भोजन करने के बाद घर के बरामदे में सो रहे थे। उसी दौरान देर रात्रि में सियार ने हमला कर दिया जिससे चारों लोग घायल हो गए। हल्लागुला सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से सियार को भगाते हुए घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सक ने सभी का प्राथमिक उपचार करते हुए एक ही परिवार के जनार्दन सिंह, चंद्रमणी सिंह व सावित्री को गंभीर घायल होने के कारण मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। पड़ोसी फुट्टन कोल का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

इस संबंध में डाक्टर विवेक खरे ने बताया कि सियार के हमले से घायल चार लोगों का उपचार किया गया है जिसमें तीन लोगों के हाथ व मुह में काटने से प्राथमिक उपचार के बाद गहरी चोट के कारण रेफर कर दिया गया। एक व्यक्ति का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने बताया कि जानकारी मिली है जंगल से भटक कर भोजन पानी की तलाश में बस्ती के तरफ सियार आया होगा। वन विभाग की टीम को ग्रामीणों की सुरक्षा के लिये तैनात किया गया है।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



शिविर में जानकारी देते चिकित्सक

**चुनार।** स्थानीय गंगेश्वर नाथ स्थित एक उत्सव वाटिका में बीएचयू के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के एचओडी प्रो0 आर0पी0 मौर्य के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 418 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की। शिविर में मोतिया बिंद, ग्लुकोमा काला मोतिया जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र शल्य चिकित्सा की सलाह दी गई। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन मंसूर अहमद ने फीता काट कर किया।

मुख्य अतिथि बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएन शंखवार ने कहा कि नेत्र संस्थान की यह पहल सराहनीय है, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र मरीजों को मिलेगा। प्रो0 मौर्य ने कहा कि जानकारी के अभाव में देश के 12 फीसद मरीज समलबाई जैसी बीमारी से ग्रस्त होकर अपनी आंखों की रोशनी खो रहे हैं। प्रो0 मौर्य ने लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर 15 दिन में वाराणसी के आसपास के जनपदों में इस प्रकार के शिविर बीएचयू द्वारा लगाए जाएंगे। शिविर में चिकित्सक डा0 प्रियंका सिंह, डा0 आशा, डा0 दिलीप यादव, डा0 काजल पाल, डा0 सुरभि, डा0 जैनब, डा0 मानस, डा0 प्रेरणा आदि ने मरीजों का परीक्षण किया। कार्यक्रम संयोजक मनीष सिंह ने आगतों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएमओ डा0 अशोक सोनकर, प्रो0 धीरेंद्र कुमार सिंह, डा0 धीरेंद्र बहादुर सिंह, डीसीएफ चेयरमैन विजय वर्मा, सुरेश वर्मा, शशांक मिश्र, श्रीधर चतुर्वेदी, संजय कुमार सिंह, आलोक श्रीवास्तव आदि थे।

## संक्षेप

### गंगा नहर में पैर फिसल कर गिरने से वृद्धा की मौत

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के जोगवा गांव के पास रविवार को गंगा नहर में पैर फिसल कर गिरने से वृद्धा की मौत हो गई। डोमरी ग्राम निवासी 80 वर्षीय नवरंगी पत्नी सलारू भारती सुबह गंगा नहर की सीढ़ी पर बैठकर स्नान कर रही थी। उसी दौरान अचानक वृद्धा का पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। नहर के पानी के बहाव से 500 मीटर दूर चली गई जिससे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक हंस लाल ने शव को नहर से बाहर निकलवाया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### जन आरोग्य मेले में 145 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया।** हलिया विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों का चिकित्सकों ने उपचार के बाद निःशुल्क दवा वितरित किया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने कुल 45 मरीजों का उपचार कर मरीजों को दवा वितरित किया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्र ने कुल 53 मरीजों का उपचार किया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में कुल 47 मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में हलिया प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि तीनों नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर कुल 145 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवा वितरण किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के बघौरा गांव के सामने रविवार की दोपहर में पोल संख्या 758/5पर गिरजा शंकर प्रजापति 45 वर्ष की ट्रेंन की चपेट मे आने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जिगना थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी गिरजा शंकर प्रजापति रेलवे द्वारा बनाए जा रहे आवास के कार्य की देखरेख करते थे। अचानक अप लाईन पर चोपन चुनार सूबेदार गंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक पांच भाईयों में चौथे नंबर पर था। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने थाना अहरौरा में नामजद आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की तहरीर दिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना स्थानीय पर बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने इस गंभीर घटना का संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना प्रभारी अहरौरा को शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उप-निरीक्षक महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अभियुक्त सनी देवल पुत्र पंचराम निवासी रामपुर ढ़बही पहाड़ी, थाना अहरौरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का लगाया आरोप

**मीरजापुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के मुहकुचवा भरूहना गांव निवासी अनन्त लाल मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोस के चार लोगों पर घर में घुसकर मार-पीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप लगाया कि रविवार की सुबह न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षीगण मकान का बारजा बनवाने लगे। मना करने पर विपक्षियों ने चार की संख्या में घर में घुसकर लोहे की राड, सटरिंग पटरा व धारदार हथियार से बुरी तरह मारे पीटे जिससे हमें, पत्नी, भाभी व पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। तहरीर देने के बावजूद पुलिस दवा इलाज व कार्यवाही से मुकर रही है। जबकि पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है।

### विंध्याचल धाम में भारत की जीत के लिए किया गया हवन

**मीरजापुर।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में भारत की जीत के लिए विंध्याचल धाम में हवन पूजन किया गया। युवा तीर्थ पुरोहितों ने माता विंध्यवासिनी के धाम में हवन करें जीत की कामना की। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का महामुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। खेला जा रहा है। भारत और पाकिस्तान 259 दिन बाद एक-दूसरे के सामने हैं। ऐसा इसीलिए, क्योंकि 2008 के मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद है। भारत की जीत के लिए युवा तेज प्रस्तुत ने माता के धाम में हवन पूजन किया।

### बोलेरो के धक्के से बाइक सवार पति पत्नी सहित तीन घायल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गड़बड़ा गोकुल गांव निवासी 70 वर्षीय शिवमूर्ति व 65 वर्षीय पत्नी कमला देवी व 20 वर्षीय बाइक चालक राजकुमार किसी कार्य से हलिया बाजार गये थे। घर वापस जाते समय हलिया थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर हरसड़ गांव में सामने से आ रही बोलेरो जोरदार टक्कर मारते हुए भाग निकला। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजवाते हुए परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को मंडलीय अस्पताल लेकर चले गये।

### अधिवक्ता संशोधन बिल वापस होने पर एसो. ने जताया हर्ष

**मीरजापुर।** केंद्र सरकार द्वारा विवादित अधिवक्ता संशोधन बिल वापस लेने पर टैक्सेशन बार एसोसिएशन के सदस्यों ने हर्ष जताया। बार के उपाध्यक्ष मनीष कुमार के यहां आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं की एकता की जीत है जिसके कारण सरकार को बिल वापस लेना पड़ा। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि संशोधन बिल के जरिए केंद्र सरकार अधिवक्ताओं को संसद द्वारा मिले मूलभूत अधिकारों को छीनते हुए अधिवक्ताओं एवं बार पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाह रही थी। बिल के द्वारा अधिवक्ताओं को विरोध प्रदर्शन करनें से भी रोकने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन अधिवक्ताओं के एक होने से सरकार को झूकना पड़ा और प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। बैठक की अध्यक्षता बार के अध्यक्ष अनिल सिंह एवं संचालन सचिव अमित श्रीवास्तव ने किया। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल सिंह, विमल कौशल सहित नीरज त्यागी, पंकज कुमार, मनोज अग्रवाल, नवीन श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, इरशाद अहमद, शंकर सोनी, मनीष कुमार, सुरेश चंद्र, शिव कुमार शुक्ल, सौरभ श्रीवास्तव, गुंजन सिंह, रितेश सिंह, रोहित सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, मानसी सिंह, मनोज कुमार इत्यादि अधिवक्ता मौजूद रहें।

### पालकी यात्रा की तैयारी को लेकर आयोजित की गई बैठक

**मीरजापुर।** जनपद के प्रसिद्ध बूढ़ेनाथ महादेव की पालकी यात्रा की तैयारी को लेकर बूढ़ेनाथ सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बार कुंभ के बाद पालकी यात्रा में सैकड़ों लोगों के शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार उपाध्याय ने व्यवस्था की दृष्टि से समिति के कार्यालय पहुंचे और सड़क की समस्या एवं गालियों के तार आदि को ठीक करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाकर आदेश निर्देशित दिए। पालकी यात्रा के संयोजक ने बताया कि इस बार भारी संख्या में नागा साधुओं का विशेष आकर्षण रहेगा। इस अवसर पर संरक्षक राजेंद्र तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, संदर्भ पांडेय, ओमशंकर गिरी, मनीष दुबे, सतीश मिश्रा, अश्वनी गुप्ता, पंकज मिश्रा, मिथिलेश, प्रिंस केसरी, सुशील मुसद्दी, हार्दिक केसरवानी, विंध्यवासिनी केसरवानी, अमरेश चंद मिश्रा, अमित त्रिनेत्र, गोपाल अग्रवाल, विवेक गिरी, सुधानंद गिरी, अवधेश गिरी, दीपा उमर आदि उपस्थित रहे।

### पौधरोपण की तैयारी में जुटा वन विभाग, तीन लाख पौधे होंगे रोपित

**अहरौरा।** अहरौरा वन रेंज में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग ने वृक्षारोपण की तैयारी जोरशोर से शुरू कर दी है। बेलखरा और मानिकपुर ग्राम सभा की सीमाओं में पौधों को तैयार किया जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान के तहत तीन लाख पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन रेंजर आनंद शेखर उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष दो लाख सत्तर हजार सागौन, पैंसठ हजार बेल, पांच हजार आम, आठ हजार इमली, बीस हजार जामुन, दस हजार चिलबिल सहित अन्य पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा, कटहल, नींबू, कंजी, अमरूद, बरगद, पीपल और पाकड़ के भी पौधे लगाए जाएंगे। पिछले वर्ष पांच लाख पौधों का रोपण किया गया था और इस बार विभाग तीन लाख पौधों को रोपने की तैयारी की जा रही है। इस मौके पर रेंजर आनंद शेखर उपाध्याय, राजकिशोर सिंह, राजेंद्र पटेल सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### खस्ताहाल सड़क श्रद्धालुओं के लिए बनी मुसीबत

**लालगंज।** विंध्याचल से लालगंज, हाटा, कोरांव होते हुए चित्रकूट तक फोरलेन सड़क बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन के लिहाज से बेहद अहम है लेकिन खस्ताहाल सड़क की वजह से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह सड़क चौड़ी हो जाती है तो लालगंज तहसील के चार लाख आबादी के साथ सोनभद्र, वाराणसी, बिहार और कोलकाता से आने वाले श्रद्धालुओं को चित्रकूट जाने के लिए प्रयागराज का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे न केवल यात्रा सुगम होगी बल्कि समय और पैसे की भी बचत होगी। वहीं स्थानीय लोगों को भी आवागमन में राहत मिलेगी और क्षेत्र में व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर बनेंगे। पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी का कहना है कि यह मार्ग सिर्फ धार्मिक महत्व का नहीं है बल्कि क्षेत्रीय विकास के लिहाज से भी बेहद जरूरी है। अगर सरकार इसे प्राथमिकता देकर चौड़ा करती है तो रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। सड़क पर लालगंज से लेकर चित्रकूट तक के दर्जनों गांव पर्यटन रोजगार से जुड़कर देश के अर्थव्यवस्था में नया है योगदान देने में जुट जाते। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा का कहना है कि यह सड़क मीरजापुर के लिए एक नई जीवन रेखा विकास का निर्माण करती। इसी प्रकार की बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण दुबे व राजेंद्र यादव का कहना है कि उपरौध के तरक्की का मार्ग निर्माण हो जाएगा।

### जिस क्षेत्र में हो बच्चों का झुकाव उसी क्षेत्र में बढ़ने के लिए करें प्रोत्साहितः अपर आयुक्त

**चील्ह।** क्षेत्र के पी0डी0 पब्लिक कान्वेंट स्कूल व सोमनाथ सिंह प्राइवेट आईटीआई बल्लीपरवा चील्ह के प्रांगण में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त डा0 विश्राम व समाजसेवी अनिल कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में अपर आयुक्त डा0 विश्राम ने कहा कि बच्चों का जिस क्षेत्र में झुकाव हो उसी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। अपर आयुक्त



ने तमाम उदाहरण जैसे सचिन तेंदुलकर, लता मंगेशकर के अभिभावक यदि इन लोगों को पर दबाव बनाते की आपको आईएएस, पीसीएस बनना है तो वह क्रिकेट के क्षेत्र में और गायकी के क्षेत्र में कैसे महान बनते। अनिल सिंह ने भी बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधक रणजीत सिंह, अध्यक्ष अनुराधा सिंह, कोषाध्यक्ष अनुपमा सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरेश चंद यादव, प्रफुल्ल कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, फौजदार गौतम, उमाशंकर चौबे, आशीष ओझा, संतोष तिवारी, विनय सिंह, आनंद सिंह एवं दोनों विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज यादव, आशीष सिंह विद्यालय के संस्थापक कैलाशनाथ सिंह, रविंद्रनाथ सिंह संरक्षक राणा प्रताप सिंह एवं तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग की पिटाई से छात्रों ने खुद को हॉस्टल में बंद कर किया प्रदर्शन

**आक्रोश**

### प्राचार्य पर मारपीट का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिव्यांग छात्र की पिटाई से उग्र हुए छात्रों ने खुद को हॉस्टल में अंदर से बंद कर प्रदर्शन करने लगे। छात्रों का आरोप है कि शनिवार की शाम कक्षा 11वीं का छात्र ओम मिश्रा को मामूली बात पर प्राचार्य द्वारा ऑफिस में बुलाकर उसे बुरी तरह मारा पीटा गया और बिना अभिभावक को सूचित किए अकेले ही उसे घर भेज दिया गया। घर पहुंचने के बाद ओम ने विद्यालय फोन कर छात्रों को घटना की जानकारी दिया। साथी छात्र की पिटाई से क्षुब्ध कक्षा 9, 10, 11 और 12 के छात्रों ने हॉस्टल के अंदर से मेन गेट में ताला बंद कर डीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गए। विद्यालय प्राचार्य ने इसकी सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दिया। सूचना पर पहुंची संतनगर पुलिस छात्रों पर अपना रौब जमाते हुए ताला तोड़ने और छात्रों पर कार्यवाही की बात कहने लगे जिससे छात्रा और उग्र हो गए। कुछ देर बाद उप जिलाधिकारी मड़िहान सौम्या मिश्रा मौके पर पहुंच कर छात्रों से बात कर उनको समझाने का प्रयास किया किन्तु छात्रों ने एक नहीं सुनी। एसडीएम ने छात्रों को समझाने के लिए उनके परिजनों से भी बात की लेकिन छात्र नहीं माने। भूखे प्यासे छात्रों ने सुबह 7 बजे से खुद को अंदर बंद कर रखा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम शिव प्रताप शुक्ला विद्यालय पहुंचे और छात्रों को समझाते हुए उनसे बात करने का प्रयास करने लगे। पहले तो छात्र डीएम को बुलाने की जिद पर अड़े रहे लेकिन एडीएम के समझाने के कुछ देर बाद छात्र बात करने के लिए राजी हुए। छात्रों ने मेन गेट का ताला खोला और एडीएम व एसडीएम दो ही अधिकारी अंदर गए और आधे घंटे छात्रों से बात किए। छात्रों से बात करने के बाद तत्काल ऑफिस में अध्यापकों संग एक बैठक किया गया। बैठक के बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त कर मेश में पहुंचकर खाना खाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य डा0 एसपी त्रिपाठी का कहना है कि कक्षा 11वीं का एक छात्र एक छात्रा पर छीटाकशी कमेंट किया जिसकी जानकारी लगते ही विद्यालय के अनुशासन समिति छात्र को घर भेज दिया जिससे नाराज छात्र डीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गये। एडीएम शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि डीएम के निर्देश पर हम विद्यालय पहुंचे थे। छात्रों से बात करने पर उन्होंने छह बिन्दुओं पर अपनी शिकायत बताई जिसके बाद अध्यापकों संग बैठक कर सारे प्रकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप देंगे, जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाई कि जाएगी।



छात्रों को समझाने पहुंचे एडीएम वित्त

# मेहनत की कमाई पर चोरों ने डाला डाका, लाखों का माल किया पार

**दुस्साहस**

### सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर में घुसकर घटना को दिया अंजाम



**राजगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से बिक रहे मादक पदार्थों का सेवन करने वाले युवाओं की टीम ने आम लोगों के साथ साथ पुलिस का भी जीना हराम कर दिया है। बीती रात चोरों ने पुनः दो घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है और लाखों का सामान सहित नगदी उठा ले गए। राजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दो तीन महीने से एक के बाद एक लगातार चोरियां हो रही हैं और घर में रखे लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है और राजगढ़ पुलिस मूकदर्शक बनीं हुई है जिसका परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार नदिहार ग्राम पंचायत अन्तर्गत मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर सेवानिवृत्त कर्मचारी गुलाब राम ने पहले से ही एक निजी मकान बनाया है और उसी मकान में परिवार सहित रहते हैं। गुलाब राम ने सेवानिवृत्त होने के बाद पुराने मकान से महज 200 मीटर की दूरी पर एक दूसरे मकान का भी निर्माण कराया है। पिछले साल बेटे की शादी किए थे और परिवार सहित इसी मकान में रहते हैं। इस दौरान पुराने मकान में कुछ नवनिर्माण का कार्य चल रहा था जहां सब लोग वहीं रात में रुक गए। इस दौरान नए मकान को सुनसान पाकर बीती रात चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और सोने चांदी के आभूषण सहित नगद रुपए पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब गुलाब पहुंचे तो पीछे का दरवाजा खुला देख भौचक्का रह गए और दौड़कर आलमारी के पास पहुंचे जहां उसमें रखा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था और उसमें रखा कीमती सामान व नगदी सब गायब था। घर में चोरी होने से परेशान गुलाब बाबू ने राजगढ़ पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के द्वारा जांच-पड़ताल की कार्रवाई की जा रही है।

### अस्पताल परिसर के दवा गोदाम में लगी आग

**मीरजापुर।** विंध्याचल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने मंडलीय अस्पताल के दवा गोदाम में रविवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमें लाखों की दवा और कंडोम खाक हो गया। फायर ब्रिगेड की जवानों ने आग पर काबू पाया। वार्ड से दूरी के चलते कोई जन हानि नहीं हुई। विंध्याचल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में केंद्रीय दवा भंडारण की व्यवस्था की गई है। रविवार की दोपहर अचानक दवा के गोदाम में आग लग गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आगजनी में किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई, लेकिन करीब डेढ़ माह से दूसरी बार भड़की आग में लाखों की दवा खाक हो गई। दमकल कर्मी सुभाष तिवारी ने बताया कि जिस समय वह लोग सूचना पर पहुंचे आग विकराल रुप धारण कर चुकी थी, जिस पर काबू पाया गया। आगजनी में किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई है। इसके पूर्व 14 दिसम्बर को भड़की आग में भी लाखों का सामान नष्ट हुआ था। तब कोरोना काल के दौरान आये किट के कमरे में लगा था।

# जल जीवन मिशन का पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश

**परेशानी**

### कनेक्शन के बाद भी टोटी से नहीं मिल रहा जल

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** विकास खंड के गड़बड़ा गांव सहित शीतला धाम तथा कोटार गांव स्थित शिव मंदिर एवं गांव में हर घर जल योजना के तहत जल जीवन मिशन से कनेक्शन के बाद टोटी लगा दी गई। लेकिन जल न मिलने से दर्शनार्थियों सहित गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड़बड़ा शीतला धाम में प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन पूजन के लिए आते हैं। दुकानदार कनेक्शन लेने के बाद हर घर जल योजना से जल न मिलने के कारण ठगे से महसूस कर रहे हैं। इसी तरह से कोटार गांव स्थित शिव धाम में प्रत्येक तेरस पर हजारों की संख्या में लोग शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते हैं। इसी तरह से सिकटा गांव के हरिजन बस्ती, हलिया के बसकुडिया सहित अन्य सात बस्ती में राजपुर गांव में कोटेदार बस्ती, माता चौरा, मझिगवा मौर्या बस्ती, पंडितान बस्ती आदि सहित दर्जनों गांव में आधे अधूरे गांव में कनेक्शन होना तथा गड़बड़ा धाम व शिव धाम में जल जीवन मिशन का पानी न पहुंचने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से हर घर जल योजना के तहत सही समय पर पानी सप्लाई की मांग की है। जिससे आने-जाने वाले दर्शनार्थियों के अलावा गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ मिल सके। मांग करने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ, विनोद सिंह, अनन्तू गुप्ता, विजेंद्र पांडेय, पवन तिवारी, अरूण मिश्रा, सूरज मौर्य, राजेश मौर्य, रमेश मौर्य, आयत्री प्रसाद आदि लोगों ने मांग की है।

## हनुमानजी की कृपा से तुलसीदास को प्राप्त हुआ श्रीराम का दर्शन : कथा वाचक

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन रविवार को कथावाचक घनश्याम दास महाराज ने भगवान राम और उनके परमभक्त हनुमान की महिमा का भक्तों को रसपान कराया। कथावाचक ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास को हनुमानजी की कृपा से ही प्रभु श्रीराम के दर्शन प्राप्त हुए। हनुमान जी ने तुलसीदास से कहा था कि प्रभु राम और लक्ष्मण चित्रकूट नियमित आते रहते है। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान है जो साक्षात भगवान शिव के अवतार हैं। इस दौरान रामचरण दास महराज, कथा आयोजक भानु तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, नीरज सिंह, राजू शुक्ला, लालजी तिवारी, राकेश तिवारी, बृजकिशोर सिंह ओमप्रकाश सिंह, सत्येन्द्र पांडेय, उमाकांत दुबे, अभिमन्यु दुबे, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे खड़ी बस में टकराई रोडवेज बस, दर्जन भर घायल

**हादसा**

### प्रयागराज से मीरजापुर जाते समय घटी घटना

**मीरजापुर।** प्रयागराज से यात्रियों को लेकर रोडवेज बस मीरजापुर आते समय जैसे ही कटरा कोतवाली क्षेत्र के नटवां के पास पहुंची थी उसी दौरान रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी निजी बस में भिड़ गई। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। रोडवेज बस में सवार बीस यात्री जख्मी हो गए। सूचना मिलते पर आस-पास के लोगों की भीड़ व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त रोडवेज बस से घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस से सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में सोनभद्र के रेनूकुट निवासी 35 वर्षीय बब्ली देवी, 20 वर्षीय सुजीत कुमार, 50 वर्षीय सुशीला, 42 वर्षीय शांति, 27 वर्षीय विश्वनारायन, 20 वर्षीय शीला, ओबरा थर्मल निवासी 30 वर्षीय धीरेंद्र तिवारी, छत्तीसगढ़ निवासी 71 वर्षीय गंगाराम साहू, रायपुर निवासी 44 वर्षीय आलमगीर, कुशीनगर के अमई निवासी 36 वर्षीय प्रमोद गुप्ता, मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी 20 वर्षीय इंद्रकमल साकेत, सिंगरौली निवासी 48 वर्षीय छोटेलाल साकेत, 48 वर्षीय कलावती साकेत, 40 वर्षीय मानमति देवी, 40 वर्षीय श्रीमति देवी, 65 वर्षीय मारकंडेय, 39 वर्षीय अजय कुमार व 35 वर्षीय राजकुमारी हैं। जबकि अन्य सवार यात्रियों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। वहीं रोडवेज बस में सवार आगे बैठे यात्री आनंद ने बताया कि चालक को झपकी आ रही थी, जिससे रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खड़ी निजी बस में भिड़ गई।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ बाजार में सड़क पार कर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गाजीपुर जनपद के तिवारीपुर गांव निवासी 35 वर्षीय श्याम जी डाला सीमेंट फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात है। रविवार को अपने घर से बाइक द्वारा डाला सोनभद्र ड्यूटी पर जा रहे थे। राजगढ़ बाजार में सड़क पार कर रहा भावा गांव निवासी 30 वर्षीय कृष्ण कुमार अचानक बाइक के सामने आ गया जिससे टकराकर बाइक सवार तथा सड़क पार कर रहा कृष्ण कुमार दोनों घायल हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। दोनों घायलों को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती किया गया। जहां कृष्ण कुमार की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

### रक्तदान से बड़ा नहीं होता है कोई पुण्य : शिव कुमार शुक्ल

**मीरजापुर।** मंडलीय अस्पताल के सरकारी रक्त केंद्र में रक्त की कमी को देखते हुए रॉबिन हुड आर्मी द्वारा आकस्मिक रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सात लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया तथा नियमित जांच के उपरांत पांच रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में विभुम गुप्ता, प्रशान्त त्रिपाठी, प्रदुम्न उमर, आशुतोष अग्रवाल एवं स्वतंत्र सिंह सम्मिलित रहे। संयोजक शिव कुमार शुक्ल ने कहा रक्तदान महादान है। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है। शिविर में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार नितिन अवस्थी ने रक्तदान से जुड़े लाभों को इंगित करते हुए रक्तदान को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। रक्तकेंद्र के जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान शैलेंद्र सिंह, प्रदीप राजभर, राम सजीवन मौर्या उपस्थित रहें।

# पौधरोपण स्थल चिह्नित कर तैयार करें पौधों के प्रजातियों की सूची

**बोले डीएम**

### जिले में एक करोड़ 48 लाख 14 हजार 479 पौधे रोपने का लक्ष्य


बैठक को संबोधित करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में वषार्काल में होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यावरण व पानी के लिए पौधे लगाना जरूरी है, पेड़ से आक्सीजन मिलने के साथ ही पर्यावरण को संतुलित करने में भी काफी मदद करते हैं।

डीएम ने कहा कि जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा पौधरोपित करने के लिए शासन द्वारा एक करोड़ 48 लाख 14 हजार 479 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वृक्षारोपण को सफल बनाने के निमित्त गढ्ढों की खोदाई, गोबर खाद व अन्य कीटनाशक दवाओं आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले के लिए शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके सापेक्ष सम्बन्धित विभाग अपने आवंटित पौधरोपण स्थल पर जाकर पौधरोपण करने वाले स्थलों का भ्रमण कर लें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण वन विभाग व अन्य सरकारी विभागों के साथ ही जन सहभागिता से लक्ष्य को पूरा करायें। लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए पौधरोपण स्थल का चिन्हांकन करते हुए गढ्ढ़ा खोदने की सूची 15 मार्च तक तैयार करते हुए सम्बन्धित विभाग को हर हाल में उपलब्ध करायी जाये। जनपद के जिन क्षेत्रों में पौधों के लिए जमीन व वातावरण अनुकूल हों, ऐसे पौंधों की प्रजातियों का चिन्हांकन करते हुए क्षेत्र में स्थल का चयन करने में विशेष ध्यान दिया जाये। जिससे पौधों का विकास होने के साथ ही संरक्षण की भी व्यवस्था की जा सकें। जिलाधिकारी ने इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर पौध रोपण सम्बन्धी बैठक करते हुए लोगों में जागरूकता लाया जाये, जिससे पौध रोपण के लिए स्थल के चयन में सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों के खेत में ज्यादातर फलदार पौधों का रोपण कराया जाये, जिससे उन्हें भविष्य में फल प्राप्त होने पर आमदनी भी बढ़ सकें और लगाये गये पौधों का संरक्षण भी बेहतर तरीके से कर सकें। कहा कि वषार्काल में 30 प्रतिशत फलदार पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा जाये और किसानों को प्रेरित किया जाये कि अपने खेत के मेड़ पर फलदार पौध रोपित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित है, किन्तु उनके पास भूमि का अभाव है, तो वे विभाग समय से पहले अपने निर्धारित लक्ष्य को कम करने के लिए पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए क्षमता के अनुरूप ही लक्ष्य प्राप्त करें। इस मौके पर सीडीओ जागृति अवस्थी, डीएफओ समेत अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेय जलापूर्ति के लिए विकास खंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर संचालन कर पेयजल आपूर्ति करने हेतु टैंकर संचालन की दर निर्धारित के लिए समिति की बैठक की गयी। इस दौरान डीएम ने कहा कि जनपद में पेयजल की समस्या को देखते हुए विकास भवन के ओडीएफ वाररूम में एक सुव्यवस्थित पेयजल कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया तथा प्रत्येक विकास खण्डों में भी एक-एक कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। विकास भवन में स्थापित कन्ट्रोल रूम का नंबर 7398040073 है, जिसके संचालन के लिए कार्मिकों की नियुक्ति की गयी है। कहा कि टैंकर द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर दी गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों की पेजयल समस्या की समीक्षा करते अधिशासी अभियन्तागण जल निगम को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन द्वारा पाईप लाईन बिछायी गयी है, उन गांवों की सूचना उपलब्ध करायी जाये। जिन गांवों में टैंकर संचालन के लिए सूची बनायी गयी है, दोनों सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय के साथ दोनों सूची का मिलान कर लें, जिससे दोनों आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सकें। उन्होंने कहा कि जो हैण्डपम्प पानी छोड़ दिये हैं, उन हैण्डपम्पों का वाटर लेयर चेक कराकर मरम्मत व रिबोर की व्यवस्था करायी जाये। जहां हैण्डपम्प पानी देने की स्थिति में नहीं है, वहां पर ग्राम पंचायत व जल निगम के टैंकरों से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि जिन हैण्डपम्पों के पानी प्रदूषित हैं, उन हैण्डपम्पों को चिन्हित करते हुए इस हैण्डपम्प का पानी पीने योग्य नहीं है जैसी जानकारी दर्ज की जाये।

## झारखंड ले जाये जा रहे सात गोवंश बरामद, दो तस्कर धराये

**सोनभद्र।** गो तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोन पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात गोवंश बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस क्रम में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पंचायत करईल के ढ़ेडवाटेन जंगल में तस्करों द्वारा जानवरों को इकठ्ठा कर मीना होटल के रास्ते झारखंड ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच ईद मुहम्मद पुत्र मैनुद्दीन निवासी टोला महुराँव, करईल, कोन व शंकर बियार पुत्र राम प्रसाद बियार निवासी किशुनपुरवा, कोन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात गोवंश बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने गोवध अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन गोपालजी गुप्ता, वंशनारायण राय, संतोष कुमार, कृष्णा, तौकीर खां, विनोद सिंह यादव शामिल रहे।

**संक्षेप**

### 14.40 ग्राम हेरोइन बरामद, एक बंदी


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**सोनभद्र।** मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14.40 ग्राम हेरोइन व बिक्री का 1200 रुपये नगद बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस टीम ने बीएसएनएल ऑफिस, राबर्ट्सगंज के पास से कृष्ण कुमार मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम मझिगांव मिश्र, राबर्ट्सगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14.40 ग्राम अवैध हेरोईन बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। इसके अलावा वांछित पुष्पराज यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी ग्राम जैत, रॉबर्ट्सगंज को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है। टीम में एसआई कुंवर सिंह, मनीष कुमार, राजेश पासवान आदि शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र स्थित शहीद स्थल पर साइकिल सवार को बचाने में बुलेट सवार युवक अनियंत्रित होकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार की सांय चार बजे डाला बाजार के तरफ से आ रही बुलेट बाइक सवार साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बुलेट सवार युवक प्रविण सिंह पुत्र पारस सिंह निवासी अल्ट्राटेक परिसर डाला व मूल पता मड़िहान मिजार्पुर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल युवक को डाला पुलिस द्वारा चोपन अस्पताल ले जाया गया।

### फरार चल रहे तीन वांछित गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने फरार चल रहे रामजियावन पुत्र जवाहिर, मुन्ना पुत्र रामजियावन व राजेश पुत्र रामजियावन निवासीगण बगही, राबर्ट्सगंज को न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### धूमधाम से मनी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती



**रेणुकूट।** स्वामी सहजानंद सहयोग समिति सदस्यों ने शनिवार की शाम पूर्वांचल आईटीआई कालेज में स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद किया। सदस्य सुभाष राय ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने हमारे समाज को एक नई दिशा दिखाई। उनके विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। समिति के सदस्यों ने सहजानंद की जयंती के अवसर पर संकल्प लिया कि वे उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रवीण राय, अरुण कुमार राय, राजीव राय, अखिलेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, मनोज राय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध हाल में मिला अधेड़ का शव



**ओबरा।** रेणुका पार क्षेत्र के ग्राम पंचायत पनारी के टोला काशपानी में पाही बनाकर छप्पर में रहकर खेती करने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाए जाने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतक के चेहरे और नाक पर चोट के निशान हैं तथा जमीन पर खून भी गिरा पाया गया, हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं कोतवाल राजेश कुमार सिंह हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच में जुट गये। मृतक शिव कुमार शर्मा पुत्र जोखन शर्मा खरहरा गांव का निवासी है। मृतक गांव से चार किमी दूर ग्राम पंचायत पनारी के टोला काशपानी में अपना छप्पर बनाकर खेती करता था।

# महाशिवरात्रि पर अजीरेश्वर धाम परिसर में लगेगा विशाल मेला

**बैठक**

### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद, पुलिस प्रशासन व मंदिर समिति की बैठक में व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज


बैठक में शामिल मंदिर समिति के पदाधिकारी

**बीजपुर।** स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत जरहा स्थित अति प्राचीन अजीरेश्वर धाम परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी विशाल मेले का आयोजन किया गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा की चाकचौबंद ब्यवस्था की गयी है। शनिवार शाम अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बघेल व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा की अगुआई में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर समस्याओं पर विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गयी।

बता दें कि मंदिर समिति के आग्रह पर बकरिहवा तथा नकटू के बाद अजीरेश्वर धाम मंदिर तक समूचे दिन सवारी वाहनों को छोड़ बाकी बड़ी गाड़ियों के आने-जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

कुम्भ के कारण पुलिस फोर्स की कमी को देखते हुए समिति की तरफ से मेले और मंदिर परिसर में जगह-जगह विशेष वालेंटियर तैनात किए जाएंगे। जेबकतरों पर नजर रखने के लिए जगह जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग बनाई जाएगी। अन्य किसी तरह का व्यवधान उतपन्न करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा हमराहियों के साथ चक्रमण करते रहेंगे। मेला सकुशल सम्पन्न होने तक सभी लोग अपनी डियूटी को सक्रिय रहकर निभाएंगे। इस मौके पर श्रवण कुमार यादव, त्रिभुवन नारायण सिंह, राजकुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, श्यामसुंदर जायसवाल, गणेश शर्मा, विनोद भारती समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**बीजपुर।** आगामी महाशिवरात्रि व होली के त्यौहार के मद्देनजर रविवार को थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को कतई बख्शा नही जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में जलने वाली होलिकाओ के बारे में जानकारी ली। कहा कि त्यौहार के दिन अगर कोई असमाजिक तत्व उत्पात करने की कोशिश करे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी थाना क्षेत्र के 16 गांवों के 63 स्थानों पर होलिका दहन होगा। होलिका दहन के दिन साउंड मानक के अनुसार ही बजेगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक श्रवण कुमार यादव, विनोद भारती, केपी पाल, बद्रीनाथ, सुरेंद्र अग्रहरि, इंद्रदेव सिंह, जगदीश यादव, मो. मुख्तार आलम, नईम अंसारी, राजाराम वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### बगैर अनुमति डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा चौकी में महाशिवरात्रि व होली में डीजे बजाने को लेकर संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि होली के दिन डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। बगैर अनुमति के डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि होली के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना है। युवाओं को संयमित व्यवहार करने के लिए प्रेरित भी करें। किसी भी डीजे वहां की ऊंचाई आठ फीट से ऊपर नहीं होगी तथा बगैर अनुमति के आयोजित होने वाले किसी भी कार्यक्रम में डीजे नहीं बजाएंगे। इस मौके पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

# महंगाई और बेकारी में मजदूरों को बनाया जा रहा गुलामः दिनकर

**सम्मेलन**

### ठेका मजदूर यूनियन का डिबुलगंज में हुआ 22 वां जिला सम्मेलन

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** ठेका मजदूर यूनियन के वार्षिक सम्मेलन की तैयारी में अनपरा, ओबरा समेत कई उद्योगों में किए गए सर्वे में साफ दिखा कि महंगाई और बेकारी ने मजदूरों के हालात को बेहद खराब कर दिया है। उनकी क्रय शक्ति कमजोर हुई है और जीवन जीने की मजबूरी में वह कर्ज के भंवर जाल में फंस रहे हैं। मजदूरों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें आधुनिक गुलामी में धकेला जा रहा है। श्रम कानूनों में मिले अधिकारों को खत्म करने के लिए लेबर कोड लाना और काम के घंटे 12 करना इसी का हिस्सा है। अपने अधिकारों के लिए बोलना गुनाह हो गया है।

यह बातें डिबुलगंज के रोटरी क्लब मैदान में ठेका मजदूर यूनियन के 22 वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए एआईपीएफ प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस साल से न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन नहीं हुआ। कानून विरुद्ध एक ही स्थान पर बेहद कम मजदूरी पर मजदूरों से ठेका प्रथा में काम कराया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी समेत मजदूरों को हासिल विधिक अधिकार भी नहीं सुनिश्चित किये गए हैं। हालात इतने बदतर हैं कि मजदूरों को आम तौर पर सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराये जाते। राजेश सचान ने कहा कि यदि देश के 200 बड़े कॉपोरेट घरानों पर संपत्ति व उत्तराधिकार टैक्स लगाया जाए तो ठेका मजदूरों को पक्की नौकरी, आंगनबाड़ी, आशा समेत मानदेय व संविदा कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतनमान दिया जा सकता है। इतना ही नहीं देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों का तो यह कहना है कि इस टैक्स से प्राप्त धन से देश के हर नागरिक के गरिमापूर्ण जीवन के संवैधानिक अधिकार की गारंटी, शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार को सुनिश्चित करना, नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा जैसे सवालों को हल किया जा सकता है। ज्वलंत मुद्दों को लेकर देशभर के छात्र युवा संगठनों, मजदूर, किसान आंदोलनों और समाज सरोकारी लोगों द्वारा चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान से जुड़ने की अपील भी की। इसके बाद हुए सांगठनिक सत्र में कृपाशंकर पनिका को पुनः अध्यक्ष और तेजधारी गुप्ता को मंत्री चुना गया।

इसके अलावा तीरथराज यादव को उपाध्यक्ष, मोहन प्रसाद को संयुक्त मंत्री, मंगरु प्रसाद गोंड को प्रचार मंत्री के अलावा अन्य पदाधिकारी चुने गये। अध्यक्षता कृपाशंकर पनिका व संचालन तेजधारी गुप्ता ने किया। इस मौके पर रामधनी विश्वकर्मा, सविता गोंड़, रूबी गोंड, राम कृष्ण बैगा, राजेंद्र प्रसाद गोंड़, प्रशांत दूबे, ज्ञानवेंद्र सिंह, मसीदुल्लाह अंसारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय प्रवास पर गुप्तकाशी आयेंगे मिथिलेश नंदिनी शरण

**बैठक**

### आयोजन समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज


बैठक में शामिल समिति के पदाधिकारी

**सोनभद्र।** नगर स्थित एक होटल में ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवनबोध विषय पर चार मार्च को होने वाले संगोष्ठी को लेकर आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान काशीकथा के संयोजक डा. अवधेश दीक्षित ने कहा कि गुप्तकाशी के धार्मिकता की यह परम पावन अनुभूति है कि चार मार्च को आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारक सिद्ध पीठ हनुमन्निवास अयोध्या धाम के संत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वे काशी से सीधे सोनभद्र पहुंचेंगे। नगर स्थित विंध्य कन्या पीजी कॉलेज में बेटियों को पुरस्कार वितरण व 251 कन्याओं के साथ सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे मऊ कला, विजयगढ़ दुर्ग, बाबा मछंदर नाथ, अमला धाम भी जाएंगे।

इन स्थलों के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम नगर स्थित सर्किट हाउस में करेंगे। पांच मार्च को पंचमुखी महादेव का दर्शन पूजन कर वे काशी के लिए प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर डा. अवधेश दीक्षित, पारस मिश्रा, जगदीश पंथी, विनोद चौबे, दयाशंकर पांडे, प्रद्युम्न त्रिपाठी, कमलेश चौबे, प्रमोद गुप्ता, चित्रा जालान, सुशील त्रिपाठी, अभय सिंह, बृजेश शुक्ला, लक्ष्मी झा, अरुणेश पांडे, आनंद त्रिपाठी, राज नारायण तिवारी, राकेश सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# महान समाज सुधारक थे संत शिरोमणि गाडगे

**जयंती**

### संत शिरोमणि की मनी 148वीं जयंती


कार्यक्रम को संबोधित करतीं अतिथि

**दुद्धी।** स्थानीय ब्लाक के महुली खेल मैदान में संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 148 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम गाडगे के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि हीरालाल सायन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गाडगे महान समाज सुधारक व प्रेरणा पुंज हैं। उनके बताए मार्ग व स्वच्छता के प्रति किये गये उनके कार्य धरोहर रुप में संजोकर समाज को अपनाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि ने कहा कि राजनीतिक दलों ने भी संत की महिमा को स्मरण किया। उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान लोगों ने संत रविदास व स्वच्छता के प्रणेता गाडगे के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। ब्लॉक प्रमुख रंजना चौधरी ने कहा कि भारत का आकाश संतों के सितारों से भरा है। इन सब की ज्योति एक है, संत रविदास इन सितारों में ध्रुव तारा हैं। संत गाडगे ने इस शिक्षाएं दी हैं। संत गाडगे संत रविदास की तरह श्रमजीवी साधु थे। वह मेहनत, स्वच्छता व शिक्षा पर विशेष बल दिया। संत गाडगे ने ईश्वर, धर्म, अंधविश्वास के चक्कर से दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि पैसे की कमी हो तो खाने वाली थाली बेचकर बच्चों को पढ़ाओ। राम विचार गौतम ने कहा कि संत रविदास कहते थे कि जिस समाज में अविद्या और अज्ञानता है, उस समाज का उत्थान कभी नहीं हो सकता, इसलिए सभी मनुष्यों को विद्या अर्जित करनी चाहिए। वह गरीबों, शोषित, पिछड़ों और मजदूरों की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए। इस दौरान बिरहा गायकों की टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस मौके पर नीरजकन्नौजिया, कुन्दन कन्नौजिया, सुभाष भारती, संतोष विश्वकर्मा, दयाशंकर, विवेक कन्नौजिया, मनोज कुमार कन्नौजिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन अवधेश ने किया।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, सनसनी



**सोनभद्र।** शाहगजं थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुशहरा में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी मच गयी। मृतका के पिता संतलाल निवासी देवरा, पन्नूगंज ने सम्बंधित पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि बेटी अपने ससुराल कुशहरा में घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं सूचना पाकर नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। बताया गया कि सरस्वती 26 की शादी कुशहरा निवासी अनिल के साथ हुई थी। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**डाला।** ओबरा विधायक व सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने बाड़ी स्थित अपने आवासीय परिसर में भाजपा कार्यकताओं के साथ रविवार को रेडियो पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 119 वें एपिसोड के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए सबसे पहले क्रिकेट की बात की। पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में सेंचुरी का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भांति जानते हैं। लेकिन आज मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वाला हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं।हमारी स्पेस यात्रा की शुरूआत बहुत ही सामान्य तरीके से हुई थी। इसमें कदम-कदम पर चुनौतियां थीं, लेकिन हमारे वैज्ञानिक, विजय प्राप्त करते हुए, आगे बढ़ते ही गए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान की सफलता हो, मंगलयान हो,104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो झ्र इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है।अगले महीने 8 मार्च को ह्यअंतरराष्ट्रीय महिला दिवसह्न है। यह हमारी नारी-शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। पीएम मोदी ने कहा इस बार महिला दिवस पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स, इंस्टाग्राम के अकाउंट्स उनको देश की कुछ प्रेरणादायक महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। वे आठ मार्च को अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी।इस दौरान सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्तूबर 2014 को हुई थी और तब से यह आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। पीएम मोदी इसके जरिए सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वच्छता, खेल, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में उपलब्धियों, सरकार की विकास योजनाओं, और भारत की वैश्विक स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हैं। जिस के जरिए हम सभी में भी देश के लिए कुछ करने की ललक बढ़ती है। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा ओबरा मंडल अध्यक्ष नित्यानंद दुबे, बाड़ी बूथ संख्या 167 सेक्टर संयोजक टाटा चौधरी,ओमप्रकाश शर्मा,मुन्नर साहनी, गुड्डू गोंड, पंकज कुशवाहा,चंदन, पंकज गोड़ आदि मौजूद रहे।

# छात्रावास के लिए किये जा रहे चयन में हुई धांधली

**आरोप**

### डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन सचिव ने क्रीड़ा अधिकारी पर लगाया आरोप, आईजीआरएस पोर्टल पर की शिकायत

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन सचिव साजिद अली ने जिला क्रीड़ा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां सरकार खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है वहीं जिले में तैनात खेल अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। सचिव ने बताया कि 20 से 25 फरवरी के बीच जिले में खेल छात्रवास में प्रवेश को लेकर चयन होना था। क्रीड़ा अधिकारी द्वारा चयन से संबधित पत्र 13 फरवरी को जारी किया गया, जबकि उन्हें वाट्सअप पर 20 फरवरी को भेजा गया। जबकि 20 फरवरी को बालक वर्ग जिम्नास्टिक्स तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस खेल का चयन निर्धारित किया गया था। अली ने बताया कि खेल अधिकारी ने अपने पत्र के माध्यम से खेल संघों से यह अपेक्षा की थी कि खिलाड़ियों को ट्रायल्स हेतु प्रेरित किया जाए। साजिद का कहना है कि जिस दिन खेलों का ट्रायल्स रखा गया, उसी दिन पत्र भेजने का क्या उद्देश्य है। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। इनका किसी भी खेल संघ से समन्वय स्थापित नहीं है। ज़िला स्तर पर छात्रावास हेतु किये जा रहे चयन में बड़े स्तर पर धांधली की गई है, पत्र भेजकर मात्र खानापूर्ति की गई। उन्होंने क्रीडाधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए ज़िले स्तर पर किये गये चयन को पारदर्शी तरीके से कराने हेतु चयन समिति की देखरेख में नये सिरे से कराने की मांग की है।

# तेलंगाना के सुरंग हादसे में माटीगांव के जूनियर इंजीनियर भी फंसे

**दुःखद**

आठ मजदूरों के साथ जूनियर इंजीनियर को निकालने की रेस्क्यू जारी



श्रीनिवास। फाइल फोटो



घटना की जानकारी के बाद विलाप करती घर की महिलाएं।



घटना की जानकारी होने पर घर पर जुटी परिजनों की भीड़।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के मांटीगांव के जूनियर इंजीनियर श्रीनिवास तेलंगाना के जेपी कंपनी में जूनियर इंजिनियर पद पर काम करते है। तेलंगाना में तेरह किलोमीटर सुरंग पर काम चल रहा था। शनिवार को दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच तीन सौ मीटर सुरंग धंस जाने से जूनियर इंजिनियर सहित आठ मजदूर फंसे हुए है, जिसे निकालने के लिये रेस्क्यू टीम लगी हुई है। मांटीगांव के स्व.रामकृत राम के तीन पुत्र श्रीनिवास, उपेन्द्र और संजय है। श्रीनिवास तेलंगाना के जेपी कंपनी में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है।

तेलंगाना में 13 किलोमीटर सुरंग पर काम चल रहा था। परिजनों के अनुसार शनिवार को दोपहर में अचानक तीन सौ मीटर सुरंग धंस जाने से जूनियर इंजिनियर सहित आठ मजदूर सुरंग में फसे हुए है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। श्रीनिवास की पत्नी ललिता देवी खबर सुनते ही अपने बेटी स्नेहा कामिनी और पुत्र आदित्य के साथ मांटी गांव पहुंच गई है। घटना के बाद बहनें शारदा और प्रभा भी गांव पहुंच गयी है। ठंड के मौसम में हैदराबाद श्रीनिवास गये हुए थे। होली पर घर आने की बात था। भाई संजय ने बताया कि घटना के बाद परिवार के लोग हैदराबाद गये हुए है। अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राकेश राम, भतीजा विशाल राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरपीएफ की महिला कर्मियों ने यात्री को सीपीआर दे बचाई जान

जनसंदेश न्यूज



डीडीयू स्टेशन पर बीमार यात्री को सीपीआर देते आरपीएफ कर्मी।

**डीडीयू नगर।** महाकुंभ में यात्रियों की भीड़ अभी कम होने का नाम नहीं ले रही है। बिहार झारखंड और बंगाल से लगातार तीर्थ यात्री स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे हैं। रेलवे ने इनके लिए समुचित व्यवस्था की है। यात्रियों के लिए ठहराव स्थल बनाया गया है। इस ठहराव स्थल में आरपीएफ व जीआरपी के अलावा मेडिकल टीम 24 घंटे उपलब्ध रहती है। इसी क्रम में शनिवार की रात्रि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन के पास वेटिंग हॉल के सामने एक महिला की अचानक तबीयत खराब हो गई।

जानकारी के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप रावत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिस पर उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि इसकी सांस नहीं चल रही है इसे अटैक आया है। स्थिति को भांपते हुए पाया गया कि उसका धड़कन पता नहीं चल रहा था। मौके पर तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके उपरांत वह होश में आई। मेडिकल टीम के आने बाद उक्त महिला यात्री सोनी कुमारी पुत्री किशोरी सिंह निवासी टांकुप्पा थाना गया, जिला गया बिहार को उनकी सलाह पर बेहतर इलाज हेतु एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्टेशन पर आरपीएफ व मेडिकल टीम इस तरह के मरीजों का बहुत ही ख्याल रख रही है। अभी तक आरपीएफ की तत्परता से 50 से अधिक लोगों की जान बचाया गया है।

## संक्षेप

### धूमधाम से मनी संत गाडगे की 149वीं जयंती



रतरांव में संत गाडगे की जयंती मनाते लोग।

**नियामताबाद।** बाबा चमरू की जन्मस्थली ग्राम सभा सिकंदरपुर उर्फ रतरांव में रविवार को रामकृत कनौजिया के आवास पर संत गाडगे महाराज की 149वां जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। डॉ सुजीत कनौजिया ने कहा कि एक संत के रूप में अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिवार को छोड़ने से पहले अपने गांव में एक स्वयं सेवक के रूप में काम किया तथा कई शैक्षणिक संस्थाओं और पशु आश्रम को बनाने व कार्य उनके द्वारा प्राप्त धन से शुरू किया गया तथा समाज सेवा के लिए उन्होंने जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर राम शास्त्री, रामकृत कन्नौजिया, रामभरोस कन्नौजिया, राजू कन्नौजिया, सुरेश कन्नौजिया, ब्रजेश कन्नौजिया, गुड्डू कन्नौजिया, दिनेश कन्नौजिया, राजेश कन्नौजिया, त्रिलोकी कन्नौजिया, सुरेश कन्नौजिया, चौथी कन्नौजिया, मुन्ना कन्नौजिया आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता राम अवध मास्टर तथा संचालन डॉक्टर सुजीत कनौजिया ने किया।

### मालगाड़ी से कटकर अज्ञात अधेड़ की मौत

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर जीटीआई ब्रिज पोल संख्या 1233 के पास रविवार की सुबह साढ़े सात बजे के करीब मालगाड़ी से कटकर 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ के मानस नगर व जीआरपी मौके पर पहुंच गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इससे पूर्व इसी स्थान पर गत आठ जनवरी को एक युवती का रेलवे ट्रैक पर धड़ से अलग शव मिला। जीआरपी दोनों शवों को शिनाख्त के लिए काफी प्रयास कर रही है। इस बाबत राजकीय रेलवे पुलिस के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह 45 वर्षीय व्यक्ति का शव का धड़ से अलग शव मिला। प्रथम दृष्टया शव देखने से लग रहा था कि अज्ञात व्यक्ति ने खुदकुशी किया है। इसी स्थान पर युवती का भी शव आठ जनवरी को मिला था। दोनों शवों को देख कर लग रहा है कि दोनों ने खुदकुशी की है। दोनों शवों में से किसी की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी इसकी पहचान के लिए नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। मृतक व्यक्ति के दाहिने हाथ की कलाई पर देवेन्द्र सिंह गुदा है।

### विशेष शिविर में योग के महत्व की दी जानकारी

**नौगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवक व स्वयंसेविकाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ने जीवन में योग का महत्व के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। द्वितीय सत्र के आयोजन में राजकीय महाविद्यालय सभागार में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षण में कपालभाति, सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम एवं प्राणायाम सहित कई योगासन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी रमेश चंद्र ने कहा कि योग हम भारतीयों की सांस्कृतिक विरासत है। जिसे सजोकर रखना चाहिए। इस अवसर पर स्वयं सेवक/स्वयं सेविका सहित गोद लिए गए गांव सेमरा कुसही के काफी संख्या में गांव वासी मौजूद रहे।

### 24 घंटे स्टेशन की सफाई में लगे हैं कर्मचारी



**डीडीयू नगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ख्याल प्रशासन द्वारा रखा जा रहा है। इसके इतर ट्रेनों और स्टेशन की साफ सफाई में सफाई कर्मियों ने काफी योगदान दिया है। लगातार 24 घंटे तीन शिफ्ट में कर्मी काम में लगे हैं, जिससे स्टेशन परिसर स्वच्छ है। महाकुंभ यात्रा को सुगम रेल यात्रा के लिए डीडीयू स्टेशन को साफ सुथरा बनाए रखने में सफाई कर्मी के अहम योगदान है। स्वच्छता आपको बीमार होने से बचाती है। सफाई कर्मी द्वारा स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के लिए 24 घण्टे तीन शिफ्ट में सफाई का कार्य किया जा रहा है। स्टेशन की सफाई में ट्रैक, ट्रेन, शौचालय, मूत्रालय, विश्रामआलय, प्रतिक्षालय, भोजनालय की सफाई व्यवस्था तत्परता से रखा गया। यात्री को गंदगी से होने वाली बीमारी से उनका बचाव किया गया। समाज में स्वच्छता कर्मी को वह सम्मान कभी नहीं मिला जिसका उन्हें पूर्ण अधिकार है।

### बसनी महादेव मंदिर पर शिवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम



**नियामताबाद।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महादेव मंदिर बसनी पर शिव रात्रि के एक दिन पहले 25 फरवरी को अपराह्न 11 बजे से संगीतमय अखंड रामायण का पाठ 26 फरवरी को महाशिव बारात दोपहर एक बजे से मंदिर से होते हुए पूरे गांव में भव्य रूप से घर घर भ्रमण किया जाएगा। शाम 7 बजे से मथुरा से चलकर आए हुए कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध झांकी का आयोजन किया गया जाएगा। इसके उपरांत प्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी में अभी से महादेव कमेटी सदस्यों द्वारा मंदिर प्रांगण का साफ सफाई के साथ-साथ अन्य तैयारियां का काम शुरू कर दिया है। रविवार को कमेटी के साहब मिश्रा,सिम्पू मिश्र, मुन्ना मिश्रा, सिब्बु मिश्र, उमाकांत मिश्र, पवन मिश्र, कल्लू मिश्र, सौरभ, बंसन बाबा, बोस, सनी, ननबुड़कु मिश्र सहित तमाम सदस्य गण शामिल रहे।

# समाजसेवा को समर्पित रहा संत गाडगे का सम्पूर्ण जीवनः दुलारे राम




संत गाडगे के जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते निरंजन कन्नौजिया।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश धोबी कल्याण समिति चंदौली की ओर से रविवार को संत गाडगे की 149वीं जयंती नूर पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के पश्चात जयंती समारोह के अध्यक्ष द्वारा पूर्व इंस्पेक्टर दुलारे राम कन्नौजिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मुख्य अतिथि राम जनम मौर्य प्रवक्ता बाबा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि बाबा संत गाडगे के मिशन में भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, गरीब बच्चों को शिक्षित करना शामिल था। उन्होंने पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया। आज हम लोगों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बब्बन सिंह चौहान ने कहा कि बाबा संत गाडगे स्वच्छता के जनक थे। आज हम सभी को बाबा के मिशन पर चलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर ने विचार व्यक्त करते हुए बाबा संत गाडगे जीवन पर प्रकाश डाला और सामाजिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया। डॉ राजेश कुमार चौधरी ने लोगों का आह्वान किया कि बाबा संत गाडगे के मिशन पर चलकर समाज में सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित धोबी समाज के काफी लोगों ने बाबा संत गाडगे के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सपा नेता निरंजन कन्नौजिया ने संत गाडगे जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज के हित में कार्य करने की आवश्यकताओं पर बल दिया। कहा कि समाज में असमानता को दूर करने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। समाज के लोगों को शिक्षा के साथ ही संगठित होना होगा। इस अवसर पर लालता प्रसाद कन्नौजिया, मुखराम मास्टर, गणेश मास्टर, फूलचंद राम, राजू चौधरी, त्रिलोकी राम, सरवनपुर पूर्व प्रधान रामवृक्ष कनौजिया, शिवचरण, बाबू चौधरी, जमुना कन्नौजिया, मुखराम आदि उपस्थित रहे। संचालन रामहरक मास्टर व जिलाध्यक्ष दुलारे राम कनौजिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संजय मास्टर ने किया

### संत गाडगे महाराज का 149वीं जयंती समारोह आयोजित

**डीडीयू नगर।** जिला धोबी घाट बचाओ समिति के तत्वावधान में रविवार पथरा तालाब चमरु बाबा धोबी घाट पर संत शिरोमणि संत गाडगे महाराज के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश कन्नौजिया ने कहा कि संत गाडगे जी की मार्ग पर चलकर ही समाज का उत्थान और विकास होगा।विशिष्ट अतिथि मेवालाल कन्नौजिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा दलित समाज के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही। मुख्य वक्ता गंगाराम कन्नौजिया ने कहा कि संत गाडगे को भारत रत्न की उपाधि अगर मिल जाती तब धोबी समाज गर्व महसूस करता। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राकेश कन्नौजिया, गंगाराम कन्नौजिया, राजू कन्नौजिया, शंकर कन्नौजिया, पप्पू कन्नौजिया, शिवलाल कन्नौजिया, बंटी कन्नौजिया ,बबलू कन्नौजिया, मेवा लाल कन्नौजिया, भग्गू कन्नौजिया, सुनील कन्नौजिया ,राजेश कन्नौजिया, जगदीश कन्नौजिया, बाबूलाल कन्नौजिया, महेश, दीपू , नंदलाल कन्नौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में राजगीर की मौत



**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के दिरेहूं गांव में मकान के छत पर प्लास्टर का काम कर रहे 30 वर्षीय राजगीर मिस्त्री इंदल राम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली पहुंचे इंदल के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूबेपुर गांव निवासी स्वर्गीय कन्हैया का पुत्र इंदल राजगीर मिस्त्री का काम करता था। शनिवार की सायं इंदल दिरेहूं गांव निवासी सपा नेता सुधाकर कुशवाहा के मकान की छत पर प्लास्टर का काम कर रहा था। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक से इंदल छत पर गिरकर तड़पने लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और राजगीर इंदल के शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली पहुंचे मृतक इंदल के परिजनों ने थाना प्रभारी से हत्या किए जाने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि मृतक इंदल को मिर्गी के दौरे पड़ते थे। साथी मजदूरों ने बताया कि घटना के दौरान भी उसे मिर्गी के दौरे आए थे। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की रही की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा।

# महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस ने तैयार किया डायवर्जन प्लान

**चंदौली।** महाशिवरात्रि के दृष्टिगत जनपद चन्दौली में सुगम यातायात व्यवस्था संचालित किये जाने के मद्देनजर जनपद पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। पुलिस के मुताबिक बिहार की तरफ से एनएच-19 पचफेड़वा आलमपुर हाईवे से होकर जो वाहन मुगलसराय पड़ाव होते हुए वाराणसी को जाना चाहते हैं उनको पचफेडवा आलमपुर हाइवे से वाराणसी भेजा जाएगा। वहीं गोधना चौराहा से जो मालवाहक/छोटे वाहन या बाहर की चारपहिया वाहन (यू0पी0 67 को छोड़कर) मुगलसराय पड़ाव होते हुए वाराणसी को जाना चाहते हैं, उन वाहनों को हाइवे एनएच-19 से वाराणसी भेजा जायेगा। गंजी प्रसाद (चकिया तिराहा) से छोटे मालवाहक वाहन जो मुगलसराय पड़ाव को जाना चाहते हैं, को चकिया तिराहा से गोधना हाईवे की तरफ भेजा जायेगा। एफसीआई तिराहा मुगलसराय से जो वाहन पड़ाव की तरफ जाना चाहते हैं उन्हें एफसीआई तिराहे से डायवर्ट कर साहूपुरी से कटेसर होते हुए पीएसी तिराहे से हाईवे को होकर वाराणसी को जायेंगी। लंका मैदान रामनगर से 24 फरवरी की रात नौ बजे नो एंट्री नहीं खोली जायेगी। कोयला मण्डी में 24 फरवरी को रात्रि 090 बजे से पड़ाव होते हुए कोई भी ट्रक नहीं आ पायेंगी तथा कोयला मण्डी से 25 फरवरी को रात्रि 10.00 बजे से कोई भी ट्रक पड़ाव की तरफ रामनगर को नहीं जायेगी। हाइवे एनएच-19 सिंघीताली से सर्विस लेन होते हुए कटरीया अण्डरपास से जो बड़े वाहन लंका मैदान को जाती है, को प्रतिबंधित किया गया है, अब बड़े वाहन कटरीया अण्डरपास में प्रवेश कर सीधे आगे के अण्डरपास से होकर लंका मैदान को जायेंगे। कोयला मण्डी से लेकर पड़ाव तक के व्यापारियों कोयला आढतियों एवं ट्रान्सपोर्टरों से अपील की जाती है कि आप लोग अपनी ट्रकें मुख्य सड़क पर नहीं खडी करेंगे, उनकी पार्किंग सर्विस लेन व अपने कोयला गोदाम में करेंगे।

### माता पिता के संघर्षों को न भूलें छात्र-छात्राएंः डॉ.सुरेन्द्र

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में शनिवार से राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। रविवार को कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव हिंदी विभागाध्यक्ष समता पीजी कॉलेज सादात गाजीपुर ने किया। इस मौके पर एनएसएस के स्वंय सेवकों को विस्तार से राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक किया।
स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा.सुरेन्द्र यादव ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। आप समाज के जिम्मेदार नागरिक बने। अपने माता - पिता के संघर्ष को कभी मत भूलना कि वह किस तरह से आपके सपनों को पूरा करने के लिए दिन -रात मेहनत करते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष उप प्राचार्य प्रो. दयानिधि सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना गांधी जी के विचारों का मूर्त रूप है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र यादव ने किया। संचालन डॉ. श्यामलाल यादव व धन्यवाद डॉ.अनिल तिवारी ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, शुभम, विनोद विश्वकर्मा, आकाश गौतम सहित छात्र-छात्रा उपस्थिति रहे।

# चिकित्सक नहीं होने से शो पीस बना पीएचसी अमदहा




**नौगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदहां में नियुक्त चिकित्सक डा.एसएम एजाजुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ से सम्बद्ध किए जाने से वर्षों से आयुर्वेद के फार्मासिस्ट के सहारे अस्पताल चल रहा है, जिससे करीब एक दर्जन गांवों के रहने वाले लोगों को बीमारियों का ईलाज झोलाछाप डॉक्टरों से करवाना पड़ रहा है।

बताते हैं कि गोलाबाद, मरवटिया, बोदलपुर, नौडिहवां, अमदहां, चरनपुर, भगेलपुर, नरकटी, धौठवां, हिनौतघाट, खुटहड़, सेमरिया ईत्यादि गांवों को नजदीकी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए 10 बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया, जिसमें बनाए गए 06 कोरोना बेड को अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। नियुक्त एलटी राकेश कुमार से एचआरपी व नसबंदी के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ मे सेवाएं ली जाती है। अस्पताल में आयुर्वेद की दवाओं का अभाव होने से नियुक्त फार्मासिस्ट अनिल सिंह को मरीजों का ईलाज व एलोपैथिक दवाओं का वितरण किए जाने की जिम्मेदारी दिया गया है। अस्पताल व आवासीय परिसर में पानी मुहैया कराने के लिए बनाई गई पानी टंकी वर्षों से क्षतिग्रस्त हाल में होने से हैण्डपम्प का आयरन युक्त गंदा पानी का उपयोग करना पड़ रहा है।

अस्पताल परिसर में इण्टरलांकिंग नाकाफी होने व साफ सफाई के अभाव में घास फूस से अटा पटा है, जिससे सर्प बिच्छू ईत्यादि जहरीले जंतुओं को काट लेने का भय बना रहता है। ग्रामीण अमरनाथ, सुनील कुमार, रामनाथ, कैलाश, विजयी, निर्मल, भरथ, योगेश कुमार, अमित, कलावती, सुशीला, कौशल्या, रूपवंती, गुड़िया, संगीता, अतवारी, फूलकुमारी, सरिता आदि का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदहां का बनाया गया भवन शो पीस बन कर खड़ा है। जहां पर नियुक्त चिकित्सक को ड्यूटी से नदारद रहने से ईलाज के लिए मरीजों को जाने पर कागजी खानापूर्ति कर के नाममात्र दवाएं उपलब्ध करा दी जाती है, जिससे बीमारी को ठीक नहीं हो पाने पर नजदीकी झोलाछाप डॉक्टरों से दवा उपचार कराने में काफी धन भी ब्यय हो जाता है। चिकित्सा अधीक्षक डा.अवधेश कुमार सिंह पटेल का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदहां व उप केन्द्रों का संचालन विभागीय दिशा निदेशों के अनुरूप नियमित जारी है। सृजित कई पदों पर नियुक्ति नहीं होने से अतिरिक्त कार्यों का निर्वहन भी कुछ स्वास्थ्य कर्मियों को करना पड़ रहा है। जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदहां में नियुक्त चिकित्सक को अवमुक्त कर अपने मूल नियुक्ति स्थल पर भेजा जाएगा।

# देश में युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगारः जितेंद्र कुमार

जनसंदेश न्यूज



हरीपुर में पीडीए जन पंचायत को संबोधित करते पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार।

**शहाबगंज।** क्षेत्र के हरीपुर गांव में रविवार को पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े दलितों अल्पसंख्यकों की दुश्मन है। इसके साथ ही भाजपा सरकार द्वारा लगातार बाबा साहब का अपमान किया जा रहा है। इसके साथ ही भाजपा बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करना चाहती हैं। जिसे समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। बाबा साहब के संविधान से पिछड़े वर्ग के लोगों को नौकरियों में भागीदारी नहीं दी जा रही है।

आरक्षित पदों पर सामान्य वर्ग की भर्तियां की जा रही हैं। वहीं सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष जमील अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार हिटलरशाही और तानाशाही रवैये का प्रतीक बताते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, व्यापारी जीएसटी की गलत नीतियों से परेशान हैं, और महंगाई चरम पर है। वहीं, महिलाओं के खिलाफ अपराध और सत्ता पक्ष के लोगों की संलिप्तता पर भी सवाल उठाए गए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रभु नारायण यादव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नीलम बियार छात्र सभा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बाबूलाल यादव महमूद आलम, टोनी खरवार, त्रिभुवन चौहान, सुरेंद्र चौहान, विनोद यादव, नीलम वियार, रिंकू यादव, अरसद खान आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता जमुना खरवार व संचालन मुश्ताक अहमद ने किया।

### सीओ व थाना प्रभारी ने मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**चकिया।** महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए हेतिमपुर गांव में स्थित बाबा जागेश्वर नाथ धाम लगने वाले मेले की तैयारियों का रविवार की सायं सीओ राजीव सिसोदिया व थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने मंदिर के गर्भगृह सहित आसपास की जगह पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग, पेयजल बिजली की व्यवस्था, लगने वाली दुकानों के बाबत जानकारी हासिल की। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि मंदिर तक पहुंचने वाले तीनों प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग लगाना सुनिश्चित करें जिससे भारी वाहनों को अंदर प्रवेश न दिया जा सके। थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था ड्रोन कैमरा के निगरानी में रहेगा जिसकी मार्केटिंग स्वयं मेरे द्वारा की जाएगी उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पीएसी और महिला पुलिस बल्कि व्यवस्था भी की गई है साथ ही बाबा जागेश्वर नाथ सेवा समिति से जुड़े वालंटियर गर्भ गृह दर्शनार्थियों को दर्शन कराने में सहयोग करेंगे। इस दौरान एसआई अभिनव गुप्ता, अरविंद सिंह, ग्राम प्रधान राजेश भारती, पुजारी अनूप गिरी, रामभरोस जायसवाल, भरत माली, राजेश यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# यूपी बोर्डः जनपद के 82 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 60560 परीक्षार्थी

**चंदौली।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही है। परीक्षा को शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में कुल 82 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 60560 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे, जिसमें हाईस्कूल के 3884 एवं इंटर के 29712 परीक्षार्थी शामिल हैं। पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा को नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की ओर से 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 82 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। इसे लेकर रविवार को जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इसके अतिरिक्त शासन ने जनपद के प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों की चौबीस घण्टे सुरक्षा हेतु पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्रों की रात्रि निगरानी हेतु अधिकारी नियुक्त किये गये हैं एवं विभाग की ओर से भी रात्रि भ्रमण हेतु टीम गठित की गयी है। सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के प्रधानाचार्य ही केन्द्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से नियुक्त किये गए हैं। पहली बार बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे हाईस्कूल के विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह व तनाव दोनों देखने को मिला। परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर कक्षाओं में चस्पा डेस्क स्लिप को देखा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर वॉयस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। परीक्षा केन्द्रों के निगरानी हेतु प्रदेश स्तर, मंडल स्तर व जनपद स्तर पर महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज चन्दौली में कंट्रोल रूम में स्थापित है। कंट्रोल रूम के निगरानी हेतु जिला प्रशासन की ओर से अधिकारी नियुक्त हैं और सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसके साथ ही जनपद स्तर पर शिक्षा विभाग की ओर से सचल दल का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस बल भी नियुक्त किये गये हैं। परीक्षा में स्मार्ट वॉच या इस तरह का कोई उपकरण लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

# स्पोर्ट्स

चैंपियन ट्रॉफी

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

## कोहली के 'शतकीय धमाके' से पाकिस्तान हुआ तबाह



**दुबई।** भारत का आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी अभियान जारी है। भारत ने रविवार को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 6 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 242 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर चेज किया। विराट कोहली के 'शतकीय धमाके' में पाकिस्तान तबाह हुआ। उन्होंने 111 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने पाकिस्तान से हिसाब बराबर कर लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने भी इस टूर्नामेंट में भारत से तीन मैच जीते हैं। भारत ने साथ ही 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में हार का बदला ले लिया।

इससे पहले, पाकिस्तान टीम टॉस जीतने के बाद 49.4 ओवर में 241 पर ढेर हो गई। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 62 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें चौके शामिल हैं। उन्होंने शकील के साथ तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। बाबर आजम ने 26 गेंदों में 23 रन बटोरे। उन्होंने पांच चौके मारे। इमाम-उल-हक 10 ने और सलमान आगा ने 19 रनों का योगदान दिया। खुशदिल शाह ने सातवें नंबर पर उतरने के बाद 39 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

उन्होंने दो छक्के लगाए। तैयब ताहिर (4) और हारिस राउफ (8) दहाई अंक में नहीं पहुंचे जबकि शाहीन अफरीदी का खाता नहीं खुला।

भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट चटकाए। हर्षित राणा, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक-एक शिकार किया। पाकिस्तान के दो प्लेयर रनआउट हुए।

## कोहली ने वनडे में पूरे किए 14,000 रन

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले गए मुकाबले में अपनी पारी के दौरान एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कोहली ने वनडे क्रिकेट में 14,000 रन पूरे कर लिए और वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में रन के इस आंकड़े तक पहुंचने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के इस रिकॉर्ड को तोड़कर यह महारिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट कोहली ने वनडे में अपने 14,000 रन 287 पारियों में पूरे किए और उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन तेंदुलकर ने वनडे में ये कमाल 350 पारियों में किया था, लेकिन अब कोहली ने ऐसा 287 पारियों में करते हुए पहले स्थान पर आ गए। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुमार संगकारा हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में 14,000 रन 378 पारियों में पूरे किए थे। कोहली वनडे में सबसे तेज 14,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज तो बन गए, लेकिन इससे पहले वो क्रिकेट के इस प्रारूप में सबसे तेज 8000, 9000, 10000, 11000, 12000, 13000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। हालांकि वनडे में इसके बाद यानी 15000, 16000, 17000 और 18000 रन सबसे तेज बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर दर्ज है। वनडे में विराट कोहली 14,000 रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए और वो सचिन तेंदुलकर व कुमार संगकारा की खास लिस्ट में शामिल हो गए। कोहली से पहले वनडे में 14,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा ही हैं।

## ओपनर के तौर पर सबसे तेजी से 9000 वनडे रन पूरा करने वाले बल्लेबाज बने रोहित

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे मैच के दौरान एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। रोहित ओपनर के तौर पर वनडे में सबसे तेजी से 9000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। रोहित छठे सलामी बल्लेबाज हैं जो इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं। रोहित से पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (15310 रन), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (12740), वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल (10179), ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट (9200) और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली (9146) इस एलीट सूची में शामिल हैं। रोहित ने भले ही यह उपलब्धि हासिल कर ली, लेकिन वह इस मैच में ज्यादा रन नहीं बना सके। भारत को पांचवें ओवर में 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने एक बार फिर फुलर लेंथ गेंद पर रोहित को क्लीन बोल्ड किया। यह वही गेंद थी, जिस पर रोहित 2021 टी20 विश्व कप में शाहीन की गेंद पर आउट हुए थे। रोहित सबसे तेजी से ओपनर के तौर पर 9000 रन बनाने की उपलब्धि तक पहुंचे हैं। उन्होंने इस स्थान पर खेलते हुए 181 पारियों में ही ऐसा किया। रोहित ने इस मामले में पूर्व हमवतन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जिनके नाम इससे पहले ओपनर के तौर पर सबसे तेजी से 9000 रन वनडे पूरे करने का रिकॉर्ड था। सचिन ने 197 पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। इससे पहले पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ रोहित ने 11000 वनडे रन पूरे किए थे। रोहित इस उपलब्धि पर 261 पारियों में पहुंचे थे। वह दूसरे बल्लेबाज थे जिन्होंने वनडे में सबसे तेजी से 11000 रन पूरे किए थे। उनसे आगे विराट कोहली हैं जिन्होंने 222 पारियों में ऐसा किया था।



## पंत और अर्शदीप को फिर प्लेइंग इलेवन में नहीं मिली जगह

### कप्तान के फैसले पर क्या बोले सुनील गावस्कर



**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा ग्रुप ए मुकाबला रविवार को खेला गया। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली जीत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भी उसी प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतरने का फैसला किया। ऋषभ पंत, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह और वाशिंगटन सुंदर जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी एक बार फिर बेंच पर बैठे नजर आए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इस फैसले पर अपनी राय दी है। सुनील गावस्कर का मानना था कि धीमी पिच को देखते हुए मौजूदा टीम संतुलित है और शमी की शानदार गेंदबाजी को देखते हुए किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हर्षित राणा ने भी पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उन्हें बाहर करना उचित नहीं होता। गावस्कर ने ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए कहा, 'वे बदलाव क्यों करेंगे? यह एक धीमी विकेट है और उनके पास जीत का फामूला है। एक बदलाव वे वरुण चक्रवर्ती को लाकर कर सकते थे लेकिन मोहम्मद शमी ने पिछले मैच में 5 विकेट लिए और हर्षित राणा ने कुछ भी गलत नहीं किया।' भारत और पाकिस्तान आखिरी बार 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़े थे। उस मैच में पाकिस्तान ने भारत को करारी शिकस्त दी थी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारतीय टीम 158 रन पर ऑल आउट हो गई थी। फखर जमान ने उस मैच में शतक जड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में चोटिल होकर फखर टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। पाकिस्तान ने उनकी जगह इमाम उल हक को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया। भारतीय टीम ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर ही बांग्लादेश को हराया था। वहीं पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला अपने घरेलू मैदान कराची के नेशनल स्टेडियम पर खेला था। पाकिस्तान की पिच बैटिंग के लिए आसान होती है। वहां दूसरी पारी के दौरान ओस भी आती है। वहीं दुबई की स्थिति बिल्कुल अलग है। यानी धीमी पिच पर रन बनाना आसान नहीं होता।

### वनडे में भारत के लिए कैच पकड़ने के मामले में सभी से आगे निकले कोहली

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बल्लेबाजी के अलावा फील्डिंग में भी अपना लोहा मनवाते हैं। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे मैच में एक खास उपलब्धि अपने नाम कर लिया है। कोहली भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले फील्डर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान को 222 रन के स्कोर पर आठवां झटका दिया। कुलदीप की गेंद पर नसीम शाह ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन कोहली ने कैच लपका और उन्हें पवेलियन भेजा। नसीम 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने इस कैच को पकड़ने के साथ ही अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा दिया।

# वनडे में लगातार 12वीं बार टॉस हारा भारत

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला जारी है। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यह लगातार पांचवीं बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भी टॉस गंवाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में भी यह सिलसिला जारी रहा। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। भारत ने 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-ए का अपना पहला मुकाबला भी जीता था।

भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 12वां टॉस गंवाया है। टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में टॉस गंवा चुकी है।

इस दौरान भारत ने पिछले 11 वनडे मैचों में से छह जीते हैं, जबकि चार में हार मिली है। एक मैच टाई रहा है। वनडे में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने के मामले में भारत ने नीदरलैंड को पीछे छोड़ दिया। भारत अब इस अनचाहे रिकॉर्ड में सबसे आगे है। नीदरलैंड की टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 वनडे में टॉस हारी थी। वहीं, आईसीसी के नियमित सदस्य देशों में भारत के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं।

भारत के खिलाफ महामुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। चोटिल फखर जमां की जगह इमाम उल हक खेल रहे हैं। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। रोहित ने कहा कि वह टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का ही फैसला लेने वाले थे। इसलिए टॉस हारने का उन्हें नुकसान नहीं हुआ है।

### स्वावलंबन के गुण : अरुण यादव

**सुइथाकला।** फरवरी माह का अंतिम शनिवार क्षेत्र के बेसिक के तमाम स्कूलों में मस्ती की पाठशाला के तहत बाल मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान अभिभावकों और अपने गुरूजनों की सहभागिता से बच्चों ने मेले का आयोजन कर खूब मस्ती की।

इसी कड़ी में क्षेत्र का इंग्लिश मीडियम प्राथमिक स्कूल सदरूद्दीनपुर में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मेले का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन करते हुए बतौर अतिथि शिक्षक अरूण यादव ने मेले को बच्चों में स्वावलंबन के गुण आने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, व्यावहारिक और व्यवसायिक गुणों में वृद्धि होती है। मेले में पानी पूरी, टिकिया चाट पकौड़ी, चने कुरूमुरे के साथ ही मौसमी फलों, गुब्बारे आदि की दुकानें आकर्षण का केन्द्र रहे। पानी पूरी की दुकानें देख मानों गुरू जनों और अभिभावकों के भी मुंह में पानी आ गया। लोगों ने छककर पानी पूरी का मजा लिया।

# शिव बारात में किसी पार्टी या जाति पर न बजे गाना

**बैठक**

**महाशिवरात्रि पर शिव बारात पर ड्रोन से रखी जायेगी नजर**

**शिव बारात पर उपद्रव करने वालो पर होगी कठोर कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज



सकलडीहा कोतवाली में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक करते सीओ।

**सकलडीहा।** कोतवाली में महाशिवरात्रि पर शिव बारात को लेकर रविवार को डिप्टी एसपी रघुराज के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजको के साथ कोतवाली में बैठक हुई। इस दौरान सीओ रघुराज ने कहा कि महाशिवरात्रि पर अराजक तत्वों पर खास नजर रहेगी। किसी भी हाल में कानून हाथ मे लेने वालों को बख्शा नही जाएगा। इसके साथ ही शिव बारात पर ड्रोन से नजर रखी जायेगी।

सीओ रघुराज ने कहा कि महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के चतुर्भुजपुर स्थित प्राचीन स्वयंभू बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर पर दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ती है। इसको देखते हुए वहा बैरिकेटिंग और वाहन पार्किग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही महिलाओ और पुरुषों का अलग-अलग प्रवेश द्वार होगा। रेलवे लाइन के पास मंदिर होने के कारण बड़ी संख्या मे लोग ट्रैक पार करते है। इसलिए वहा भी पुलिस तैनात रहेगी। वही शाम को सकलडीहा कस्बा और चतुर्भुजपुर में निकलने वाली शिव बारात में अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए ड्रोन से नजर रखी जायेगी। इसके साथ ही अगर शिव बारात में किसी पार्टी व जाति के पक्ष में गाना बजाया गया तो डीजे को जब्त कर आयोजक पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होगा। इस दौरान कोतवाल हरिनारायण पटेल, राणा प्रताप यादव, देव कुमार चौबे, बंटी सिंह सहित आयोजक रहे।

## संक्षेप

### माहपुर में केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण, दिये जरूरी निर्देश

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत माहपुर गांव में रविवार को केंद्रीय टीम द्वारा जलजीवन मिशन की पानी टंकी, पाईपलाईन, जलापूर्ति, स्वच्छता व गुणवत्ता सहित पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर, अन्नपूर्णा खाद्यान्न भंडार सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छ जल की निर्वाध रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया। माहपुर, गद्दोपुर, गढ़वा एवं परवा राजस्व गांवों के ग्रामीणों की स्वच्छ जल की आपूर्ति को परखा एवं उसकी गुणवत्ता का निरीक्षण किया। पंचायत भवन में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने गद्दोपुर सहित कुछ अन्य हिस्सों में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत की। इसपर अधिकारियों ने मौके पर जाकर पाइपलाइन का निरीक्षण किया एवं तकनीकी खामियां तलाशने की कोशिश की। केंद्रीय टीम के साथ जल निगम के एक्सियन रामदयाल, डीसी स्वच्छ भारत मिशन विवेक शुक्ला, ए ई जल निगम सहित ग्राम प्रधान जगदीश चौहान, सचिव वीरेंद्र प्रसाद, लेखपाल मदन राम, मोहम्मद आरिफ खां, राजकुमार चौहान, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, दुर्ग विजय राजभर, संतोष सिंह मिंटू, सेवक चौहान, मुन्नू खां, मटरू यादव, रूपेश पण्डेय एडवोकेट, पिंटू शर्मा, अरविंद चौहान, विधिचन्द्र चौहान आदि सैकड़ो ग्रामवासी मौजूद रहे।

### हुड़दंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : रविंद्र भूषण

**चुनार।** कोतवाली परिसर में रविवार को महाशिवरात्रि त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महाशिवरात्रि मंडलीय क्षेत्र के के सदस्य गण मौजूद रहे। कोतवाल ने कस्बा के से निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर विशेष सतर्कता बरतें के लिए चौकी प्रभारी को निर्देश दिए। सभी पदाधिकारीयों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि डीजे पर कोई अश्लील या भड़काऊ गाना नहीं बजाया जाएगा। कोतवाल ने चेतावनी दी की हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता, कौशलेंद्र गुप्ता, गंगेश्वरनाथ, ग्राम प्रधान मवैया दिनेश कुमार चौबे, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, अदालपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह, चकगंभीरा चौकी प्रभारी शेषधर सिंह, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सुमित सिंह, रामजी यादव, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### खोए हुए गहनों और रुपयों से भरा बैग महिला को सौंपा

**राजगढ़।** सोनभद्र जनपद के करमा थाना क्षेत्र के बनरदेवां गांव निवासी एक महिला अपने बहन के घर शादी में गई हुई थी। वहां से वह शनिवार की सुबह अपनी कर से अपने घर लौट रही थी कि जैसे ही वह स्थानीय विकासखंड के शक्तेसगढ़ स्थित परमहंस आश्रम के पास पहुंची ही थी कि उसका गहनों और पैसों से भरा बैग गिर गया और उसे कुछ भी पता नहीं चला। इस दौरान चुनार की तरफ से भदोही जनपद की खम्हरिया गांव निवासी सुशील यादव पुत्र श्याम लाल यादव अपनी बाइक से आ रहे थे कि रास्ते में पड़ा हुआ एक बैग को उठा लिया। राजगढ़ की तरफ जाते समय राजगढ़ स्थित पुरानी पुलिस चौकी के पास राजगढ़ पुलिस को बैग को सौंप दिया। पुलिस ने खोए हुए बैग के स्वामी को बड़ी मुश्किल से खोजकर महिला को बुलाकर उसके सामने बैग को खुलवाकर दिखाया, जिसमें महिला ने कहा कि मेरा सभी आभूषण और रुपए है।

# संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही भाजपा: जितेंद्र यादव

**चंदौली।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत से विधानसभा मुगलसराय के सेक्टर चौरहट में जन पंचायत का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सपा नेता जितेन्द्र यादव जितू ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट जनहित में नहीं है। बीजेपी संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। कहा कि आगामी चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। भाजपा की ओर से मतदाताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। भाजपा सरकार में सभी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। महंगाई चरम पर है। इस सरकार में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। लेकिन सरकार द्वारा इन सभी मुद्दों पर काम नहीं किया जा रहा। कार्यक्रम का आयोजक वीरेंद्र प्रधान ने किया। इस मौके पर गुलशेर अरशद सिद्दीकी, बाबूलाल यादव, सिद्धांत जयसवाल, नफीस अहमद गुड्डू, दिलीप पासवान ,जगदीश मास्टर, गोलू उपाध्याय, सुदामा यादव आदि उपस्थित रहे।



चौरहट में पीडीए पंचायत कार्यक्रम में शामिल सपा के नेता।

# हर्षोल्लास के साथ मनी संत गाडगे की जयंती

**जौनपुर।** धोबी समाज कल्याण समिति द्वारा रविवार को केराटकोट (केरारवीर मन्दिर) स्थित नवनिर्मित श्री संत गाड्गे धोबी धर्मशाला प्रांगण में संजय कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में जयंती समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा संत गाड्गे की प्रभातफेरी प्रातः 10 बजे से भण्डारी स्टेशन से आरम्भ होते हुये नगर के मुख्य मार्गो सुतहट्टी चौराहा, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलन्दगंज से होते हुये केरारवीर नवनिर्मित श्री संत गाडगे धोबी धर्मशाला स्थित प्रभातफेरी का समापन के साथ सभा के रुप में परिवर्तित हुआ। तत्पश्चात श्री संत गाडगे की तस्वीर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण द्वारा माल्यार्पण किया गया। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरिश चन्द्र यादव, व विशिष्ट अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, शैलेन्द्र कुमार कनौजिया एसडीएम सदर, अजीत कुमार रजक सीओ केराकत, मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, दिनेश टण्डन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, निखिलेश सिंह पूर्व अध्यक्ष श्री दुर्गा महासमिति, अस्मिता सेन खण्ड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज द्वारा पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर सभा का शुभारम्भ हुआ इस अवसर पर जनपद के अन्य गणमान्य सहित भारी संख्या में स्वजातिय बन्धु उपस्थित रहे। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिश बन्द्र यादव ने कहा कि आज समाज जागरुक हो चुका है सरकार सभी समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में अपना महत्पवूर्ण योगदान दे रहा है। अतिथि के रुप में उपस्थित ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा संजय कन्नौजिया के मार्गदर्शन पर समाज को आगे लाने के लिए जिस तरह से लगे हुए हैं मैं संजय कन्नौजिया जी को बधाई देता हूं साथ ही हमारे द्वारा जो भी योगदान होगा उसमें मैं हर सम्भव मदद के लिए तैयार रहूंगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार कन्नौजिया ने कहा कि आज समाज जाग उठा है और संगठित है जो समाज के हित में कार्य करेगा । कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार कन्नौजिया एवं कार्यक्रम में आये हुए समस्त अतिथियों का आभार प्रदेश अध्यक्ष संजय कन्नौजिया ने किया।

# संत निरंकारी ने बलुआ घाट पर की साफ सफाई

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर शतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से 75वां आजादी के अमृत महोत्सव प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन को ध्यान रखते हुए बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में सन्त निरकारी मिशन के चहनियां, धानापुर, डेढ़ावल, रामगढ़, टाण्डाकला ब्रांच के करीब 200 सेवादारों द्वारा साफ सफाई किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बलुआ घाट पर सर्वप्रथम प्रार्थना किया गया।

फिर सेवादारों ने बलुआ बाजार होते हुए पूरे पश्चिम वाहिनी घाट की साफ सफाई किया। इस दौरान मुखी डॉ.नीलम राम ने बताया कि यह कार्यक्रम अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। मिशन का उद्देश्य मानव से मानव प्रेम करे, जो आज दिख नहीं रहा है। हर मनुष्य के प्रति मानवता दिखाना,लोगो से प्रेम से बात करना हम सबका उद्देश्य है। ये तभी खत्म होगा जब हम अपने अंदर परिवर्तन लाये। आज इंसान के अंदर इंसानियत खत्म हो गयी है। सबसे पहले लोगो को नशे से दूर रहना होगा। क्योंकि नशा भी मानवता, संबंध खत्म करने में अहम भूमिका निभाता है। अपने घरों के आसपास साफ सुथरा रखे। इस दौरान जय सिंह, सुनील मुखी, बीरेन्द्र मुखी, छोटेलाल, हरिश्चन्द्र, मुकेश सिंह, जोखन, राजनाथ आदि सेवादार उपस्थित रहे।

# फाइनल मुकाबले में 14 रनों से जीती ढोढियां की टीम

**कमालपुर।** क्षत्रिय स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित ग्रामीण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच में पूर्वांचल व बिहार के बीच खेला गया। इस दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया। शनिवार सुबह सेमी फाइनल का मैच ढोढ़ीयां बनाम डीडीयू नगर के बीच मैच खेला गया। डीडीयू नगर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में आल आउट होकर 58 रन बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए ढोढ़ीयाँ ने सातवें ओवर में मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल का मैच ढोढ़ीयाँ बनाम अटउली के बीच खेला गया। ढोढ़ीयाँ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 132 रन बनाया और 14 रनों से मैच जीत लिया।

मुख्य अतिथि डॉ पीएन सिंह नमन चाइल्ड केयर सकलडीहा ने विजेता टीम को 31000 हजार व कप उपविजेता टीम को 15000 हजार व कप देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ पीएन सिंह ने कहा कि खेल बच्चों में सकारात्मक आत्म-सम्मान पैदा करते हैं, क्योंकि खेलों में भाग लेना तनाव को कम करने और शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती की भावना को बढ़ाने का बहुत मददगार तरीका हो सकता है। इस मैच के दौरान अम्पायर का मुख्य भूमिका निभाते हुए दीपक सिंह और मोनू सिंह, राठी स्कोरर एस दुबे कमेंट्री बिट्टू मेजर ने किया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष कृष्णा नन्द, प्रदीप सिंह अमित दुबे, प्रतिक सिंह, ज्ञानेश सिंह, आनंद सिंह, सुभाष सिंह, मोहित सिंह, सन्नी सिंह, लालू बाबा आदि लोग उपस्थित रहे।



विजेता ट्रॉफी के साथ ढोढिया क्रिकेट टीम के खिलाड़ी।

# क्षतिग्रस्त मार्ग से दुर्घटनाएं होती हैं बार-बार



ओंकार तिवारी

वाराणसी। नगर निगम प्रशासन जनता की मूलभूत सुविधाएं मुहैया करा पाने में कितना सफल है। वार्ड में जनता को यह व्यवस्था मिल पा रहा है कि नही। जनसमस्याओं के प्रति चुने गए पार्षद अपने-अपने वार्डो की समस्याओं को पुरजोर ढंग से उठाते रहते है या नही।

समस्या का कितना निदान होता है, होता भी है या नही। वार्ड की जनता को किस-किस समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है। उनकी दुश्वारियों को दूर करने में नगर निगम और वार्ड के पार्षद कितनी रूची लेते है। विभाग जनता की समस्याओं को सुन रहा है या नही अगर संज्ञान में लेता है तो उसके निस्तारण हेतु त्वरित कार्रवाई कर रहा है या नही। इन तमाम सवालो को लेकर जनसंदेश टाइम्स जनता के बीच पहुंच रहा है।

कार्यक्रम के आठवें क्रम में वार्ड नंबर 61, जगतगंज से। इस वार्ड की सबसे बड़ी समस्या सम्पूर्णान्द - चौकाघाट रोड़ पर नाला की सफाई नही होने से अक्सर लोगों के घरो का

**वार्ड नं 61, जगतगंज**

**नाले की सफाई में कोताही, जाम होता सीवर**

**दूषित जल की आपूर्ति से परेशान लोग**

**लोग बोले,नही है हैंडपम्प कहां जाएं हम?**

सीवर जाम होता रहता है। जिसके कारण पियरियां पोखरी इलाके में आए दिन प्रदूषित पेयजलापूर्ति होती रहती है और जनता परेशान है जबकि जगतगंज-रामकटोरा रोड़ पर क्षतिग्रस्त मार्ग को नही बनाये जाने से बार-बार दुर्घटनाएं होती है लेकिन नगर निगम को कोई ध्यान नही है।

क्षेत्रीय लोगों ने कई बार जलकल और सामान्य विभाग से इसे बनाने की मांग की लेकिन दोनों विभाग एक-दूसरे की जिम्मेदारी बता लोगों को गुमराह कर रहे है। जिससे मुख्य मार्ग होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं। कभी आटों पलट जाया करता है तो कभी बाइक और सामान रखा ट्राली भी उलट जाता है लेकिन कोई सुध लेने वाला नही है।

नागरिको का कहना है कि क्षेत्र में पेयजल कम दबााब में आता है। जिससे लोगों को पानी लेने के लिए घरों के बाहर आना पड़ता है, जहां से पानी ढोना पड़ता है लेकिन इसका कोई समाधान नही होता है। जिससे लोग पानी ले सके। इस बारे में भी अधिकारियों को सुध लेना चाहिए। जिससे पानी के लिए किसी को कोई परेशानी नही उठानी पड़े। वार्ड के जगतगंज और पियरिया पोखरी में स्टीट लाइटे नियमित नही जलता है। जिसके कारण रात्रि में अंधकार बना रहता है और लोगों को दिक्त्तो का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि गर्मी शुरू होने वाला है और वार्ड में हैंडपम्प नहीं है आखिर पानी पीने के लिए कहा जाए हम?




**वार्ड में शामिल मोहल्ले-** जगतगंज, तेलियाबाग, पियरिया पोखरी, लक्ष्मीपुरा कालोनी, कैलाशगढ कालोनी, रामपुरी कालोनी, दास नगर कालोनी, रघुबीर कालोनी, रोडवेज के आस-पास।

**वार्ड अनुमानित आबादी-**50 हजार के आस-पास

**अनुमानित बोटरो की संख्या-**19 हजार आस-पास

**वार्ड की विशेषताएं-** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय और क्वीस कालेज

**सर्वाधिक जटिल समस्याएं-** क्षतिगस्त मार्ग, नाला में मलवा, दूषित जल



**निदान के क्या हुए उपाय-** सम्पूर्णानन्द-चौकाघाट रोड़ के मेन रोड़ पर नाला सकरा है मलवा भरा रहता है जिससे लोगों का सीवर भी आए दिन जाम हो जाया करता है, पत्रक दिया गया लेकिन निस्तारण नही हुआ।

**किस उपकेंद्र से मिलती है बिजली-** चौकाघाट उपकेंद्र से।

**रोजाना कितने घंटे होती है आपूर्ति-**ठीक- ठाक।

**पेयजल की स्थिति-**कम दबाब और प्रदूषित जल की आपूर्ति।

**नियमित कूड़ा उठ पाता है या नहीं-** नियमित।




जगतगंज-रामकटोरा मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त है। दुर्घटनाए होती रहती है, जलकल और सामान्य विभाग एक दूसरे के जिम्में का बहाना बनाकर गुमराह करता है लेकिन समस्या का निस्तारण नही होता।



स्वतंत्र वर्मा

गर्मी शुरू होने वाला है और वार्ड में हैंडपम्प नहीं है। पानी के लिए काफी दिक्त्ते होगी लेकिन किसी को कोई सुध नही है। आखिर पानी पीने के लिए कहा जाए हम?



सुवंती देवी

सीवर का चेम्बर चूहा खराब कर दे रहा है। जिसके कारण आए दिन मेनहोल ओवरप्लो होने लगता है ओर सीवर समस्या से लोग परेशान है।



रनर्स अप-शिवशंकर चौहान

क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटे खराब है, रात्रि में अंधकार व्याप्त रहता है। जिसके कारण लोग परेशान है नही पार्षद देखते है और न तो नगर निगम ही ध्यान देता है।



सुनील यादव

कम दबाब में पानी आता है लोगों को दिक्त्ते होती है, लोग परेशान है कोई हाल जानने वाला नही है। समस्या का समाधान नही होता।



मालती देवी

सम्पूर्णानन्द-चौकाघाट मार्ग पर नाला की सफाई नही होती है,जिससे लोगों के घरो का सीवर जाम होता रहता है। नगर आयुक्त और महापौर को अवगत करा दिया हूं।



पार्षद- सिद्धनाथ शर्मा

# मिनी सदन में 15सौ करोड़ का बजट पास



**अनुमोदन**

**नगर निगम को 1282 जलकल को 248 करोड़ के आय-व्यय की स्वीकृति**

**वंदेमातरम के बाद राष्ट्रगान नहीं होने पर महापौर ने ली क्लास**

**सदन में पूर्व पीएम और पूर्व पार्षद को दी गई श्रद्धांजलि**

वराणसी। गहमागहमी के बीच नगर निगम के मिनी सदन में रविवार को 15सौ करोड़ का बजट पास हुआ। महापौर अशोक तिवारी की अध्यक्षता में टाऊनहाल में कई घंटे चली बैठक में नगर निगम के लिए 1282 करोड़ और जलकल हेतु 248 करोड़ रूपये का आय-व्यय स्वीकृति हुआ। इस दौरान शहर में उत्कृष्ट कार्य किए जाने वाले लोगों और समाजिक संस्थाओं को जहां 5 लाख रूपये योगदान देने और उन्हें सम्मानित किए जाने का निर्णय किया गया ,वही शराब ,होटलों और ज्वलनशील पदार्थो से अपेक्षा से कम आय होने पर इसकी सही गिनती



कराने की मांग उठा। बैठक में भूजल स्तर बनाए रखने और कुओं की सफाई के साथ छायादार किए जाने ,और जलकल में सरचार्ज माफी का मुद्दा उठा। इस दौरान शिक्षण संस्थानों के मद में एक करोड़ से कम कर एक लाख किए जाने पा आपत्ति की गई। सदन में विज्ञापन के आय को बढाने की मांग उठी। इस अवसर पर पूर्व प्रधामंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व पार्षद को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि दी गई। बैठक में उपसभापति नासिंह दास, अमरदेव यादव,सुरेश चौरसियां, राजेश चल्लू, बृजेश श्रीवास्तव, रामआसरे मौर्य सहित नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, सविता यादव, जलकल महाप्रबंधक सहित नगर निगम के अधिकारी उापस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर रखें पेयजल टैंकर : शर्मा

**निर्देश**


**सीवर ओवरप्लो की न हो समस्या, लगातार मार्गो का करें निरीक्षण**

**सफाई पर कोताही, सड़कों के पैच वर्क में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

**नगर विकास मंत्री ने की महाशिवरात्रि और होली की तैयारियों की समीक्षा**

वाराणसी। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर जहां पेयजल टैंकर रखे जाने का निर्देश दिया है, वही सीवर ओवरप्लो की समस्या और सफाई पर कोताही और सड़को के पैच वर्क में लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी हैं। इसको लेकर नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा रविवार को अचानक काशी पहुंचे।

सर्किट हाऊस में नगर निगम अधिकारियों के संग बैठक की और त्योहार के दृष्टिगत शहर में महाशिवरात्रि, होली एवं प्रयागराज महाकुंभ के दृष्टिगत काशी में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा सुनिश्चित कराने तथा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के शिवालियों के आस-पास उत्कृष्ट/ विशेष साफ-सफाई कराए जाने, मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने, सड़कों के पैच वर्क को तत्काल कराने, शिवालियों के आस-पास एवं संपूर्ण मार्गो में कहीं पर भी वाटर लीकेज सीवर ओवरफ्लो की समस्या ना हो इस हेतु संबधित अधिकारी को मार्गो का लगातार निरीक्षण करते हुए आनेवाली समस्याओं को व्यवस्थित किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर सभी शिवालियों पर आवश्यकतानुसार पेयजल की टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने और अधिकारियों से जिम्मेदारी से कार्य किए जाने को कहा है।



इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा और नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता एक कदम



**बोले डॉ. सुधांशु त्रिवेदी**

**भाजपा की संगोष्ठी में केंद्रीय बजट पर की चर्चा**

वाराणसी। भाजपा की तरफ से कमिश्नरी सभागार में केंद्रीय बजट पर आयोजित संगोष्ठी में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं गईं। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ता एक कदम है।

उन्होंने कहा कि जो लोग ये कहते है कि कुंभ से अर्थव्यवस्था का क्या संबंध है तो मैं उन्हें बताना चाहुंगा कि अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ का योगदान कुंभ का है। भारत की जीडीपी में अकेले एक प्रतिशत का योगदान कुंभ का है। उन्होंने केंद्रीय बजट को पीएम मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना के तहत 54 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा है। उन्होंने मुद्रा लोन और स्टार्टअप इंडिया योजनाओं की भी सराहना की, जिससे युवाओं और छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए 15 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे रेलवे, सड़क, हवाई अड्डे और बंदरगाहों के विकास को गति मिलेगी। केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि, शिक्षा आदि क्षेत्रों के लिए प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। कुछ ताकतें आज भी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन हमें भरोसे के साथ आगे बढ़ना है। स्वागत क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल व संचालन महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने किया।

संगोष्ठी में जिपं अध्यक्ष पूनम मौर्या, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, अनिल श्रीवास्तव, संतोष सोलापुरकर, नंदजी, नवीन कपूर, प्रवीण सिंह, जगदीश, संजय सोनकर, सुरेश सिंह, सुरेंद्र पटेल आदि थे।

## शाइन सिटी के नाम पर एक और ठगी का मामला

वाराणसी। प्रॉपर्टी में निवेश करवाने के नाम पर साइन सिटी के ठगी का एक और मामला सामने आया है। आरोप है कि साइन सिटी इन्फ्रा टेक नाम की कंपनी ने निवेशकों से लाखों रुपये लेकर उन्हें ठगा और फिर अपना कार्यालय बंद कर फरार हो गई।पीड़ित निवेशकों में अवधेश कुमार जायसवाल ने इस संबंध में कैट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके दामाद अमितेश कुमार को एफटीसीएलटी रिटर्न कंपनी में नौकरी के दौरान साइन सिटी इन्फ्रा टेक के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी मिली। कंपनी के निदेशक नसीम अहमद और आशिफ ने राजा तालाब स्थित काशीयायन प्रोजेक्ट में निवेश का प्रस्ताव दिया और आश्वासन दिया कि यह निवेश बेहद लाभदायक होगा। कंपनी द्वारा यह कहा गया कि निवेश की गई रकम पर नियमित किस्तों में भुगतान किया जाएगा और कुछ वर्षों में संपूर्ण राशि के साथ अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा.शुरूआत में निवेश के बदले कंपनी ने नियमित रूप से किस्तों का भुगतान किया, जिससे निवेशकों को कंपनी पर भरोसा हो गया। 2014 से 2017 के बीच कई बार 22,537 रुपये की किस्तें दी गईं। लेकिन इसके बाद अचानक भुगतान बंद हो गया। जब निवेशकों ने संपर्क किया तो उन्हें टालमटोल किया जाने लगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने कंपनी के नेटसर स्थित कार्यालय का दौरा किया, तो वहां ताला लगा मिला। कंपनी के निदेशक और अन्य अधिकारी भी लापता बताए जा रहे हैं। पीड़ित निवेशकों का आरोप है कि कंपनी ने जानबूझकर उन्हें ठगने की साजिश रची और करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गई।

# रात्रि पर्यंत इन मंदिरों में होता है शिव-पार्वती विवाह

**आस्था**

**लावा परछाई की रस्म के साथ ही चारो पहर मउरा सजाने की भी है परम्परा**

**इन्हीं मंदिरों में कुछ शिव भक्तों द्वारा हर माह की जाती है शिवरात्रि की पूजा**



अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। काशी न सिर्फ त्रैलोक्य से न्यारी है, बल्कि आस्था के महाकुम्भ से परिपूर्ण है। देश भर में जहां वर्ष में एक बार ही शिवरात्रि मनाने का विधान है वहीं काशी में हर माह शिवरात्रि मनाए जाने की परम्परा निभायी जा रही है। इसका बीड़ा उठाया बाबा में अटूट आस्था रखने वाले कुछ भक्तों ने। बीस साल पूर्व बाबा के कुछ भक्तों की ओर शुरू हुआ यह पूजन अब परम्परा में तब्दील हो गयी। माह के कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी पर आयोजित होने बाली शिवरात्रि के पूजन की अलख जगाने वालों का मानना है माह में एक रात्रि बाबा को समर्पित कर देने से आर्थिक, मानसिक, शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। काशी सात बार नौ त्योहार चाली नगरी है, और इस स्थान के कण-कण में भगवान शंकर विराजमान है। तो उनकी आराधना से कैसे दूर हुआ जा सकता है। शिवरात्रि के रूप में रात्रिपर्यंत पूजन का विधान है चारो पहर के पूजन के बाद सूर्योदय से कुछ क्षण पूर्व उत्तर पूजन किया जाता है। शिवरात्रि का पूजन कराने वाले आचार्य वेद प्रकाश मिश्र कलाधर बताते हैं कि सनातनी संस्कृति संस्कृति में तीन रात्रियां अत्याधिक महत्वपूर्ण होती हैं। जिनमें मोह रात्रि, काल रात्रि व शिवरात्रि इन तीनों रात्रियों में शिवरात्रि जैसी कोई रात्रि नहीं क्योंकि शिव हो एक ऐसे देवता हैं जो बहुत जल्द प्रसन्न होते और मन मांगा वरदान देते हैं। वर्ष में एक शिवरात्रि के महत्वपूर्ण है क्योंकि इस रात्रि मां पार्वती विवाह सम्पन्न हुआ था।



**कैसे करते हैं पूजन :** भग के मंदिर में शाम से ही उपस्थित होकर दूध, दही, शहद, चंदन, गंगाजल, इत्र, जनेऊ, पान, लौंग, इलायची, नारियान, मिष्ठार, फल, सुगंधित पुष्प से भगवान आशुतोष का श्रृंगार कर हर मंदिर से लोग मध्यमेश्वर हो जाते हैं वहीं से सभी प्रसाद लेकर अपने घर को रवाना होते हैं।

**विवाह में देरी होने पर चढ़ाते हैं मौर :** विवाह में देरी पर चढ़ाये मौर शिवरात्रि भगवान आशुतोष के विवाहोत्सव की रात्रि होती इसलिए फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष को शिवरात्रि जिसे सबसे बड़ी शिवरात्रि मानी जाती है इस रात्रि भगवान शिव को मौरा (सेहरा) अर्पण करने से विवाह में आने वाली सभी अड़चने दूर होती है।



अनिल अरोड़ा



विवेक



ओमप्रकाश



बबलू गुरु

**इन मंदिरों में होता है शिव पार्वती विवाह**

- मध्यमेश्वर महादेव (मैदागिन)
- महाकालेश्वर महादेव (दारानगर)
- त्रिलोचन महादेव (गायघाट)
- सोमनाथ महादेव (मीरघाट)
- मल्लिकार्जुन महादेव (सिगरा)
- आत्मविश्वेशर महादेव (सिंधिया घाट)
- रामेश्वरम महादेव (मीरघाट)
- ओमकालेश्वर महादेव (कोयला बाजार)
- घुश्मेश्वर महादेव (कमच्छा)
- त्रम्बकेश्वर महादेव (गोदौलिया)

**मउरा सजाने से लगायत लावा परछायी तक**

इन सभी मंदिरों में शिवभक्तों की ओर से रात्रि पर्यंत चारो पहर भगवान आशुतोष का चार पहर का श्रृंगार किया जाता है इसके साथ ही चारो पहर भगवान शिव को विवाह के लिए मउरा भी सजाया जाता है, इसके साथ ही लग्ननुसार एक बार लावा परछने की भी परम्परा निभायी जाती है। विभिन्न फूलों से पूरा गर्भगृह सजाने के साथ ही चारो पहर की आरती और विभिन्न पकवानों का भोग भी भगवान शिव व माता पार्वती को अर्पित किया जाता है।